ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी 11:54
उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 4 जून 2025
वर्ष 3, अंक 284, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार



भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत 12

बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा की अध्यक्ष 14

# अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20% आरक्षण

## पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा कोटा

- आयु में तीन वर्ष की छूट के साथ सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी समेत सभी वर्गों पर लागू
- अग्निवीरों को इतने आरक्षण की व्यवस्था देने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि इस निर्णय से न केवल पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिले, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल मिले। कैबिनेट में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन को रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। गौरतलब है कि, अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे।

इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। खास बात यह कि जहां केंद्र सरकार और हरियाणा और ओडिशा जैसे कई राज्यों ने केवल 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर बड़ा उदाहरण पेश किया है।

इस निर्णय की जानकारी लोकभवन में पत्रकारों से साझा करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि यह आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर होगा। उन्होंने कहा कि आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी।



**पासिंग आउट परेड :** 197 अग्निवीर जवानों ने 31 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। मंगलवार को वाराणसी के गोरखा ट्रेनिंग सेंटर में सभी ने कर्तव्य पालन की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में जवानों के कदमताल से ट्रेनिंग कैंपस गूंज उठा।

### योगी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण
- पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति
- तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को स्वीकृति
- दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति का लाभ प्रदान करने को मंजूरी
- नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत
- एक जिला-एक उत्पाद योजना की नई नीति 2.0 को मंजूरी मिली
- शहरों में हरियाली को बढ़ावा देने को अर्बन ग्रीन नीति पर मुहर

### अपने घर को बना सकेंगे पर्यटकों के लिए स्टे होम, योजना स्वीकृत

**लखनऊ।** अगर आपका वन रूम सेट फ्लैट या मकान खाली पड़ा है तो इसे आप पर्यटकों के लिए स्टे होम बनाकर मुनाफा कमा सकते हैं। राज्य सरकार ने कैबिनेट से मंगलवार को जिस नीति को हरी झंडी दिखाई है उसके तहत अब धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से 750 रुपये तक जबकि शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कैबिनेट में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दी गई। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। पर्यटक लगातार 7 दिन तक यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल कराना होगा। अनुमति डीएम और एसपी-एसएसपी की अगुवाई वाली कमेटी देगी।

## पाकिस्तान ने आठ घंटे में ही टेक दिए थे घुटने

पुणे, एजेंसी



- सीडीएस चौहान बोले-नुकसान नहीं बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन नई दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। कहा कि पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा था लेकिन भारत उसे आठ घंटे में ही घुटने पर ला दिया।

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में संबोधन में जनरल चौहान ने यह बात स्वीकार करने के लिए हो रही अपनी आलोचना को खारिज किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रारंभिक चरण में भारत ने बड़ी संख्या में लड़ाकू जेट विमान खो दिए। उन्होंने कहा कि जब मुझसे हमारी क्षति के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, यह महत्वपूर्ण है। सीडीएस ने कहा कि युद्ध में यदि नुकसान भी होता है, तो आपको अपना मनोबल बनाए रखना होता है। कहा कि नुकसान नहीं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं।

जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद पर नकेल कसी जाए। संघर्ष विराम पर कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटे तक जवाबी कार्रवाई करने की योजना बनाई थी, जो आठ घंटे में ही धराशायी हो गई। भारत के हमलों के चलते पाकिस्तानी पक्ष ने बातचीत की इच्छा जताई। चौहान ने कहा कि 10 मई की रात करीब एक बजे पाकिस्तान ने 48 घंटे में भारत को शिकस्त देने का लक्ष्य बनाया और हमले किए।

### एक नजर

#### संसद के विशेष सत्र की संभावना नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिन्दूर या आपातकाल के 50 साल पूरे होने के मौके पर संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की कोई संभावना नहीं है, अलबत्ता अगले माह शुरू होने वाले मानसून सत्र में इन दोनों विषयों पर किसी स्वरूप में चर्चा हो सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार संसद का मानसून सत्र, आगामी आठ या 10 जुलाई से शुरू हो कर अगस्त मध्य तक चलने की संभावना है। मानसून सत्र में करीब एक माह का समय रह गया है। इसलिए ऑपरेशन सिन्दूर हो या आपातकाल के 50 वर्ष, अलग से सत्र बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

#### आतंकियों से संबंध रखने में तीन कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर सहायक को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया गया। तीनों जेल में बंद हैं।

#### ओडिशा में विस्फोटकों के गोदामों पर छापा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुलिस ने मंगलवार को तीन जिलों में विस्फोटकों के गोदामों पर छापेमारी कर विस्फोटक अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक दिन पहले सुरक्षाबलों ने सुंदरगढ़ जिले में माओवादियों द्वारा लूटी गई 2.5 टन से अधिक विस्फोटक बरामद किया था।

## छह लड़कियां यमुना में डूबीं, 4 की मौत

- मंगलवार को आगरा जिले के थाना सिकंदरा क्षेत्र में हुआ हादसा
- मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन, दो की हालत गंभीर

आगरा, एजेंसी

आगरा जिले में मंगलवार की सुबह हुए एक बड़े हादसे में यमुना नदी में नहाने गईं छह लड़कियां डूब गईं। इनमें से दो लड़कियों को बचा लिया गया जबकि चार अन्य की डूबने से मौत हो गई।

यह हादसा थाना सिकंदरा क्षेत्र के ग्राम नगला नाथू में हुआ। मृत लड़कियों की आयु नौ से 18 साल के बीच बताई गई है। सभी एक ही परिवार के भाइयों की संतानें थीं। मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन थी। स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें नदी से निकाला। बचाई गई दो लड़कियों की हालत गंभीर है, उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे से पूरा गांव शोकाकुल है।

बताया गया है कि थाना सिकंदरा के गांव नगला नाथू की 7-8 लड़कियां सुबह 10 बजे के करीब यमुना नदी में नहाने पहुंच गईं। यह गांव नदी से बमुश्किल आठ सौ मीटर दूर है। लड़कियों ने नदी किनारे मोबाइल फोन से रीलें भी बनाईं। नदी में नहाने के दौरान लड़कियां गहरे पानी में डूबने लगीं, उनका शोर सुनकर थोड़ी दूर स्थित खेतों मे काम कर रहे किसान नदी की ओर दौड़ पड़े। गांव के ही कुछ गोताखोरों ने लड़कियों को बचाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, तब तक चार की सांसें थम चुकी थीं। मृत लड़कियां एक ही परिवार के भाइयों की बेटियां थीं और आपस में चचेरी बहनें थीं।

### रास्ता खराब होने से नहीं पहुंच सकी एंबुलेंस

सूचना पर जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी और एडीशनल पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन दो लड़कियों को बचाया गया, उन्हें प्रभा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गांव का रास्ता ठीक न होने के कारण एंबुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। लोगों को निजी बाइक से ही लड़कियों को अस्पताल ले जाना पड़ा।

## मोदी करेंगे छह को कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का लोकार्पण

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था।

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले और इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात प्रधानमंत्री का केन्द्रशासित प्रदेश में पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं।

## घर में सो रहे बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

संवाददाता, बहराइच

- मंगलवार सुबह एक खेत से बरामद हुआ क्षत-विक्षत शव
- बीते साल इसी इलाके में भेड़ियों ने मचा रखा था आतंक

**अमृत विचार :** बहराइच जिले में महसी तहसील के गदामार कलां गांव में घर में सो रहे दो वर्षीय बच्चे को भेड़िया उठाकर ले गया, जिसका क्षत-विक्षत शव मंगलवार सुबह एक खेत से बरामद हुआ है।

मृत बच्चे की मां खुशबू ने बताया कि सोमवार की रात दो साल के आयुष एवं बेटी के साथ हम लोग घर के बरामदे में सोए हुए थे, तभी भेड़िए बच्चे को उठा ले गए। हम पीछे-पीछे गए लेकिन भेड़िए ने बच्चे को छोड़ा नहीं। सुबह गन्ने के खेत में आयुष का शव मिला। मृत बच्चे के पिता प्रमोद ने बताया कि भेड़िए ने बच्चे के दोनों हाथ एवं एक पैर खा लिए हैं। वन विभाग को ड्रोन कैमरे में दो सियारों की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं, जबकि बच्चे के माता-पिता एवं ग्रामीणों का दावा है कि तीन भेड़िए आकर बच्चे को घर से उठाकर ले गए और मारकर उसके शरीर के कई अंग खा लिए।

जानवरों के कथित हमले का यह मामला उसी इलाके का है जहां गत वर्ष भेड़िए के हमले का प्रकोप था। गत वर्ष बहराइच के महसी तहसील में घाघरा नदी के कछार में स्थित 50 गांवों में भेड़ियों की दहशत थी। 17 जुलाई 2024 से सितंबर माह तक सात बच्चों समेत आठ लोगों की जंगली जानवरों के हमलों से मौत हो गई थी जबकि करीब तीन दर्जन लोग घायल हुए थे।

प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अजीत प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि बीती रात करीब 12-एक बजे सूचना मिली कि महसी तहसील के गदामार कलां गांव से कोई जानवर एक बच्चे को उठा ले गया है।

तलाशी अभियान चलाया गया, सुबह पांच बजे गन्ने के एक खेत में बच्चे का शव मिला। पूरी टीम लगाकर बारीकी से निरीक्षण करने पर शव के निकट संदिग्ध पदचिह्न दिखे, जो सियार के थे। बच्चे का शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है तथा सात टीम बनाकर तलाशी एवं जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

## सशस्त्र बल कर्मियों की गोपनीयता बनाए रखें

- मीडिया कवरेज पर रक्षा मंत्रालय ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया को आगाह किया कि वरिष्ठ सशस्त्र बल कर्मियों और उनके परिवारों की जरुरत से ज्यादा मीडिया कवरेज से उनकी सुरक्षा को जोखिम हो सकता है इसलिए उनकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय भारतीय सशस्त्र बलों की गतिविधियों को कवर करने में मीडिया की निरंतर रुचि और समर्थन की सराहना करता है।

मीडिया की भागीदारी जनता को सूचित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की बेहतर समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के संदर्भ में, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी लोगों की नज़रों में आए हैं। बयान में कहा गया कि मंत्रालय के ध्यान में आया है कि पेशेवर कवरेज अधिकारियों और उनके परिवारों के निजी जीवन तक पहुंच गया है।

## नीट-पीजी परीक्षा 2025 तीन अगस्त को कराने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी अनुमति

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नीट-पीजी, 2025 परीक्षा को 15 जून की जगह शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में आयोजित करने के लिए अनुमति मांगी है।

एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह परीक्षा को सुबह नौ बजे से अपराह्न 12:30 बजे के बीच आयोजित करेगा। एनबीई की याचिका में अन्य बातों के अलावा शीर्ष अदालत से नीट-पीजी 2025 को तीन अगस्त को निर्धारित करने की अनुमति मांगी गई है, जो इसके प्रौद्योगिकी साझेदार यानी 'मेसर्स टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड' (टीसीएस) द्वारा दी गई सबसे पहले उपलब्ध तिथि है। याचिका में न्यायालय द्वारा 30 मई, 2025 के आदेश द्वारा पारित निर्देशों के अनुसार परीक्षा आयोजित करने का हवाला दिया गया है।

याचिका में कहा गया है कि एनबीई ने पहले 15 जून को निर्धारित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) को स्थगित करने का फैसला किया था, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे दो पाली के बजाय एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश दिया था। 30 मई को सुप्रीम कोर्ट ने दो पाली में परीक्षा आयोजित करने की राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) के निर्णय की आलोचना की थी।

### आईपीएल के नए चैंपियन



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल-2025 का फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार, विराट कोहली और अन्य खिलाड़ी। बेंगलुरु ने पंजाब को 6 रनों के अंतर से हराकर 18 साल बाद लीग का खिताब अपने नाम किया है। उसे यह सफलता 18 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली। • एजेंसी

## सरकार ने नियुक्त किए 12 अपर महाधिवक्ता

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट में करेंगे सरकार के मामलों की पैरवी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से पैरवी के लिए 12 अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

इस आशय की सूचना विशेष सचिव लोकेश नागर ने प्रदेश के महाधिवक्ता के साथ-साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक और लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक को भेजी है। इलाहाबाद के लिए सात जबकि लखनऊ पीठ के लिए कुल पांच अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किए गए अधिवक्ताओं में वरिष्ठ अधिवक्तागण अमित सक्सेना व अनूप त्रिवेदी के साथ अधिवक्तागण दुर्गाविजय सिंह, महेंद्र नारायण सिंह, राहुल अग्रवाल, संजीव सिंह व कार्तिकेय सरन शामिल हैं। जबकि लखनऊ के लिए अधिवकतागण अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योत्सना पाल व सूर्यमणि सिंह रैकवार को बतौर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।


# अनुष्ठान का श्रीगणेश, देव प्रतिमाओं का किया गया शुद्धिकरण

## राम मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन विधि-विधान से हुआ पूजन, प्रथम तल की तस्वीरें आईं सामने

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय चरण में प्रथम तल पर राम दरबार समेत परकोटा के छह देव स्थलों पर मंगलवार को अनुष्ठान शुरू हुआ। मुख्य विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने सभी देव पीठ स्थलों पर सुबह 6:30 से विधि-विधान पूर्वक पूजन शुरू किया, जो पांच जून को सुबह 11 बजे तक होगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार पर मुख्य



ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को जारी की गई राममंदिर के प्रथम तल की तस्वीर।

यजमान के रूप में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने वैदिक आचार्यों के साथ पूजन कराया। अलग-अलग देवालायों में गर्भगृह को वैदिक आचार्यों ने पवित्र जल समर्पित कर मूर्तियों का शुद्धिकरण कर अनुष्ठान प्रारंभ किया। पहले दिन यज्ञशाला में 51 वैदिक आचार्य के द्वारा देवी पूजन, षोडश मात्रिका व सप्त मात्रिका पूजन, योगिनी पूजन, वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, नवग्रह पूजन, यज्ञकुंड संस्कार, अरणि मंथन व 1975 मंत्रोच्चारण से यज्ञकुंड में अग्नि स्थापन, कुश कंडिका, प्रणिता प्रोक्षनी स्थापन, अग्नि सिंचन के बाद पंच वारुणी हवन से पूजन किया जा रहा है। इसके बाद पीठ स्थापित देवताओं का आह्वान व पूजन किया जाएगा, फिर मूर्तियों के संस्कार की विधि शुरू होगी।

### ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बोले-प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आएं

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। दर्शन करने को ही आएं।

### अनुष्ठान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना रहा वर्जित

राम मंदिर परिसर में आयोजित द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कर्मकांड आचार्य से लेकर इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में लगे कर्मचारियों तक को मोबाइल व अन्य किसी भी प्रकार का समान ले जाना वर्जित किया गया है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे अनुष्ठान पर निगरानी रखी जा रही है।

# फिर शिखर पार करने को बेताब सोना-चांदी

शैलेश अवस्थी, कानपुर

- उतार-चढ़ाव के बीच तेजी से बढ़ रहे हैं दाम
- 22 अप्रैल को लखटकिया बना था सोना और चांदी

**अमृत विचार।** सोने और चांदी के भाव फिर से ऊंचाई की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले 15 दिन में चांदी कोई पांच हजार रुपये किलो और सोने के चार हजार प्रति 10 ग्राम बढ़ गए हैं। अनुमान है कि सोना और चांदी शीघ्र ही फिर रिकार्ड तोड़ सकते हैं।

28 मार्च 2025 को चांदी 1,0,4000 रूपये प्रति किलो पहुंच कर अपने सर्वोच्च भाव पर थी। इसी तरह 22 अप्रैल को सोना अपने सभी रिकार्ड तोड़ता हुआ 1,0,450 प्रति 10 ग्राम पर जा चढ़ा था। निवेशकों की बल्ले-बल्ले थी, लेकिन इसके बाद दोनों ही धातुओं के दाम गिरने लगे। 1 मई को चांदी 95800 रुपये पर आ गिरी तो 17 मई को सोना 95650 आ गया था। इसके बाद दोनों के दाम बढ़ने लगे। मंगलवार को चांदी 1,03,250 रुपये किलो और सोना 99500 रुपये 10 ग्राम पर पहुंच गया। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री राम किशोर मिश्र का कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच गंभीर हालात और अस्थिरता के चलते दोनों धातु फिर तेजी की ओर हैं। अपने रिजर्व फंड के लिए केंद्रीय बैंक भी फिर तेजी से सोना खरीद रहे हैं। इस कारण भाव तेजी की ओर हैं। उनका मानना है कि शीघ्र ही सोना और चांदी फिर अपने भाव के रिकार्ड तोड़ेंगे। सोने की खरीदारी में समझदारी है। पांच महीने में ही सोने के भाव 20 हजार रुपये से अधिक बढ़े हैं।

### सोने के भाव का उतार-चढ़ाव

22 अप्रैल को सोना 1,0450, 30 अप्रैल 98300, 1 मई को 95650, 6 मई 99600, 12 मई 95800, 17 मई 95650, 31 मई 97800, 3 जून 99500 रुपये प्रति 10 ग्राम।



### ये रही चांदी की चाल

22 अप्रैल 98000, 30 अप्रैल 98300, 1 मई 95800, 6 मई 98800, 12 मई 96500, 17 मई 98200, 31 मई 99800, 3 जून 1,03,250 रुपये प्रति किलो।



### मोटा मुनाफा

1 जनवरी 2025 को सोना 78600 रुपये का 10 ग्राम था और अब 99500 का। यानि लगभग पांच महीने में 20900 का मुनाफा। इसी तरह 1 जनवरी को चांदी 88600 और अब 1,03, 250 रुपये किलो। यानि लगभग 14 हजार का फायदा।

## आटो में सवार महिला की चेन लूट ली

**कानपुर।** चकेरी के गांधी ग्राम स्थित त्रिमूर्ति मंदिर के पास आटो में सवार महिला की बाइक सवार चेन लूट ले गए। पीएसी मोड़ निवासी सत्येंद्र सिंह बैंक कर्मी हैं। उनकी पत्नी छाया सिंह मंगलवार दोपहर अपनी बेटी के साथ आटो से रामादेवी जाने के लिए निकली थीं। तभी गांधी ग्राम जीटी रोड स्थित त्रिमूर्ति मंदिर पर चालक ने किसी काम से आटो रोका। इसी बीच पीछे से आए बाइक सवार दो लुटेरे किनारे बैठी छाया के गले में झपट्टा मारकर चेन लूटकर भाग निकले। घटनास्थल से 50 मीटर दूर एक गेस्ट हाउस में पुलिस अधिकारी पीस कमेटी की बैठक कर रहे थे। जिसमें डीसीपी पूर्वी, एडीसीपी पूर्वी, एसीपी चकेरी, समेत कई थानों का फोर्स था।

# 11 साल बाद डीजीपी के आदेश पर कारोबारी की रिपोर्ट दर्ज की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुंबई के कारोबारी ने शिखर केमिकल्स से किया फ्राड

**अमृत विचार।** मुंबई के एक व्यापारी ने माल हड़प लिया। जिसे आजतक नहीं दिया। संपर्क करने पर बहाना बनाकर टरकाता रहा। पुलिस ने भी सुनवाई नहीं की है। इस पर गोविंदनगर के केमिकल कारोबारी ने डीजीपी से गुहार लगाई। तब जाकर 11 साल भटकने के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई।

गोविंदनगर के ओ-ब्लॉक निवासी केमिकल कारोबारी संजीव जैन शिखर केमिकल्स के मालिक हैं। उन्होंने बताया कि संजय केमिकल्स इंजीनियरिंग लिमिटेड ने मुंबई से ट्रांसफर ऑफ डाक्यूमेंट के आधार पर 16 टन टाउलिन विदेश से आयात किया था। कानपुर में इसकी कस्टम ड्यूटी 2.80 लाख रुपये जमा करके माल का स्वामित्व हासिल किया। 11 साल पहले जिसे उन्होंने संजय केमिकल्स के अधिकृत ट्रांसपोर्टर रायल कैरियर को उनके कहने पर माल पहुंचाने की जिम्मेदारी दी थी। संजय केमिकल्स के मालिक संजय परमार ने खुद 60 दिन की उधारी पर इनवाइस बनाकर भेजा। एडवांस पेमेंट मांगने पर उन्होंने पोस्ट डेटेड चेक कोरियर से भेज दीं। जो उन्हें प्राप्त हो गई थीं। इसके बाद कस्टम ड्यूटी भी जमा करवा दी, लेकिन संजय ने डिलीवरी जारी नहीं की और 36 हजार का डैमरेज शुल्क भी लगा दिया। बाद में पता चला कि उन्होंने किसी को उनका माल दे दिया है। आरोप है कि संजय परमार ने पोस्ट डेटेड चेक भी नहीं लौटाईं।

इस मामले में सुनवाई न होने पर वह भटकते रहे। फिर किसी माध्यम से डीजीपी से गुहार लगाई। जब जाकर कार्रवाई हुई। गोविंदनगर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पुराना मामला है, धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपों की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### कानपुर से कोलकाता के लिए फ्लाइट मांगी

**कानपुर।** अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने मंगलवार को नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से नई दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। कानपुर एयरपोर्ट के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। सांसद ने तीन प्रमुख मांगें रखीं। कहा कि कानपुर से नई दिल्ली के लिए सुबह और शाम दो नियमित उड़ानों का संचालन किया जाए। कानपुर से कोलकाता के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की जाए। तीसरी मांग रखी कि एयरपोर्ट की अधोसंरचना, रनवे विस्तार, टर्मिनल सुविधाओं में वृद्धि, पार्किंग व्यवस्था और तकनीकी उन्नयन से जुड़े विषयों पर ध्यान दिया जाए।

### डॉ. अनुष्का की छह घंटे कस्टडी रिमांड मंजूर

**कानपुर।** हेयर ट्रांसप्लांट की वजह से दो इंजीनियर की मौतों की जिम्मेदार डॉ. अनुष्का की छह घंटे की कस्टडी रिमांड मंजूर हो गई है। बुधवार सुबह 9 से दोपहर तीन बजे तक डॉ. अनुष्का पुलिस की रिमांड में रहेंगी। पुलिस इस बीच उन्हें रावतपुर स्थित क्लीनिक भी ले जा सकती है। क्लीनिक में काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ और सर्जरी से जुड़े साक्ष्य भी पुलिस जुटाएगी।

# रोहिंग्या-बांग्लादेशियों की तलाश में पुलिस

## एडीसीपी के नेतृत्व में झकरकटी के पीछे साईं पुरवा में ली गई तलाशी, असम राज्य के कई लोग रहते मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में रोहिंग्या साहिल के पकड़े जाने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हैं। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर शहर के 16 संदिग्ध स्थानों को चिह्नित कर रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की छानबीन तेज हुई है। इसी कड़ी में बांग्लादेशी व रोहिंग्या की तलाश में मंगलवार को एडीसीपी दक्षिण के नेतृत्व में बाबूपुरवा पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में झकरकटी के पीछे अवैध बस्ती साईं पुरवा में छानबीन की गई। यहां असम के कुछ लोग रहते मिले, जिनसे पूछताछ की गई। सभी ने अपने दस्तावेज भी दिखाए।

एडीसीपी महेश कुमार के अनुसार झकरकटी बस अड्डे के पीछे बनी अवैध बस्ती में भी कुछ लोगों के रहने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम के साथ तलाशी ली गई। सर्च अभियान के दौरान कई लोग दूसरे राज्यों के भी मिले। जो टोकरियां आदि बना कर बेचते हैं और गुजारा करते हैं। उक्त लोगों ने अपने दस्तावेज भी दिखाए। लोगों से कहा गया है कि संदिग्धों के बारे में जानकारी होने पर तत्काल सूचना दें। एडीसीपी ने बताया कि बस्तियों में जो भी रोहिंग्या-बांग्लादेशी मिलेगा उसे वापस भेजा जाएगा। यह अभियान लगातार शहर में चलेगा।



बस्ती में छानबीन करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार



रहने वालों के दस्तावेज भी देखे। अमृत विचार

### पुलिस को देखते ही दुखड़ा रोया

सर्च अभियान में एडीसीपी के नेतृत्व में जब पुलिस फोर्स बस्ती में पहुंची तो काफी लोग अपनी समस्या बताने भी पहुंच गए। बोले, साहब यह अवैध बस्ती है, उसके बाद भी इलाके के कुछ दबंग यहां रहने के बदले में वसूली करते हैं। लोगों ने अधिकारियों को कई लोगों के नाम भी बताए। पुलिस ने कार्रवाई की बात कही है।

### शहर में 16 स्थानों पर चलेगा सत्यापन अभियान

**कानपुर।** कुछ दिन पहले ही शुक्लागंज में रहने वाला रोहिंग्या मो. साहिल कोतवाली क्षेत्र में पकड़ा गया था। उसके बाद सुरक्षा एजेंसियां, पुलिस, इंटेलीजेंस, आईबी, एसटीएफ व एटीएस सक्रिय हो गई थी और शहर में रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की आशंका से पुलिस कमिशनर ने सत्यापन अभियान शुरू करने का आदेश दिया था। म्यांमार से आकर शुक्लागंज के शक्तिनगर में आठ साल से रह रहे रोहिंग्या मो. साहिल की पत्नी अजीदा, बच्चे, मां रोहिमा, बहन सहनवारा, भाई व उसकी पत्नी भी रहते मिले। डीसीपी ईस्ट के अनुसार आईबी और लोकल इंटेलीजेंस से मिली जानकारी के अनुसार कानपुर कमिश्नरेट में 16 स्थानों पर संदिग्ध लोग रह रहे हैं। यह संदिग्ध बांग्लादेशी व रोहिंग्या हो सकते हैं। उन सभी 16 स्थानों पर नागरिकों का सत्यापन कराने का सर्च अभियान शुरू हुआ है।

## सार-संक्षेप

### मालदा टाउन से वाया गोविंदपुरी आनंद विहार विशेष ट्रेन

**कानपुर।** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने मालदा टाउन से आनंद विहार टर्मिनल के मध्य विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस ट्रेन में सेकंड एसी 2, थर्ड एसी 6, स्लीपर 8, जनरल 4 व एसएलआर/डी 1, एसएलआर 1 कुल 22 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 03435 मालदा टाउन से 9,16,23 व 30 जून को चलेगी। गाड़ी संख्या 03436 आनंद विहार टर्मिनल से 10,17,24 जून व 1 जुलाई को चलेगी। गाड़ी संख्या 03435 मालदा टाउन से सुबह 9.30 बजे चलेगी। भागलपुर दोपहर 12.42 बजे, जमालपुर दोपहर 1.50 बजे, गया सायं 6.15 बजे, सासाराम सायं 7.45 बजे, गोविंदपुरी सुबह 6.05 बजे, टूंडला सुबह 9.30 बजे और आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) दोपहर 1.40 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03436 आनंद विहार टर्मिनल से दोपहर 3.45 बजे रवाना होगी। टूंडला सांय 7.35बजे, गोविंदपुरी (कानपुर) रात 2 बजे, प्रयागराज सुबह 5 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सुबह 8.15 बजे, सासाराम सुबह 9.38 बजे, गया सुबह 11.40 बजे, भागलपुर सायं 4.50 बजे, मालदा टाउन रात 9.05 बजे पहुंचेगी।

### भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करें

**कानपुर।** भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से छठ पर्व पर अवकाश व भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। मंगलवार को भोजपुरी समाज के लोगों के साथ लखनऊ पहुंचे गहमरी ने पाठक को ज्ञापन दिया। गहमरी ने कहा कि भोजपुरी दुनिया की सबसे मीठी बोली है। जो देश के कई प्रांतों सहित विदेशों में भी बोली जाती है। अबतक इसे संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। बहुत जल्द कानपुर में एक भोजपुरी महोत्सव होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सांसद मनोज तिवारी व अन्य नेता व कलाकार को निमंत्रण दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में डॉ. आनंद झा, प्रभात पाल, बिल्लू ठाकुर, छोटे लाल, गुड्डू सिंह, विनय सिंह, सोहन सिंह, घनश्याम आदि रहे।



ब्रजेश पाठक को ज्ञापन देते संतोष गहमरी।



अनवरगंज-मंधना रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करते सांसद और अधिकारी।

### एलिवेटेड ट्रैक के रास्ते से कब्जे हटाना शुरू

**कानपुर।** फर्रुखाबाद रेलवे मार्ग पर अनवरगंज स्टेशन से मंधना तक एलिवेटेड ट्रैक निर्माण के रास्ते में आने वाली 187 बाधाओं को दूर करने का काम शुरू हो गया है। जल्द ही इस ट्रैक का टेंडर होगा और कार्य आरंभ हो जाएगा। इस कार्य को 2027 तक पूरा करने की उम्मीद है। मंगलवार को सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथान, कानपुर सेंट्रल स्टेशन के उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष कुमार सहित कई रेल अधिकारियों के साथ अनवरगंज-मंधना ट्रैक का निरीक्षण किया। रेलवे अधिकारियों ने सांसद को बताया कि 16.25 किमी लंबे इस एलीवेटेड ट्रैक का निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा होगा जिसकी अनुमानित लागत 1000 करोड़ रुपये है। उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष कुमार ने बताया कि 18 फिट ऊंचा ट्रैक बनाया जाएगा जिससे जीटी रोड पर ट्रैफिक प्रभावित नहीं होगा। ट्रैक निर्माण के दौरान गाड़ियों को दूसरे रूटों से संचालित किया जाएगा।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आए दूसरे युवक की भी मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रविवार रात 100 की स्पीड में भाग रही कार ने रेवश्री के पास मारी थी टक्कर

**अमृत विचार।** वीआईपी रोड स्थित रेवश्री चौराहा पर रविवार देर रात हुए हादसे में दूसरे युवक रवि कुमार की भी हैलट में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के दौरान बाइक पर पीछे बैठे साथी आदित्य कुमार निषाद की पहले ही मौत हो चुकी है। परिजनों की तहरीर पर कोहना पुलिस ने कार मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

रेवश्री चौराहा पर रविवार देर रात हादसा हुआ था। हादसे में घायल मूलरूप से आगरा के बाहा बटेश्वर गांव निवासी 25 वर्षीय रवि कुमार की सोमवार देर रात हैलट में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि साथी कर्मचारी आदित्य की अस्पताल पहुंचते ही मृत्यु हो गई थी। कल्याणपुर के मकड़ीखेड़ा में रहने वाले सुनील कुमार ने बताया कि उनका भांजा रवि कुमार पत्नी ललिता देवी, बेटे अनमोल और नक्श के साथ उनके यहां रहता था। वह सिविल लाइंस स्थित वाइब रेस्टोरेंट एवं लॉज में काम करता था। रविवार देर रात करीब 1.30 बजे वह काम खत्म करके साथी कर्मचारी आदित्य को घर छोड़ने जा ही रहा था, तभी रेवश्री चौराहा पर करीब 100 की स्पीड में जा रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। टक्कर में कार की नंबर प्लेट टूटकर गिर गई थी। पुलिस ने दोनों घायलों को हैलट पहुंचाया था। जहां डॉक्टरों ने आदित्य को मृत घोषित कर दिया था। वहीं रवि कुमार की सोमवार रात मौत हो गई। कोहना के कार्यवाहक इंस्पेक्टर सतीश दुबे ने बताया कि कार मालिक पर गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।



कच्ची बस्ती में लगी आग।

## कच्ची बस्ती में आग से दो झोपड़ियां खाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात लगी आग से दो झोपड़ियां खाक हो गईं। झोपड़ी में रहने वाली महिला ने पड़ोसी के बेटे पर आग लगाने का आरोप लगाया। विवेकानंद विहार स्थित खाली प्लाट में झोपड़ी बनाकर राम प्रसाद व गुड्डन रहते हैं। पड़ोस की झोपड़ी में मोहम्मद हनीफ, उसकी पत्नी रेहाना बानो और बेटा कासिम रहता है। गुड्डन का कहना है कि सोमवार देर रात कासिम शराब के नशे में घर पहुंचा जिसका उसकी मां ने विरोध किया तो मां बेटे के बीच झगड़ा हो गया। कुछ देर बाद रेहाना ने आग लगने का शोर मचाया और अपने पति के साथ झोपड़ी से बाहर आ गई। पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और सबमर्सिबल के पानी से आग बुझाने की कोशिश की। थोड़ी देर में दमकल मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने पानी डालने के साथ झोपड़ियों में रखे गैस सिलिंडर निकालकर बाहर कर दिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग से झोपड़ी के अंदर रखी उनकी और रेहाना की गृहस्थी का सामान जल गया।

# महिला व्यापारियों को ट्रेंड करेगा कैट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कारोबार को डिजिटल रूप से आगे बढ़ाने के लिए कार्यशाला होंगी आयोजित
- कैट के पदाधिकारी और मेटा के अधिकारी करेंगे जागरूक, जुलाई से कार्यशाला

**अमृत विचार।** महिला व्यापारियों को अपना व्यापार डिजिटली आगे बढ़ाने के लिए जुलाई से कार्यशाला आयोजित होंगी। इन कार्यशालाओं में कैट के पदाधिकारी और मेटा के अधिकारी महिलाओं को कारोबार बढ़ाने के तरीके बताएंगे। डिजिटल कारोबार में आने वाली समस्याओं को हल करने के तरीके भी बताए जाएंगे।

कैट व मेटा की ओर से मंगलवार को व्यापार सखी कार्यक्रम लांच किया गया। दिल्ली में लांच हुए कार्यक्रम के तहत देश के 12 शहरों में यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम की लांचिंग में चांदनी चौक से सांसद व कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के बारे में कैट के पदाधिकारी पंकज अरोड़ा ने बताया कि देश भर में महिला-उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए इस कार्यक्रम को लांच किया गया है। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसे सात भारतीय भाषाओं में स्थानीय स्तर पर महिला व्यापारियों को डिजिटल प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

इसके अलावा डिजिटल स्टोरफ़्रंट स्थापित करने और प्रबंधन के लिए व्यावहारिक कार्यशालाएं होंगी। प्रमुख शहरों और उभरते व्यापारिक नगरों में कौशल विकास सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में वित्तीय स्वतंत्रता और समावेशी उद्यमिता पर विशेष बल दिया जाएगा।

समाज में बिखराव | बीवी की जिद मोबाइल रखेंगे और शौहर की जिद, नहीं रखने देंगे

# मियां-बीवी में शक पैदाकर तलाक करा रहे मोबाइल

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- ज्यादातर युवतियां अपने शौहर को अकेले लेकर रहना चाहतीं

**अमृत विचार।** कभी जमीन जायदाद, आपसी झगड़े के मामले शरई अदालत में आया करते थे लेकिन अब शरई अदालत में सबसे ज्यादा मियां बीवी के मध्य झगड़े का कारण मोबाइल सामने आ रहा है। मियां की जिद होती है कि बीवी मोबाइल नहीं रखेगी क्योंकि ये मायके बहुत बात करती है और मायके के कहने पर चलती है जिससे रोज झगड़ा होता है। जबकि बीवी शक की बुनियाद पर शौहर का मोबाइल चेक करने की कोशिश करती है जिससे दोनों के बीच झगड़ा और तलाक की नौबत आ रही है।

कुलीबाजार स्थित मदरसा इशाअतुल उलूम में मरकजी दारुल कजा की स्थापना की गई है जिसमें शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुददूस हादी की सरपरस्ती में उलेमा की टीम शरई अदालत में बैठती है और आने वाले सभी मामलात का हल कुरआन और हदीस की रोशनी में उलेमा निकालते हैं। शहरकाजी ने बताया कि ज्यादातर मियां बीवी के बीच तल्खी के पीछे मोबाइल आ रहा है। बीवी मोबाइल छोड़ना नहीं चाहती और शौहर बीवी को मोबाइल रखने नहीं देना चाहता। उन्होंने बताया कि लोग कर्ज लेकर धूमधाम से शादी करते हैं और बाद में कर्ज भरने में हालत खराब होती है। ऐसे में बीवी की जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं और फिर झगड़ा शुरू हो जाता है जिसका नतीजा तलाक तक पहुंच जाता है। इसी प्रकार बड़े पैमाने पर युवतियां खुला (महिला को तलाक लेने का शरई अधिकार) के लिए शरई अदालत में आ रही हैं। युवतियां बताती हैं कि मेरा शौहर खर्च नहीं उठा पा रहा है, इसलिए मुझे खुला चाहिए। हालांकि शौहर बार बार ये कहता है कि आजकल काम थोड़ा ढीला है लेकिन बीवी सुनने को तैयार नहीं है।



मरकजी दारुल कजा में मौजूद उलेमा। अमृत विचार

**पिछले चार वर्षों में शरई अदालत में मामले**

| वर्ष | तलाक | खुला | मोबाइल | खर्च समस्या | सुलह कराया |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021 | 18 | 2 | शून्य | 67 | 983 |
| 2022 | 7 | 9 | 5 | 21 | 318 |
| 2023 | 18 | 32 | 48 | 282 | 1238 |
| 2024 | 13 | 68 | 87 | 178 | 2172 |

### बकरीद के बाद प्रदेशस्तर पर अभियान

- जमीअत उलमा के प्रदेश महासचिव एवं शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस ने कहा कि कुरआन हदीस से दूरी और पश्चिमी सभ्यता की ओर ज्यादा आकर्षित होने के कारण मुस्लिम समाज में तेजी से बुराइयां फैल रही हैं। शराब, जुआ की लत भी लगने लगी है, ऐसे में बकरीद के बाद मुस्लिमों के बीच इस्लाहे मुआशरा (समाज सुधार) के नाम से अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मियां बीवी के बीच तलाक और आपसी झगड़े की वजह को सूचीबद्ध किया जा रहा है ताकि इसी प्वाइंट को फोकस करते हुए मुसलमानों को कुरआन व हदीस की रोशनी में सुधारा जा सके।

## क्रेडिट कार्ड से 91 हजार रुपये किए पार

**कानपुर।** क्रेडिट कार्ड पर प्रोटक्शन चार्ज बताकर साइबर ठग ने 91,465 रुपये पार कर लिए। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की है। अफीम कोठी स्थित कैलाश मोटर्स बिल्डिंग में रहने वाले सूर्य कुमार मिश्रा के अनुसार सोमवार शाम उनके मोबाइल पर फोन आया कि आपके क्रेडिट कार्ड पर प्रोटक्शन चार्ज लगा है। उसे हटाने के लिए कार्ड का नंबर पूछा। कुछ अन्य जानकारी मांगी। सभी चीजें बताने पर उसने फोन काट दिया। इसके कुछ देर बाद ही उनके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड से रुपये निकल जाने का मैसेज आया। फ्राड का संदेह होने पर उन्होंने तत्काल साइबर सेल व थाने में सूचना दी। पीड़ित ने रुपये वापस कराने की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

पहले मेरा नाम SAMI था अब मैने बदलकर MOHD SAMI रख लिया हूँ अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD SAMI S/0-ABDUL KARIM JAMALPUR GOSAINGANJ DIST-LUCKNOW (U.P)

**सूचना**

मेरा मूल बैनामा दस्तावेज जिसका बही नम्बर 01 सिलसिले नम्बर 643/912 दिनांक 07.01.1991 घर से ही कहीं खो गया है जो काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला, यदि भविष्य में मुझे मिल जाता हैं तब दस्तावेज को मै क्रेता श्री राजबहादुर यादव पुत्र हरचरन निवासी बिशुनीपुर बलरामपुर को वापस कर दूंगा उसका कही भी लोन आदि के लिए उपयोग कतई नहीं करूंगा। **जवाहर पुत्र सोहन, विशनीपुर, परगना, तहसील व जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित किया जाता है की मैं MERAJ AHAMED S/O SIDDIQ AHAMED **निवासी विकापुर 67 नीयामतपुर नोली दानापुर बाराबंकी** का रहने वाला हुं अब मै ने अपना नाम बदल कर MERAZ AHAMED रख लिया हैं। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

हम पति, पत्नी ने अपने पुत्र अब्दुल्ला व पुत्र वधू साजिया उनके बच्चों फरमान, अरहान से संबंध विच्छेद कर लिया है। उनके किसी भी अच्छे व बुरे काम से मेरा व मेरी पत्नी का कोई वास्ता नहीं है वह खुद के जिम्मेदार होंगे। इन सभी को मैने व मेरी पत्नी ने अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **-इरशाद खां पुत्र दिलदार खां व मैसर वेगम पत्नी इरशाद खां निवासीगण गांधी नगर वार्ड नं. -3 गौरी निवादा थाना गुरसहायगंज- कन्नौज।**

**सूचना**

हमारे पुत्र शुभम व उसकी पत्नी रूपा व दूसरे पुत्र विपिन व उसकी पत्नी सीतू का व्यवहार हम दोनों के प्रति बहुत ही खराब हो गया है, वह लोग हम दोनों को हर तरह से प्रताड़ित व अपमानित करते हैं जिससे पीड़ित होकर मैं अपने पुत्र शुभम व उसकी पत्नी रूपा व दूसरे पुत्र विपिन व उसकी पत्नी सीतू से सम्बन्ध विच्छेद कर उपरोक्त चारों लोगों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। आज से इनके कृत्यों व लेन देन से हमारा या हमारे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **छेदीलाल पुत्र बेचा व राजकुमारी पत्नी छेदीलाल निवासीगण हंस सिटी, घुरपुरी का तालाब, काकोरी, लखनऊ।**

**सूचना**

मैने अपने बेटे अजितेश सिंह (Ajitesh Singh) के नाम से 26-05-2023 को पॉलिसी संख्या 268258448 ली थी, अब सभी अभिलेखीय रिकार्ड में अजितेश का नाम हर्षवर्धन सिंह (Harsh Varhan Singh) कर दिया है। अतः दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, भविष्य में हर्षवर्धन सिंह के नाम से इनको जाना पहचाना जाएगा। **धनंजय प्रताप सिंह, निवासी-ग्राम सिसई पोस्ट सिसई (बेलसर) जनपद गोंडा। 271401, मो. 7905685123**

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नही।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

बादल छाए रहेंगे बूंदाबांदी व गरज के साथ बौछारे पड़ने की संभावना बनी रहेगी।

| 33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 : 59 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# 31 जुलाई तक हाउसटैक्स में छूट, नई लाइटें लगेंगी

## नगर निगम सदन की बैठक में रखे गए 11 प्रस्ताव पास, सफाई कर्मचारियों की भर्ती होगी, कर्मचारियों की कमी और खराब लाइटों पर पार्षदों का हंगामा

**नगर निगम सदन**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में वार्डों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये नये सफाई कर्मचारियों की भर्ती होगी। सफाई कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने के निर्देश नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने नगर निगम की सदन की बैठक में दिये। गृहकर में 31 जुलाई तक 10 प्रतिशत की छूट परसहमति बनी। खराब लाइटों के स्थान पर नई लाइटों को लगवाने के निर्देश नगर आयुक्त ने दिये। मार्गप्रकाश के अधिकारियों से कहा कि लाइटें समय से पहले खराब हो रहीं हैं इसलिये ठेकेदार कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाये। नगर निगम सदन की बैठक में रखे गये कुल 11 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास कर दिये गये। नामांतरण संशोधन संबंधी प्रस्ताव कोर्ट के फैसले के बाद ही लागू होगा।

बैठक में सबसे पहले पहलगाम में हुई आतंकी हमले में मारे गये लोगों और पार्षद महेंद्र पांडेय पप्पू व एक अन्य पार्षद की माता के देहांत पर 2 मिनट का मौन रखा गया। सदन की कार्रवाई शुरू हुई तो सबसे पहले भुगतान संबंधी पत्रावलियों पर विभागीय बजटशील एवं कमिटमेंट सील लगाने संबंधी प्रस्ताव रखा गया। इसमें पार्षदों ने कहा कि सील न लगी होने से यह ज्ञात नहीं हो पाता है कि जोनल स्तर पर कार्य के लिये बजट उपलब्ध है या नहीं। इस प्रस्ताव को सदन ने स्वीकृति देते हुये पास कर दिया और सुधार करते हुये एस्टीमेट से पहले सील लगाई जाए। पार्षदों द्वारा कहा गया कि बजट पास होने के बाद भी चर्चा नहीं हुई है। इसपर महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त ने कहा कि बजट को लेकर अलग से सदन बुलाया जायेगा। इसके बाद नये बन रहे पार्कों में बाउंड्रीवाल के बराबर एक बड़ा और छोटा गेट लगवाए जाने संबंधी प्रस्ताव रखा गया। प्रत्येक वार्ड में गली नंबर पता मोहल्ला बोर्ड व वार्ड अंकित करने के लिये पोल लगाने संबंधी प्रस्ताव रखा गया जिसे पास कर दिया गया।

**जो लाइटें दीं थी, उनमें आधी खराब हो गईः** अपर नगर आयुक्त मो. आवेश ने जैसे ही हर वार्ड में 30-30 लाइट लगाने संबंधी चौथा प्रस्ताव सदन में पेश किया पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि 55-55 लाइट दी जा चुकीं हैं। इसपर पार्षद हाजी सुहैल अहमद ने विरोध करते हुये कहा कि इसमें से आधी खराब हो गईं है। लाइटें ठीक नहीं हो रही हैं। भैरोघाट लाइटें सही होने जाती हैं तो गायब हो जाती हैं। पार्षद सुनील पासवान ने कहा कि लाइटों के नाम पर खेल हो रहा है। इसपर महापौर प्रमिला पांडेय ने मजाकिया अंदाज में कहा कि भैरोघाट जो जाता उसकी वापसी नहीं है।



नगर निगम सदन की बैठक में पार्षदों ने हंगामा किया। अमृत विचार

**01** अप्रैल से 31 जुलाई तक गृहकर में 10 फीसदी की छूट पर भी सहमति बनी। पुलों पर पतंग के मांझा से दुर्घटना रोकने के लिये लगेंगे तार।

### नामांतरण को लेकर कोर्ट के फैसले का इंतजार

प्रदेश में एक समान नामांतरण शुल्क लागू करने के लिये शासन की ओर से तैयार किए गए मानक उपविधि (बाइलाज)-2025 को भी सदन में रखा गया। इस प्रस्ताव को लेकर महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि नगर निगम के विधि परामर्शी ने बताया है कि नगर निगम सीमा में आने वाली संपत्तियों के कर के भुगतान एवं नामांतरण से संबंधित शुल्क के संबंध में दिनांक 10 .10 .018 को विज्ञापित सूचना को उच्च न्यायालय के समक्ष रिट द्वारा प्रश्नांकित किया गया है। जो वर्तमान में भी विचाराधीन है। ऐसी स्थिति में याचिक लंबित रहने के दौरान न्यायालय के संज्ञान में लाये बिना नगर निगम द्वारा ऐसा कोई निर्णय लिया जाना विधि संगत नहीं है। महापौर ने कहा कि न्यायालय से ऊपर हम नहीं है, इसलिये जैसा न्यायालय का आदेश होगा भविष्य में आगे निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सदन से हम इस प्रस्ताव को शासन भेज रहे हैं।

### विकास कार्यों के लिए सदन में रोना पड़ेगा क्या

भाजपा वार्ड 37 के पार्षद पवन गुप्ता ने कहा कि दिसंबर 2024 में पार्षदों को 25–25 लाख विकास कार्य के लिए आवंटित किए गए थे। उनसे विकास कार्यों की फाइल लेने के बावजूद अब तक धन आवंटित नहीं किया गया। क्या जिस तरह से सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोए थे, उसी तरह विकास कार्यों के लिए पार्षदों को रोना पड़ेगा।

### 15 दिन में बनेगी रिटायर्ड व मृत सफाई कर्मियों की सूची

नगर आयुक्त ने कहा कि 15 दिन के अंदर रिटायर्ड व मृत कर्मचारियों की सूची बनेगी, जिसके बाद नई नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में जितने सफाई कर्मचारी रिटायर्ड हुए। उनमें आउट सोर्सिंग से 170 कर्मचारियों की नियुक्ति हो चुकी है।



सदन की बैठक में बोलतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार



सदन में महिला पार्षदों ने अपना मांगपत्र दिखाया। अमृत विचार

### व्हाट इज योर टोल फ्री नंबर

पार्षदों के हंगामें के बीच नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने प्रभारी अधिकारी मार्गप्रकाश आरके पाल को खड़ा किया और पूछा कि 55 लाइटों में वार्डों में कितनी खराब हैं और कितनी सही। नगर आयुक्त ने कहा कि पहली बात जो लाइटें 2 वर्ष से पहले खराब हो रहीं हैं वह ठीक नहीं होंगी बल्कि बदली जाएंगी। यदि कंपनी ने खराब लाइटें दीं हैं तो कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि लाइटों को बनाने की जगह सेंट्रलाइज की जगह लोकलाइज की जाएं। खराब लाइट 72 घंटें में बदली जाएं। मार्गप्रकाश की शिकायतों को दर्ज कराने के लिये टोल फ्री नंबर पूछने पर आरके पाल जवाब नहीं दे पाए काफी देर बात पूछकर उन्होंने सदन को जवाब दिया। इस दौरान कई पार्षद हूटिंग करते रहे वाट इज योज टोल फ्री नंबर।

## एक नजर

### महिला आयोग अध्यक्ष 6 को सुनवाई करेंगी

**कानपुर।** राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबिता सिंह चौहान 6 जून को जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस में प्रात 11 बजे जनसुनवाई करेंगी।



डॉ. बबिता सिंह।

महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा फरियादियों की सहूलियत के लिए जनसुनवाई करेंगी। वे हैलट अस्पताल, जिला कारागार एवं राजकीय बालिका गृह ख्योरा का निरीक्षण भी करेंगी।

### जनता दर्शन से गायब अफसरों का वेतन कटेगा

**कानपुर।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी नेहा जैन द्वारा जनपद के विकास खंडों में जनता दर्शन की वास्तविकता की जानकारी ली गई तो कई अधिकारी नदारद मिले। जिनके वेतन काटने के निर्देश दिये गये और कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए थे कि अधिकारी जनता दर्शन पर विशेष ध्यान दें और सभी संबंधित अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर प्रातः 10 बजे से 12 :00 बजे तक जनता दर्शन कर उनकी समस्याओं का निवारण करें। मंगलवार सुबह मुख्य विकास अधिकारी ने चौबेपुर/कल्याणपुर के खंड विकास अधिकारी चंद्रमणि, घाटमपुर/विधनू के खंड विकास अधिकारी आशीष मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए। इनका वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

# प्रभावशाली लोगों से नहीं लेते टैक्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पार्षदों ने लगाया आरोप, कहा भेदभाव अधिकारी करते हैं वसूली कर रहे
- भाजपा पार्षद दल के नेता ने कहा छोटी गुमटियों वालों को न करें परेशान

**अमृत विचार।** शहर में गृहकर वसूली को लेकर भी पार्षदों ने सदन में अधिकारियों पर सवालों की बौछार की। पार्षद धीरेंद्र त्रिपाठी धीरू ने संपत्ति अधिकारी ने कहा कि आवासीय और व्यवसायिक भवनों में डराकर वसूली हो रही है। दुकान से व आवासीय घरों में किराये पर रहने वाले लोगों से किस तरह वसूली हो रही है इसको स्पष्ट करें। इसपर संपत्ति अधिकारी अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि आवासीय घरों में यदि किराये पर मकान दिया जा रहा है तो यह व्यवसायिक नहीं है, लेकिन यदि आवास में दुकान खुली है तो जितना हिस्सा दुकान का है वहां व्यवसायिक कर लगेगा। पार्षद अवधेश त्रिपाठी ने आरोप लगाते हुये कहा कि उनके वार्ड किदवई नगर में प्रभावशाली व्यक्तियों से गृहकर का पैसा नहीं लिया जाता है और लिया भी जाता है तो बहुत नाम मात्र का। उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा कि उनके क्षेत्र में बृहस्पति महिला महाविद्यालय के बाहर कामर्शियल दुकानें हैं जिनसे कोई टैक्स नहीं लिया जाता है। नगर निगम विद्यालय को विशेष ट्रीटमेंट देता है। जबकि प्रभाव के दम पर यहां गेस्टहाउस व अन्य कामर्शियल गतिविधियां होती हैं। महापौर और नगर आयुक्त ने पार्षद के आरोपों पर जांच की बात कही है। पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू ने आरोप लगाया कि शिवाला मार्केट में 8/24 मकान संख्या से टैक्स नहीं लिया जाता है। इसपर जोनल विद्यासागर ने बताया कि नोटिस भेजा गया है। भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित ने कहा छोटी गुमटियों वालों को अधिकारी परेशान करते हैं। गलियों के अंदर घरों में खुली गुमटियों में जाकर कहते हैं कि तुम्हारा 13 हजार लगेगा। पार्षदों के आरोपों के बाद महापौर ने कहा कि आप लोग यह नहीं बताते कि आपके घर के बगल में फैक्ट्रियां लग जाती हैं, वह टैक्स भी नहीं देते। महापौर ने कहा कि छोटे दुकानदारों की छोड़िए कलक्टरगंज में चोरी-छिपे किराये पर गोदाम दिया गया, जहां आग लगने से करोड़ों लोगों का नुकसान हुआ है।

### प्लास्टिक इस्तेमाल को लेकर खाई शपथ

सदन में महापौर व नगर आयुक्त ने अधिकारियों और पार्षदों को सिंगल-यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की शपथ खिलाई। महापौर ने कहा कि दैनिक जीवन में सिंगल यूज़ प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक बैग, स्ट्रॉ, कप, प्लेट और बोतलों का उपयोग न करें। हालांकि इस दौरान कुछ पार्षदों ने सदन के अंदर प्लास्टिक की बोतलों में पानी देने का विरोध किया और इसे शपथ के बाद हटाने की मांग की। इसपर अधिकारियों ने तत्काल बोतलों व अन्य प्लास्टिक आइटम को हटवा दिया।

# सुषमा स्वराज के नाम से जाना जाएगा कन्वेंशन सेंटर

**कानपुर।** चुन्नीगंज स्थित कन्वेंशन सेंटर स्व. सुषमा स्वराज के नाम से जाना जायेगा। मंगलवार को नगर निगम के सदन में इसपर अंतिम मुहर लग गई। वार्ड 88 बसंत विहार के पार्षद रहे अनूप कुमार शुक्ला ने 2 मई 2022 को पत्र के द्वारा कार्यकारणी में टेबल प्रस्ताव दिया था कि कन्वेंशन सेंटर का नाम दिल्ली की पूर्व सीएम, पूर्व सांसद व पद्म विभूषण से सम्मानित स्व. सुषमा स्वराज के नाम किया जाये। अनूप शुक्ला का देहांत होने के बाद उनकी पत्नी कंचन शुक्ला ने भी सदन के दौरान इसपर बात उठाई। जिसपर सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। बता दें, कि सांसद रमेश अवस्थी कन्वेंशन सेंटर का नाम पूर्व सांसद स्व. श्याम बिहारी मिश्र के नाम करने पर अड़ें थे। वहीं कन्वेंशन सेंटर के निर्माण कार्यों की जांच पर भी पार्षद हाजी सुहैल अहमद ने सवाल उठाया था।

# नगर स्वास्थ्य अधिकारी को हटाने के लिए लगाए मुर्दाबाद के नारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पार्षद विकास साहू ने कहा- मैंने आवाज उठाई तो मेरा अपमान किया गया

**अमृत विचार।** नगर निगम में तैनात अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर को नगर निगम से हटाने को लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। वार्ड 1 पार्षद विकास साहू ने आरोप लगाया कि मैंने आवाज उठाई तो मुझे परेशान किया जाने लगा। अधिकारी अभद्रता करते हैं। घर के सामने झाड़ू लगवाने तक के लिए परेशान हूं। इस पर पक्ष और विपक्ष के पार्षद उनके समर्थन में आ गए और सदन में भी जमकर नारे बाजी हुई। पार्षदों ने मुर्दाबाद के नारे लगाते हुये नगर निगम से हटाने की बात कही, इसपर नगर आयुक्त ने जांच कराकर मामले में कार्रवाई की बात कही, तब जाकर पार्षद शांत हुये।

पार्षद विकास साहू ने पिछले सदन में प्रस्ताव दिया था कि नगर निगम में अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी का पद 2004 में खत्म हो गया। शहर के कई सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की जरूरत है, इसलिये अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर को नगर निगम से हटाकर वहां शिफ्ट किया जाये। पार्षद ने यह भी कहा था कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी पार्षदों का फोन नहीं उठाते हैं वह खुद को नगर आयुक्त से ऊपर समझते हैं। आरोप लगाया कि शासन की धमकी देते हैं कि मेरी नियुक्ति वहीं से हुई है। मंगलवार को जब इस मामले में सदन में पार्षद ने आख्या मांगी तो हंगामा शुरू हो गया। शुरू में तो कुछ पार्षदों ने ही विकास साहू का विरोध किया और कहा कि आपकी वजह से नगर स्वास्थ्य अधिकारी कार्य नहीं कर रहे और दूसरे वार्ड भी प्रभावित हैं। लेकिन, जब पार्षद ने भावुक होकर कहा कि मेरा अपमान किया जा रहा है तो सभी पार्षद एक हो गये। पाषर्द कौशिक बाजपेई, आकर्ष बाजपेई, धीरेंद्र त्रिपाठी, नवीन पंडित, सुहैल अंसारी, विकास जायसवाल, अभिषेक गुप्ता समेत निर्दलीय पार्षद अरविंद यादव सदन पीठ के सामने आ गये और नारेबाजी करने लगे। पार्षदों ने कहा कि यह अपमान नहीं सहेंगे। मामला बढ़ा तो नगर आयुक्त सुधीर कुमार और महापौर प्रमिला पांडेय ने डॉ. चंद्रशेखर से अपना पक्ष रखने को कहा , इसपर डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि मेरी पास्टिंग शासन से हुई है। महापौर ने कहा कि यह बात तो है नगर स्वास्थ्य अधिकारी की बातचीत का तरीका सही नहीं है। उन्होंने कहा तरीका नहीं बदला तो कार्रवाई होगी। हंगामा बढ़ता देख नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कहा कि जांच कराऊंगा।

# फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में अब नहीं होगी जलभराव की समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में सीवर भराव की समस्या का अब समाधान हो जाएगा। मंडलायुक्त के आदेश पर नगर निगम ने फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में सीवर लाइन डालने का काम शुरू कर दिया है। पिछले कई वर्षों से यहां के उद्यमी सीवर लाइन डालने की मांग कर रहे थे। अब उनकी मांग पूरी हुई है। एक माह के अंदर यहां काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद उद्यमियों को बड़ी राहत मिलेगी।

मंडलीय और जिला स्तरीय उद्योग बंधु की हर बैठक में फीटा उद्योग संघ के महामंत्री उमंग अग्रवाल व अन्य उद्यमी यहां की समस्याओं को उठाते रहे हैं। हर बार उन्हें आश्वासन ही मिलता रहा। पिछली बैठक में उद्यमियों ने कहा कि सीवर लाइन नहीं पड़ी तो वे पलायन को मजबूर होंगे। मंडलायुक्त ने समस्या को गंभीरता से लिया और समाधान के आदेश दिए। अब सीवर लाइन डालने के लिए खोदाई की जा रही है। कार्य शुरू होने पर अरुण ओमर, आशीष साहनी, प्रफुल्ल दोसर, सतीश सिधवा, प्रकाश चंद सचदेवा, भरत गुप्ता, गिरीश गुप्ता, विनय मित्तल, शिव कुमार गुप्ता ने प्रसन्नता जाहिर की।



फजलगंज में सीवर लाइन डालने का काम शुरू हो गया। अमृत विचार

**त्योहार** 5 जून को शहर के 23 घाटों में गंगा पर चढ़ाई जाएगी चुनरी, सिद्धनाथ घाट पर सबसे बड़ी 11 सौ मीटर की चुनरी से श्रृंगार

# रवि और सिद्धि योग में मनेगा गंगा दशहरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 5 जून को गंगा दशहरा इस बार अद्भुत संयोग में है। पर्वकाल के समय रवि और सिद्धि योग का मिलन हो रहा है। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो इस संयोग में गंगा स्नान, दान व पूजन सौभाग्य लेकर आता है। गंगा दशहरा पर शहर के सभी गंगा घाटों पर मां गंगा पर विशेष पूजन होंगे। सिद्धनाथ घाट में होने वाले पूजन में गंगा का 11 सौ मीटर चुनरी का श्रृंगार कराया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पं.मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि की शुरुआत 4 जून को देर रात 11 बजकर 54 मिनट पर होगी। अगले दिन यानी 6 जून को देर रात 2 बजकर 15 मिनट पर तिथि का समापन होगा। इस प्रकार 5 जून को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ज्योतिष गणना के अनुसार, गंगा दशहरा पर रवि और सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। रवि योग दिन भर रहेगा। इससे साधक को सेहत में लाभ देखने को मिलेगा। वहीं, सिद्धि योग सुबह 9 बजकर 14 मिनट तक रहेगा। इससे जीवन में शुभ परिणाम मिलेंगे।



### गंगा घाट पर होगा पूजन

- गंगा दशहरा पर्व पर शहर के गंगा घाटों पर सुबह विशेष पूजन किया जाएगा। मां गंगा सेवा समिति की ओर से शहर के 23 घाटों पर महिलाएं सुबह 6 बजे गंगा में चुनरी चढ़ाकर पूजन करेंगी। बालयोगी अरुणपुरी चैतन्य जी महाराज ने बताया कि पर्व पर सुबह शहर के सभी घाटों में पूजन के बाद सिद्धनाथ घाट पर विशेष पूजन होगा। इस पूजन में मां गंगा का 11 सौ मीटर चुनरी का श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा भजन संध्या भी आयोजित की जाएगी। शाम को होने वाले गंगा श्रृंगार में 11 सौ दीपकों का दीपदान किया जाएगा।

**05** को मनाया जाएगा गंगा दशहरा महापर्व | **23** गंगा घाटों पर सुबह महिलाएं करेंगी पूजन | **11** सौ मीटर चुनरी से होगा मां गंगा का श्रृंगार | **11** सौ दीपकों का एक साथ भक्त करेंगे दीपदान

### गंगा दशहरा का महत्व

- गंगा दशहरा को लेकर धार्मिक मान्यता यह है कि इस दिन ही मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि गंगा दशहरा पर गंगा नदी में स्नान जरूर करना चाहिए। यदि गंगा स्नान संभव नहीं है तो घर पर ही स्नान करते हुए पानी में गंगाजल मिलाकर पूजन कर स्नान कर लेना चाहिए। इस दिन मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाती है।

### गंगा दशहरा पर दान

- गंगा दशहरा पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को दान करने का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि गंगा दशहरा पर दान की जाने वाली वस्तुओं की संख्या 10 होनी चाहिए। इस दिन आप 10 फल, 10 पंखे, 10 सुराही, 10 छाते या फिर 10 हिस्से अन्न का दान कर सकते हैं।

## एक नजर

### गुरु अर्जन देव जी महाराज की शहादत पर छबील

कानपुर। श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज की शहादत पर संत नगर यूथ कल्चरर सोसायटी ने संत नगर चौराहे पर छबील (शर्बत) का वितरण किया। लंगर का आयोजन भी किया गया। संस्था के अध्यक्ष सरदार हरप्रीत सिंह सोनू की अगुवाई में छबील लगाई गई जिसमें पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता अजय कपूर, कोपो स्टेट के चेयरमैन विजय कपूर के अलावा समाजसेवी अमरजीत सिंह पम्मी ने शिरकत की। इस अवसर पर गुरु साहिब की अरदास एवं बोले सो निहाल का जयकारा लगा। छोले, शर्बत वितरण एवं राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया। दिव्यजोत सिंह, खुशवीर सिंह, पूजा कौर, सरबप्रीत रौनक, युवराज सिंह, राजेंदर सिंह, तारन सिंह आदि थे।

### प्राइवेट में पंजीयन कराकर सवारी ढोते मिले वाहन

कानपुर। प्राइवेट कोटे में वाहन का पंजीयन कराकर टैक्सी सेवा, स्कूल वैन, डिलीवरी, लोडिंग, अनलोडिंग व अन्य कामर्शियल तरीके से वाहनों का प्रयोग कर रहे वाहन स्वामियों पर शिकंजा कसा गया। ऐसे वाहनों को सीज कर दिया गया। मंगलवार को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विदिशा सिंह की अगुवाई में एआरटीओ प्रवर्तन क्रमशः अंबुज, कहकशां खातनून, आरके वर्मा, मानवेंद्र प्रताप सिंह, यात्रीकर अधिकारी दिनेश कुमार, अनिल कुमार, दीपक सिंह ने महानगर के सीमावर्ती क्षेत्रों में हाईवे व अन्य मार्गों पर चेकिंग की। जिसमें 24 वाहन ऐसे मिले जिनका पंजीयन निजी था लेकिन कामर्शियल के तौर पर इस्तेमाल हो रहा था। 10 वाहनों को सीज करके थानों को सौंपा गया। 2.69 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया।

### बकाया रुपये मांगने पर जान से मारने का प्रयास

कानपुर। यशोदानगर के हेमंतविहार निवासी संजय पांडेय की गोपालनगर में सूर्या इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म है। संजय के अनुसार उन्होंने विराटनगर स्थित सिंह फिलिंग स्टेशन को आरोपी राकेश सिंह के माध्यम से लीज पर लिया था, जिसका समय खत्म होने के बाद पंप पर उनका दो लाख 35 हजार रुपये बकाया था। मांगने पर राकेश ने उन्हें चेक दी थी। कहा था कि दो माह बाद नकद रुपये देकर चेक ले लेंगे। समय पूरा होने पर रुपये मांगे तो राकेश ने उन्हें पंप पर बुलाया। 19 मई की रात वह पंप पर पहुंचे तो आरोपी ने तीन साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। अंगौछे से गला दबा दिया। इसके बाद उसे मरा समझ छोड़कर भाग गए। नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### केडीए की बोर्ड बैठक आज

कानपुर। कानपुर विकास प्राधिकरण की 143वीं बोर्ड बैठक का आयोजन बुधवार को दोपहर 12.30 बजे होगा। केडीए के सभागार में बैठक होगी। जिसके बाद बोर्ड में लिए गए निर्णयों के संबंध में शाम 03.30 बजे से प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। बैठक में 15 प्रस्ताव सदस्यों व अधिकारियों के सामने रखे जाएंगे।

### 68 प्रतिभागियों का चयन

कानपुर। आईटीआई पाण्डु नगर में अशोक लेलैंड लिमिटेड लखनऊ ने युवाओं को परखा। इस दौरान वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट, मैकेनिक ऑटोमोबाइल, पेंटर, फिटर आदि अन्य ट्रेड के 18 से 23 वर्ष के बीच कि आयु के अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कंपनी ने अपने लखनऊ के सरोजिनी नगर स्थित ईवी बस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट व राजस्थान के अलवर स्थित प्लांट दोनों के लिए चयन किया। चयन के दौरान 110 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिनका लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद लगभग 68 अभ्यर्थियों का चयन अशोक लेलैंड सरोजिनी नगर लखनऊ व राजस्थान अलवर के लिए किया गया।

---

सचेंडी में हादसा, डंपर की केबिन में फंसे चालक-खलासी, हाइड्रा की मदद से निकाला

# चालक को आई झपकी तो भिड़ गए दो डंपर, खलासी की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सचेंडी में मंगलवार तड़के दो डंपरों में भिड़ंत हो गई। आगे चल रहे चालक ने अचानक ब्रेक मारी तो पीछे चल रहे दूसरे डंपर चालक को झपकी आने के कारण पीछे से टकरा गया। चालक व खलासी केबिन में फंस गए। पुलिस ने क्रेन और हाइड्रा की मदद से केबिन को सीधा कर दोनों को बाहर निकाला। खलासी की मौत चुकी थी, वहीं चालक को गंभीर अवस्था में हैलट में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हाईवे से वाहनों को हटवाया।

किसाननगर के पास महिंद्रा कंपनी का शोरूम है। उसके ठीक सामने मंगलवार सुबह करीब बजे हादसा हुआ। कालपी की ओर से मौरंग लादकर आ रहे डंपर चालक ने हाईवे पर अचानक ब्रेक मार दी। तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार मौरंग लदा दूसरा डंपर उसमें घुस गया और डंपर में सवार चालक कानपुर देहात के संतनापुर मूसानगर निवासी अंकित व 20 वर्षीय खलासी गौरव केबिन में फंस गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सचेंडी पुलिस ने हाइड्रा और क्रेन की मदद से केबिन को सीधा कराया। दोनों को बाहर निकाला तो खलासी गौरव मृत था। चालक अंकित को गंभीर अवस्था में हैलट में भर्ती कराया गया। सचेंडी थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि पीछे चल रहे डंपर चालक को अचानक झपकी आ गई थी। इसी बीच आगे चल रहे डंपर चालक ने ब्रेक लगाई और हादसा हो गया। क्रेन की मदद से दोनों डंपरों को हाईवे से हटवाया गया। जिसके बाद जाम में फंसे वाहनों को एक-एक करके गुजारा गया।


जेसीबी ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे किया। अमृत विचार

### ट्रक का ब्रेक फेल, अनियंत्रित होकर मंदिर में घुसा

कानपुर। रेलबाजार में मंगलवार दोपहर ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रक होकर मंदिर में जा घुसा। जिससे मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। इलाकाई लोगों के अनुसार मंगलवार दोपहर सीओडी पुल की ओर से एक ट्रक लेकर कर्मचारी सीओडी के अंदर जा रहे थे। इसी दौरान सुजातगंज क्रॉसिंग से थोड़ा आगे बढ़ते ही अचानक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर मंदिर में घुस गया। इससे पहले एक ठेले में टक्कर मार दी। हादसे के बाद अफरातफरी मच गई। लोगों की सूचना पुलिस पहुंची। सुजातगंज चौकी प्रभारी गोपी कृष्ण ने बताया कि सीओडी कर्मचारियों ने मंदिर और ठेले वाले के नुकसान की भरपाई करने की बात कहीं हैं। क्षतिग्रस्त हुए मंदिर की मरम्मत कराने को कहा है।

### डिवाइडर से टकराया डंपर, लगी आग

कानपुर। भौंती में डिवाइडर से टकराए डंपर में आग लग गई और कुछ ही देर में ऊंची लपटें उठने लगीं। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डंपर जल गया। डंपर चालक मौके से भाग निकला। इस दौरान करीब एक घंटे तक हाईवे पर वाहनों की लाइन लाइन लगी रही। सचेंडी पुलिस ने आग बुझने के बाद हाईवे से डंपर हटवाया। भौंती स्थित चौहान ढाबा के पास मंगलवार सुबह पनकी की ओर जा रहा मिट्टी लदा डंपर डिवाइडर से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि डीजल टैंक में ठोकर से डंपर में आग लग गई और कुछ ही देर में ऊंची लपटें उठने लगीं। जब तक आग पर काबू पाया जाता डंपर जल गया। घटना से हाईवे पर जाम लग गया। डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में कोई हताहत नहीं हुआ है। डंपर मालिक और चालक को बुलाया गया है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


नयागंज मेट्रो स्टेशन पर फोटो खिंचवातीं युवतियां। अमृत विचार

# लोगों को लुभा रहे मेट्रो स्टेशन बन रहे पसंदीदा सेल्फी प्वाइंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यात्रियों को एस्केलेटर, लिफ्ट वअन्य सुविधाओं पर जागरूक कर रहा मेट्रो स्टाफ
- दिव्यांग यात्रियों के लिए मुहैया करवाई जा रही व्हील चेयर और स्टेशन स्टाफ

अमृत विचार। मेट्रो की यात्री सेवाओं के विस्तार के बाद से ही शहरवासी की चहलकदमी मेट्रो स्टेशन की तरफ बढ़ी है। आम और खास लोग टिकट खिड़कियों पर दिख रहे हैं। अंडरग्राउंड मेट्रो से यात्रा को लेकर उत्साह चरम पर है। बड़ी संख्या में यात्री सपरिवार मेट्रो राइड के लिए पहुंच रहे हैं। मेट्रो के सभी नए स्टेशन देखने और भूमिगत मेट्रो से यात्रा के रोमांच का अनुभव लेने की इच्छा के साथ यात्रियों में यह गर्व का भाव भी है कि अपने शहर में भी एक विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण संभव है।

मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन के स्टाफ के साथ-साथ अधिकारियों को भी नियुक्त किया गया है। मेट्रो प्रशासन की तरफ से इंफॉर्मेशन डिस्प्ले, एएफसी, टिकटिंग आदि से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान कर, यात्रियों के लिए यात्रा को अधिक से अधिक सुगम और आसान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। एलिवेटेड स्टेशनों के तरह ही अंडरग्राउंड स्टेशनों पर भी यात्रियों के लिए पेयजल, टॉयलेट आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। इसके साथ-साथ दिव्यांग यात्रियों के लिए लिफ्ट, व्हीलचेयर, ब्रेल लिपि में निर्देश, टेक्टाइल पाथ आदि प्रबंध किए गए हैं। स्टेशनों पर स्वच्छता का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। स्टेशनों पर पहुंचते ही यात्रियों की अपने मित्रों और परिजनों के साथ सेल्फी खींच रहे हैं।


120 एचपी इलेक्ट्रिक पंप का पूजन करते विधायक पुत्र। अमृत विचार

# इलेक्ट्रिक पंप से जल्द खाली होगा खलवा पुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 120 एचपी इलेक्ट्रिक पंप लगाने का पूजन हुआ
- पानी के साथ आई प्लास्टिक को काट देगा पंप

अमृत विचार। जूही खलवा पुल पर बरसात के समय होने वाले जलभराव को रोक लगेगी। मंगलवार को यहां नगर निगम द्वारा 120 एचपी इलेक्ट्रिक पंप लगाने का पूजन हुआ। विधायक महेश त्रिवेदी के स्थान पर उनके पुत्र शुभम त्रिवेदी व पंकज त्रिवेदी ने पूजन कर पंप को क्रियाशील करने के निर्देश दिये।

जूही खलवा पुल पर सीवर भर जाने से जहां वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग जाती है वहीं पूर्व में कई लोगों की डूबने के कारण जान भी चली गयी। विधायक महेश त्रिवेदी ने नगर निगम व जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की थी और किसी भी सूरत पर जलभराव न होने के निर्देश दिए थे। जिस पर नगर निगम द्वारा 120 एचपी इलेक्ट्रिक पंप लगाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। 30 लाख रुपये से पंप को लगाने की शुरुआत हो गई है।

शुभम त्रिवेदी ने बताया की गुजरात की एक कंपनी से यह पंप मंगाया गया है। इलेक्ट्रिक पंप लग जाने से खलवा पुल जल्द खाली होगा। उन्होंने बताया कि जलभराव के समय प्लास्टिक, पॉलीथिन भी आ जाती है जिस कारण सीवरेज सिस्टम जाम हो जाता है।

लेकिन यह पंप फ्लोट मटेरियल को काट कर आगे निकाल देगा जिससे सीवरेज सिस्टम जाम नहीं होगा। यह पंप पुराने पंप की तीन गुना क्षमता से पानी निकालेगा टेस्टिंग के बाद दो पंप और मंगाए जाएंगे। पार्षद विद्या वर्मा, मंडल अध्यक्ष दीपू पसवान, रघुराज सरन गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, संजय कश्यप, संजना, सुजीत, ज्ञानू मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# अभ्युदय योजना में 1.42 करोड़ से संवारा जाएगा कंपोजिट स्कूल


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर ब्लाक में पुरवा हरिसिंह देव कंपोजिट विद्यालय का चयन
- 450 विद्यार्थियों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे

अमृत विचार। मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय योजना में कानपुर मंडल मुख्यालय के कल्याणपुर ब्लाक में पुरवा हरिसिंह देव कंपोजिट विद्यालय का चयन हुआ है। चयन के बाद 1.42 करोड़ रुपये के बजट से परिषदीय स्कूल को उच्चीकृत करके 450 विद्यार्थियों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें लैंग्वेज लैब, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, विज्ञान और रोबोटिक्स लैब स्थापित की जाएगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल प्रशिक्षण देने के लिए कोच नियुक्त किए जाएंगे। मंडल मुख्यालय में संचालित 8वीं तक के स्कूल में छह जिलों में से कोई भी बच्चा नियमानुसार प्रवेश लेकर बेहतर पढ़ाई कर सकेंगे। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय योजना में मंडल मुख्यालय स्तर पर कानपुर नगर में कल्याणपुर ब्लाक के पुरवा हरिसिंह देव स्कूल चयनित हुआ है। बजट आवंटन होने के बाद अधिकृत एजेंसी से निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

### इंस्पायर अवार्ड के लिए 15 जून से आवेदन

कानपुर। जिले के 11वीं व 12वीं के विद्यार्थी इंस्पायर अवार्ड के लिए आवेदन कर दावेदारी कर सकेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने नए निर्देश जारी किए गए हैं। 15 जून से 15 सितंबर तक चलने वाली ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को योजना में नामांकन कराने के लिए कहा गया है। सत्र 2025-26 से कक्षा छह से 12वीं कक्षा तक में पढ़ने वाले विद्यार्थी नवाचार दर्शाने के लिए पात्र माने जाएंगे। पोर्टल या एप के माध्यम से एक स्कूल पांच बेस्ट नामांकन सही फार्मेट में जमा करेंगे। नवाचार का ब्योरा दर्शाने के साथ छात्र व छात्राएं अपना नाम, बैंक खाता संख्या, आइएफएससी कोड भी लिखना होगा।


भाजपा कानपुर उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

# योगी बोले- आर्यनगर और सीसामऊ पर दें विशेष ध्यान

कानपुर। भाजपा कानपुर उत्तर के जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। संगठन के विषय में व कानपुर के विकास के विषय पर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनिल दीक्षित को कानपुर उत्तर के संगठन को और मजबूत बनाने का निर्देश दिया। अनिल दीक्षित ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आर्यनगर और सीसामऊ विधानसभा पर विशेष ध्यान देने को कहा है।

# नौकरी का झांसा दे ढाई लाख ठगे

कानपुर। मसवानपुर निवासी युवक को आनलाइन टास्क पूरा कर नौकरी देने का झांसा देकर खाते से ढाई लाख ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर रावतपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मसवानपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि बीती 28 फरवरी को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक आया। जिसमें 203 रुपये लगाकर टास्क पूरा करने के बाद नौकरी देने का आफर दिया गया था। लिंक पर जैसे ही क्लिक किया उनके और उनकी पत्नी के खातों से 2 लाख 49 हजार 5 सौ रुपये चार बार में कट गए। खाते से पैसे निकालने के बाद ठगी का एहसास हुआ।

## सार-संक्षेप


राज्यमंत्री नटवर गोयल के साथ व्यापारी नेता। अमृत विचार

### व्यापारिक समस्याएं सीएम तक पहुंचेंगी

कानपुर। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश चेयरमैन व उप्र लघु उद्योग निगम लिमिटेड के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री नटवर गोयल के साथ मंगलवार को व्यापारी संवाद हुआ। होटल गगन प्लाजा में हुए आयोजन में व्यापारियों उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान एक देश एक चुनाव की अवधारणा का समर्थन किया गया। कहा गया कि इससे व्यापार उद्योग की प्रगति होगी और देश आर्थिक रूप से समृद्ध व सशक्त होगा। तय हुआ कि एक देश एक चुनाव के समर्थन में महा अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम में स्टेट जीएसटी द्वारा व्यापारियो उद्यमियों को परेशान करने व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा व्यापारियो उद्यमियों के उत्पीड़न के मामलो को मुख्यमंत्री तक ले जाने का भी ऐलान किया गया। कार्यक्रम में भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, जिला अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह, प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता व जिला वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने ने विचार रखे।


जिला कारागार के गेट पर रिहा हुए बंदी अमृत विचार

### जेल में जुर्माना भरकर 6 बंदियों को रिहा कराया

कानपुर। जेल में कई ऐसे बंदी हैं जिनकी सजा पूरी हो चुकी है लेकिन उनके पास पैसा नहीं है जिससे वह जुर्माना भरकर जेल से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। ऐसे 6 बंदियों को एक सामाजिक संस्था प्रकृति सहयोग फोरम ने जुर्माना अदा करके जेल से रिहा कराया। सैयद नजम एडवोकेट, नवाज मोहम्मद सलीम एडवोकेट, सैयद खालिद, सैयद आसिफ अली, मोहम्मद तारिक शकील व फैज खालिद तथा जेलर मनीष कुमार, डिप्टी जेलर अरुण कुमार सिंह, कमल चन्द्र, प्रदीप कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


सेंट्रल स्टेशन पर अधिकारियों व कर्मियों का सम्मान।

### महाकुंभ में व्यवस्था संभालने वाले रेल अधिकारियों का सम्मान

कानपुर। महाकुंभ 2025 कुशलतापूर्वक संपन्न कराने वाले प्रयागराज मंडल व सेंट्रल स्टेशन के उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह समेत कई अधिकारियों व कर्मचारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को यात्री जन कल्याण समिति द्वारा सेंट्रल स्टेशन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सफाई योद्धाओं को गमछा पर ब्रेड आदि देकर उन्हें सम्मानित किया गया। रेल उपयोग कर्ता परामर्श दात्री समिति के सदस्य जितेंद्र कुमार पांडेय ने विचार रखे। समिति सचिव मंजू पांडेय विजय शर्मा, स्टेशन अधीक्षक अवधेश द्विवेदी, आरपीएफ के अधीक्षक बीवी सिंह, जीआरपी इंस्पेक्टर ओम नारायण सिंह, विकास अग्रवाल, रामानुज तिवारी, संतोष पांडेय, दाताराम, अखिलेश तिवारी, अंजुला अवस्थी, स्मिता शुक्ला, बृजेश मिश्रा, रवि शंकर द्विवेदी, वीके तिवारी आदि थे।

### सुरार सीएचसी पर छापा, कई अनुपस्थित मिले

कानपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी ने सीएचसी सुरार पर छापा मारा तो वहां कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोका गया। सुरार पीएचसी पर एसएन ऋषिकांत बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले। वार्डब्याय मोहम्मद नफीस 2 व 3 जून को अनुपस्थित रहा। पता चला कि वह सीएचसी कल्याणपुर में भी प्रत्येक मंगलवार को ड्यूटी करता है। वहीं एनएमए अरविंद कुमार द्वारा 2, 3 व 4 को सीएल लगी हुई थी। मानव संपदा पर चेक करने पर पता चला कि 27 मई को नोडल अधिकारी को सूचना देने के बाद सीएल ली गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट ड्रग वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया।

---

जय बाबा की

हनुमान मंदिरों में वीर हनुमान का सिंदूर से श्रृंगार किया गया, लड्डू का भोग लगाया-शर्बत बांटा गया

# बड़ा मंगल पर गूंजे बजरंग बली के जयकारे, जगह-जगह भंडारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बड़ा मंगल पर शहर के हनुमान मंदिरों में आस्था का मेला लगा। हनुमान मंदिरों में विशेष श्रृंगार हुआ। इस दौरान भक्तों की ओर से मंदिरों में भंडारा रूपी प्रसाद भी वितरित किया गया। मंदिरों में सुंदरकांड हुआ।

बड़े मंगल पर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। पनकी, दक्षिणेश्वर मंदिर सहित शहर के अन्य हनुमान मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। बजरंगबली मंदिर कलक्टरगंज में जेठ के चौथे मंगल पर विशेष आयोजन हुआ। हवन पूजन व सुंदरकांड पाठ के बाद लड्डू का भोग लगाकर भक्तों को वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर प्रमुख सोमदत्त अग्निहोत्री ने बताया कि मंदिर की महिमा के चलते पूरे दिन में हजारों भक्तों ने आकर प्रभु के दर्शन किए। इस दौरान विधायक अमिताभ बाजपेई, मधुबन बिहारी गुप्ता, प्रज्जवल अग्निहोत्री, दीपू चौहान, डॉ हेमंत मोहन, मान पांडे, सुरेंद्र यादव, वेद प्रकाश अग्निहोत्री सहित अन्य मौजूद रहे। शहर के सबसे बड़े हनुमान मंदिर पनकी में बड़े मंगल को लेकर विशेष व्यवस्था हुई थी। मंदिर में भक्तों की ओर से 21 किलो का लड्डू चढ़ाया गया। मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी।

**भारत माता प्रतिमा स्थल पर शर्बत वितरण:** जेठ माह के बड़े मंगलवार को घण्टाघर भारत माता प्रतिमा स्थल पर विश्नोई चेतना समिति की जिला इकाई ने शर्बत वितरण किया। जिसमें डॉ. महेश विश्नोई, बेंगलुरू से आये सी एस प्रखर ने कार्यक्रम की शुरुआत की। समिति के अध्यक्ष प्रमोद विश्नोई, महामंत्री अशवनी गुप्ता, कोषाध्यक्ष आलोक विश्नोई, उपाध्यक्ष अनुराग विश्नोई, मंत्री पवन कुमार गुप्ता, विक्रांत विश्नोई ,अशवनी कुमार विश्नोई, सुशील कुमार विश्नोई, अनुभव विश्नोई, रानू विश्नोई, अंकुर विश्नोई, आदि थे।


पनकी मंदिर में महंत ने की पूजा।


भक्तों की लंबी लाइन लगी रही।


घंटाघर भारत माता प्रतिमा स्थल पर शर्बत वितरण किया गया। अमृत विचार

# फसल उत्पादकता बढ़ाने को आधुनिक कृषि करें

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का किया उद्घाटन, सैकड़ों किसान रहे मौजूद

संवाददाता, बिल्हौर



कार्यक्रम का उद्घाटन करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जैविक खेती को बढ़ावा देने और आगामी खरीफ फसलों से संबंधित आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन-की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिये विकसित कृषि संकल्प अभियान-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते बिल्हौर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे। उन्होंने गोष्ठी में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए आधुनिक व तकनीकि खेती के बारे में बताया।

कानपुर जिले के कटरी क्षेत्र स्थित ग्राम सरैयां दस्तम में कृषि विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दीप जलाकर किया । साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में किसानों से आधुनिक तकनीक से खेती करने पर जोर दिया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से सीएसए के कुलपति डॉ. आनन्द कुमार सिंह तथा कृषि निदेशक देव शर्मा भी मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान आधुनिक कृषि में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव व विरोध तथा तमाम कृषि पद्धतियों के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान तमाम किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों को प्रयोग किए जाने के निर्देश दिए गये। कार्यक्रम में 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया ।

इस अवसर पर आये हुए सभी अतिथियों ने किसानों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए नवीनतम कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। कृषि विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों, डॉ. टीडीएस. सिकरवारी, डॉ. कुलदीप त्रिपाठी, कृषि निदेशक (मुख्य) कानपुर, उप कृषि निदेशक (भू.संर.), कानपुर मंडल, कानपुर सहित विभिन्न कृषि वैज्ञानिकों और उन्नतशील किसानों ने व्याख्यान और प्रस्तुतियों के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग, सिंचाई की आधुनिक विधियों, कीट एवं रोग नियंत्रण, एवं फसल विविधीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों को आधुनिक कृषि ज्ञान से सशक्त करने और उन्हें बेहतर फसल उत्पादकता प्राप्त करने में मदद करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा ,जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह ,जिला कृषि रक्षा अधिकारी ,भूमि सरक्षंण अधिकारी के साथ जिले के तमाम अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे ।

## जमीन बेचने के नाम पर रुपये हड़पे

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के बेरीखेड़ा निवासी एक युवक पर एक व्यक्ति ने जमीन बेचने के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने साढ़ थाना पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

कानपुर के आवास विकास हंसपुरम निवासी सुधीर सिंह पुत्र तेजराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बिरहर चौकी के बेरीखेड़ा गांव निवासी राजकुमार ने उससे अपनी एक बीघा कृषि भूमि बेचने की बात कही जिस पर दस लाख में बात तय होने पर उसे गवाहों के समक्ष तीन लाख अस्सी हजार रुपए बतौर बयाना देते हुए रजिस्टर्ड एग्रीमेंट की बात तय हुई, जिसपर सब रजिस्ट्रार नर्वल के समक्ष चार लाख की चेक देते हुए एक वर्ष के अंदर जमीन की रजिस्ट्री कराए जाने का अनुबंध हुआ था । पीड़ित ने बताया कि तब से लगातार वह रजिस्ट्री के लिए दौड़ रहा। पीड़ित के अनुसार लीगल नोटिस पर भी वह सब रजिस्ट्रार न्यायालय में नहीं उपस्थित हुआ।

## सार-संक्षेप



केस्को एमडी से बातचीत करते सपाई। अमृत विचार

### बिजली कटौती से जनता परेशान, करें समाधान

**कानपुर।** छावनी विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी और आर्यनगर विधान सभा क्षेत्र के विधायक अमिताभ बाजपेई ने केस्को एमडी से मुलाकात की और अघोषित बिजली कटौती से निजात दिलाने की गुहार लगाई। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के दोनों विधायक की अगुवाई में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल केस्को एमडी से मिला और उन्हें बताया कि आर्यनगर, मनोहर नगर, अम्बेडकर नगर, ब्रह्म नगर, मनोहर, पांडु नगर, नजीराबाद, लक्ष्मी नगर, रायपुरवा, विश्वनाथ नगर, रामादेवी, अहिरवां, राजीव नगर, चमनगंज आदि अनेक क्षेत्रों में अघोषित और असमय बिजली कटौती की गंभीर समस्या है। उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। विधायक रूमी ने कहा कि पहले सब स्टेशन पर पीड़ित उपभोक्ता अपनी पीड़ा लेकर जाता था तो तुरंत बिजली विभाग की टीम आ जाती थी और समस्या का समाधान कर देती थी लेकिन अब टोल फ्री नंबर दे दिया गया है। ये टोल फ्री नंबर बहुत कम मिलता है, यदि मिलता भी है तो इसके माध्यम से समस्या का समाधान होने में काफी समय लगता है। विधायक ने कहा कि बाबूपुरवा में 32 स्थानों पर फाल्ट हैं जिसका अस्थाई समाधान निकाला गया है लेकिन मोहर्रम के जुलूस में कोई हादसा हो सकता है। पार्षद फखर इकबाल, नफीस, आलोक यादव, मेराज अहमद, अकील शानू, कौशिक बाजपेयी, सारिया, मोहम्मद अली, जावेद जमील आदि थे।



मेधावी छात्रा को टैबलेट देते आयोजक। अमृत विचार

### मेधावी छात्रा को दिया टैबलेट

**घाटमपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रा को टैबलेट दिया गया। टैबलेट पाकर मेधावी छात्रा का चेहरा खुशी से खिल उठा। टैबलेट वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज घाटमपुर कानपुर नगर में मंगलवार को टैबलेट वितरित किया गया। यहां पर इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा माही द्विवेदी पुत्री उमेश कुमार द्विवेदी को अंजू सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज घाटमपुर द्वारा टैबलेट प्रदान किया गया। तथा मेधावी छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य छात्राओं को प्रेरित किया गया। कि अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कार्य प्रारंभ करने से ही सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार शुक्ला सहायक अध्यापक द्वारा किया गया।

### खुले में न करें कुर्बानी व जमीन में दफनायें अवशेष

**घाटमपुर।** घाटमपुर थाना परिसर में मंगलवार दोपहर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग पहुंचे। एसीपी ने कहा कि सभी को त्योहार को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी खुले में करें और न ही कुर्बानी के अवशेषों को सड़कों या खुली जगहों पर डालें। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह, नगर पालिका ईओ डॉ. महेंद्र कुमार व इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय मंगलवार को दोपहर घाटमपुर थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पहुंचे दोनों समुदाय के लोगों से उनकी समस्याओं को पूछा। इसके साथ ही घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि बकरीद के दौरान जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ताओं से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी अशांति की स्थिति में तुरंत सूचना देने को कहा। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। अफवाह फैलाने वालों की सूचना घाटमपुर पुलिस या डायल 112 पर दी जा सकती है। पीस कमेटी की बैठक में संवेदनशील स्थानों के बारे में सामाजिक कार्यकर्ताओं से राय ली गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि क्षेत्र में सभी त्योहार शांतिपूर्वक मनाए जाते हैं। बकरीद की खुशियों में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग भी शामिल होते हैं।

# डंपर की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान गई जान

संवाददाता घाटमपुर

● **गुस्साए ग्रामीणों ने एक घंटे जाम रखा था हाईवे**

**अमृत विचार।** घाटमपुर में सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर युवक को गंभीर हालत में कानपुर जिलास्पताल रेफर कर दिया। वहां पर युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कानपुर सागर हाईवे पर जाम लगा दिया।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी 45 वर्षीय बीर बहादुर सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कानपुर सागर हाईवे पर जाम लगाकर कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। पुलिस ने युवक को सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उपचार उसे कानपुर रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। देर रात पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और हाईवे पर यातयात बहाल कराया । घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व प्रधान से मारपीट में गरमाई राजनीति

संवाददाता बिल्हौर



मकान बिकाऊ का पोस्टर दिखाती महिला।

● **पक्ष विपक्ष ने लगाए एक दूसरे पर गुण्डागर्दी करने के आरोप**

**अमृत विचार।** अरौल थाना क्षेत्र के खसपुर गांव में 24 मई की रात पूर्व ग्राम प्रधान अशोक कटियार के ऊपर हुए हमले के बाद लगातार राजनीति गरमाई हुई है। तमाम युवकों के द्वारा तमाम क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर सवाल सोशल मीडिया पर खड़े किए जा रहे हैं। जबकि दो दिन पूर्व ही क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर और सांसद प्रतिनिधि रवि वाजपेई ,गुड्डू सिंह के साथ भाजपा नेता जेपी कटियार ने गांव पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी व कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

मामले में मारपीट के बाद पूर्व प्रधान अशोक कटियार का उपचार अभी एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जबकि घटना के बाद चार युवकों के विरुद्ध मारपीट व जान मारने की नियति से हमला करने की धारा में चार युवकों पर रिपोर्ट भी दर्ज की गई थी, जिसमें कमलेश ,कृष्णा ,रमन और रामदीन का नाम शामिल है। कमलेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य तीन युवक फरार हैं । वहीं पुलिस का कहना है कि बाकी लोगों को भी गिरफ्तार करने के लिये दबिश दी जा रही हैं।

### घरों मे बाहर लगे बिकाऊ हैं के पोस्टर

● इधर मंगलवार को एक नया घटनाक्रम देखने को मिला जब खसपुर गांव के लोगों ने मकान बिकाऊ हैं के पोस्टर अपने घरों पर लगा दिए। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में यह भी बताया गया है की घटना से नाराज और दहशत में लोगों ने गांव छोड़ दिया है। इनकी संख्या लगभग 34 है इधर पुलिस ने मामले में पहले ही रिपोर्ट दर्ज कर ली है और एक आरोपी की गिरफ्तारी भी कर ली है। सपा नेत्री रचना सिंह भी पूर्व प्रधान के पारिवारिक जनों से मिलकर उनको न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठने तक की बात कर रही है। सोशल मीडिया पर क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर और रचना सिंह के बीच विवाद हुआ है और एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप भी लगाए जा रहे हैं।

> घटना क्रम मे आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर हो चुकी है ।एक आरोपी की गिरफ्तारी भी हो चुकी है ।लगातार टीमें अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दबिश दे रहीं है ।पलायन जैसी बात सफेद झूठ है। गांव मे सभी व्यक्ति मौजूद है तथा किसी प्रकार का कोई तनाव भी नही है। राजनीति से प्रेरित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी जो समाज में भ्रामक तथ्य फैला रहे हैं ।
>
> –जनार्दन यादव (प्रभारी निरीक्षक अरौल)

# समन्वयकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने उठाई नियमितीकरण की मांग

कार्यालय संवाददात कानपुर



शिक्षा मंत्री संदीप सिंह को ज्ञापन देते समन्वयक और कंप्यूटर ऑपरेटर।

**अमृत विचार।** मिड डे मील समन्वयक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण की लंबित मांगों को लेकर सक्रिय हो गए हैं। गत दिवस विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने लखनऊ और कानपुर में महत्वपूर्ण बैठकें कीं और अपनी समस्याओं से उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

मिड डे मील समन्वयक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और निदेशक मध्याह्न भोजन प्राधिकरण कंचन वर्मा से पुनः वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल ने मानदेय वृद्धि हेतु अनुरोध किया, जिस पर संदीप सिंह एवं निदेशक के द्वारा शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही करने का भरोसा दिया गया।

### एमएलसी अरुण पाठक से की भेंट

इसी क्रम में, कानपुर नगर के जिला समन्वयक सौरभ पाण्डेय के नेतृत्व में एक दूसरे प्रतिनिधिमंडल ने अरुण पाठक से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें मानदेय न बढ़ने तथा नियमितिकरण न होने संबंधी समस्याओं के विषय में विस्तार से अवगत कराया। इस पर अरुण पाठक जी ने तत्काल माननीय मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया ।

### सांसद नारायण दास अहिरवार से की मुलाकात

इसके अतिरिक्त, कानपुर नगर के कम्प्यूटर ऑपरेटर नरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में एक तीसरा प्रतिनिधिमंडल नारायण दास अहिरवार सांसद जालौन-भोगनीपुर, से मिला। सांसद ने भी तत्काल मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया तथा प्रकरण को संसद में उठाने का भी आश्वासन दिया। इन मुलाकातों के दौरान निधि शर्मा, सुमित गर्ग, कृष्णा पाण्डेय, विवेक शर्मा आदि भी उपस्थित रहे। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रयासरत हैं और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# पार्टी की तीन मीटिंग में नहीं आने पर पद छिनेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **अनुशासनहीनता करने वालों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई**

**अमृत विचार।** कांग्रेस में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई नाराजगी है तो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बजाए प्रदेश अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष के सामने मामला रखें। पार्टी में काम करने के बजाय सिर्फ फोटो खिंचाने वाले नेताओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और पार्टी की तीन मीटिंग में नहीं आने पर पद छीन लिये जाएंगे।

मंगलवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में तिलक हाल में बैठक हुई जिसमें संविधान बचाओ सम्मेलन को सफल बनाने एवं हर कार्यकर्ता के घर पर पार्टी का झंडा लगाने पर जोर दिया गया। कहा गया बिना कारण तीन मीटिंगों में लगातार नहीं आने वाले को पद से मुक्त किया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया पर पार्टी की नीतियों और नेताओं के विरुद्ध कोई बात लिखने की जगह सीधे शहर अध्यक्ष और फिर प्रदेश अध्यक्ष तक अपनी बात अनुशासित तरीके से पहुंचायें ताकि उसका निदान किया जा सके। तय हुआ कि 2027 में विस चुनाव के पूर्व जनता की समस्याओं को जानने के लिए घर-घर जाना होगा और उनकी समस्याओं को हल कराने के लिए कोशिश करें। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि कुछ नेता कार्यक्रमों से नदारद रहते हैं लेकिन मंच पर जगह या फोटो खिंचवाने और या बड़े नेताओं के कानपुर आगमन पर सबसे आगे स्थान चाहते हैं। हरप्रकाश अग्निहोत्री, बृजेश शर्मा, तौसीफ खान, आर के जगत, संतोष त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, संजय दीक्षित, रितेश यादव, निजामुद्दीन खां, आनंद शुक्ला, धर्मेंद्र बहादुर सिंह, महेन्द्र भदौरिया, राज कुमार यादव, विनय जायसवाल, गोविंद गुप्ता, रमाकांत मिश्रा, ओम नारायण तिवारी, सुनील अग्रवाल, अतुल त्रिपाठी, रवि किशन भारती आदि मौजूद रहे।

### आरपीएफ दरोगा ने लगाया गलत टिप्पणी का आरोप

**कानपुर।** आरपीएफ दरोगा अहमद के अनुसार वह सेंट्रल स्टेशन पर 2021 से तैनात हैं। उनके अनुसार एक सप्ताह से रेलप्रहार 4705 नामक ट्यूटर हैंडल पर एक व्यक्ति उनकी कार्यशैली को लेकर गलत तरीके पोस्ट कर रहा है। इससे उनकी समाज में छवि धूमिल हो रही है। वह मानसिक रूप से परेशान हैं।

उठाई मांग — सर्वे पर उद्यमी और श्रम विभाग के अधिकारियों के बीच हुई बैठक

# सीआईएस को सरल किए जाने का सुझाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



श्रमायुक्त को ज्ञापन सौंपते उद्यमी। अमृत विचार

● **उद्यमियों ने सर्वे को लेकर बताई समस्याएं, ज्ञापन भी दिया गया**

**अमृत विचार।** सीआईएस पर मंगलवार को मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश से जुड़े पदाधिकारी श्रमायुक्त से मिले। इस दौरान उद्यमियों ने सीआईएस से संबंधित समस्याएं बताईं। उद्यमियों ने सर्वे से संबंधित कई सुझाव व मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की।

सीआईएस पर मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश का एक प्रतिनिधि मंडल श्रमायुक्त मार्कण्डेय शाही से मिला। उद्यमियों के प्रतिनिधि मंडल में चेंबर की इंडस्ट्री समिति के सलाहकार प्रेम मनोहर गुप्ता, चेयरमैन सुशील शर्मा व वाइस चेयरमैन यादवेंद्र सिंह सचान शामिल रहे। उद्यमियों ने कहा कि उद्योग के सर्वेक्षण के लिए बनाए गए नियम बेहद जटिल हैं। यह नियम उद्यमियों को समझ नहीं आ रहे हैं। इसका लाभ सर्वे के दौरान आने वाले अधिकारी उठाते हैं। कई नियम ऐसे हैं जो छोटे उद्यमियों पर लागू ही नहीं होते हैं। उद्यमियों ने यह भी कहा कि यदि सर्वे से पहले उद्यमियों को सूचना मिल जाए तो भी उन लोगों को सहूलियत हो सकेगी। उद्यमियों की समस्याओं पर श्रमायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सीआईएस सर्वेक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार का उत्पीड़न किया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उद्यमियों को सीआईएस सर्वेक्षण के संबंध में जागरूक किया जाएगा तथा अनुपालन से संबंधित निर्देशों को सरल भाषा में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा उद्यमियों को यह स्पष्ट रूप से बताया जाएगा कि किस प्रकार के उद्योगों पर कौन-कौन से नियम लागू होते हैं और कौन से नहीं। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि कारखानों व अधिष्टानो मे नियोजित समस्त कर्मचारियों को वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाए। कारखानों के पंजीयन व नवीनीकरण मे सेवायोजक व भागीदार का मोबाइल नंबर अपलोड किया जाए। निरीक्षण की सूचना एमएमएस के माध्यम से 48 घण्टे पहले दी जा सके।

## बाइकों की भिड़ंत में दो लोग हुए घायल

**चौबेपुर।** कस्बे के पिपरी रोड के सामने हाईवे पर सोमवार दो बाइकों में आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा, जहां एक की हालत गंभीर देख उसे हैलट भेज दिया । प्रेमपुर गांव निवासी संतोष यादव एक निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड हैं। सोमवार रात वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक द्वारा कानपुर से घर वापस लौट रहे थे। तभी कस्बे में पिपरी गांव के सामने हाईवे पर विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में संतोष के अलावा दूसरा बाइक चालक हुकुमचंद निवासी टूडा कालोनी बिठूर, कानपुर नगर घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां संतोष को गंभीर हैलट भेज दिया गया।



# सिलेंडर फटने से गृहस्थी जली

संवाददाता, पुखरायां


आग बुझाते दमकलकर्मी और मौजूद थानाध्यक्ष अमिता वर्मा। अमृत विचार


बरौर में खाना बनाते समय फटा सिलेंडर।

**अमृत विचार:** बरौर कस्बे में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर फटने से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सिलेंडर के धमाके से लोग सहम गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार सूर्यप्रकाश ने भी मौके पर जांच की और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजने की बात कही।

बरौर कस्बा निवासी सुषमा ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह घर में खाना बना रही थीं, तभी गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई और जोरदार धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। धमाके से परिजन और आसपास के लोग भी सहम गए। आग की चपेट में आने से घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। सूचना मिलने पर बरौर थानाध्यक्ष अमिता वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। हादसे की सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार सूर्यप्रकाश ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। थानाध्यक्ष अमिता वर्मा ने बताया कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। नायब तहसीलदार सूर्यप्रकाश ने बताया कि जांच रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जाएगी।

## भेवान नहर में कटी खांदी, जेसीबी से पुराई, होगी जांच

**शिवली।** क्षेत्र के भेवान गांव के रामगंगा नहर में अवैध कुलावा रखने से खांदी कट गई, जिससे बड़ी मात्रा में नहर का पानी बर्बाद हो रहा था। सूचना पर सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जेसीबी से खांदी को बंद कराया। हालांकि फसल न होने से कोई नुकसान नहीं हुआ।

रामगंगा नहर में भेवान गांव के खांदी होने से पानी बर्बाद होने की सूचना पर जूनियर इंजीनियर अनुज पाल जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और खांदी को मिट्टी भर कर पानी बर्बाद होने से रोका। बताते हैं कि अवैध कुलाबा रखने से नहर में खांदी कटी थी। जूनियर इंजीनियर अनुज पाल ने बताया कि मिट्टी भरकर खांदी को बंद कर दिया गया है। नहर में खांदी कटने की गहराई से जांच भी की जाएगी।

# दो दिन से निरीक्षण, फिर डॉक्टर नदारद

संवाददाता, राजपुर

- दूसरे डिप्टी सीएमओ सलेमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे
- बिना सूचना के अस्पताल नहीं आए डॉक्टर और फार्मासिस्ट


मंगलवार को सलेमपुर सीएचसी पहुंचे डिप्टी सीएमओ डॉ. आशीष बाजपेई।

**अमृत विचार।** डीएम के साथ ही विभागीय अधिकारियों के लगातार निरीक्षण के बावजूद सलेमपुर सीएचसी की व्यवस्थाएं बेपटरी हैं। मंगलवार को डिप्टी सीएमओ ने औचक निरीक्षण कर ड्यूटी रजिस्टर जांचा तो एक डॉक्टर और एक फार्मासिस्ट फिर गायब मिले।

मंगलवार को सलेमपुर सीएचसी पहुंचे डिप्टी सीएमओ डॉ. आशीष वाजपेई ने सबसे पहले डयूटी रजिस्टर जांचा, जिसमे डॉ. प्रणवीर सिंह और फार्मासिस्ट अजीत कटियार बिना सूचना के नदारद मिले। डिप्टी सीएमओ ने जब फार्मासिस्ट से फोन पर बात की तो बताया गया कि उनकी पत्नी की अचानक तबीयत खराब होने से वह सीएचसी से वापस आ गए हैं।

डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं के स्टॉक की जांच की। निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर से दवाएं न लिखी जाएं। गर्मी के मौसम को देखते हुए ओआरएस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें।

उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएमओ डॉ.आशीष वाजपेई ने कहा कि लोगों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास जगाना बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी हो और उनके साथ स्वास्थ्य कर्मियों का व्यवहार सरल और दोस्ताना हो।

इसके बाद डिप्टी सीएमओ ने पीएचसी राजपुर पहुंचकर एएनएम के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में रहने वाले मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर पीएचसी प्रभारी डॉ. अमित निरंजन, डॉक्टर ध्रुव सिंह समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### निरीक्षण का भय नहीं रहा

सोमवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान को औचक निरीक्षण के दौरान सलेमपुर सीएचसी से आयुष चिकित्सक ध्रुव सिंह और फार्मासिस्ट अरुण सिंह नदारद मिले थे। उन्होंने राजपुर प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। इसके पहले 13 मई को जिलाधिकारी आलोक सिंह ने निरीक्षण किया था। उन्होंने भी सीएचसी में डॉक्टरों का अभाव व खामियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद सीएचसी के डॉक्टर व कर्मचारियों की मनमानी पर कोई सुधार नहीं है।

# झींझक में चोरी का खुलासा माल के साथ तीन गिरफ्तार

## कस्बे के विकास नगर इलाके में 27 मई की रात हुई थी चोरी की बड़ी वारदात

संवाददाता, मंगलपुर

- चित्रकूट कामतानाथ के दर्शन करने के लिए गया था परिवार
- चोरों के पास से नकदी, चांदी के सिक्के और जेवरात बरामद


पुलिस की हिरासत में चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खम्हैला अंडरपास के पास से पुलिस ने बीते दिनों झींझक कस्बे में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की नकदी, चांदी के सिक्के व सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए हैं।

झींझक कस्बा के वार्ड नंबर 27 विकास नगर निवासी रवि कुमार ने बीती 28 मई को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह 27 मई को परिवार सहित चित्रकूट दर्शन करने के लिए थे। 28 मई की दोपहर वापस लौटने पर घर का चैनल गेट का ताला टूटा मिला। साथ ही अंदर जाने पर अलमारियों के ताले भी टूटे हुए थे और उनमें रखा नगदी, सोने-चांदी के आभूषण समेत अन्य सामान चोरी हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी।

सोमवार को खम्हैला अंडरपास के पास से पुलिस ने चोरी के मामले में अभिषेक दूबे उर्फ प्रद्युम्न, विकास यादव उर्फ बिट्टू व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो बैगों में 24,100 रुपये, 350 ग्राम पुरानी सफेद धातु, 10 चांदी के सिक्के, लगभग 3.2 मिलीग्राम वजन के लॉकेट, नाक की कील, घुंघरू समेत सोने के आभूषण बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ताला तोड़ने में प्रयोग की गई सब्बल को भी बरामद कर लिया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में करें आवेदन

**कानपुर देहात।** उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सऊद ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों व पारंपरिक कारीगरों के विकास के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू की गई है।

योजना के अंतर्गत पारंपरिक कारीगर जैसे कुम्हार, राजमिस्त्री, बढ़ई, नाई, लोहार, दर्जी, हलवाई एवं धोबी के आजीविका के साधनों का सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किया जाएगा। साथ ही कौशल वृद्धि के लिए उन्हें कौशल मिशन के आरपीएल से जोड़ा जाएगा। वहीं ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए मास्टर क्राफ्ट्समैन द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूल किट्स भी दिए जाएंगे। आवेदनकर्ता की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष होनी आवश्यक है। वह ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# वैन से बचने के प्रयास में बाइक सवार महिला समेत चार गंभीर

संवाददाता, शिवली


शिवली-रसूलाबाद रोड पर भेवान के पास हादसे में क्षतिग्रस्त बाइकें। अमृत विचार

- शिवली सीएचसी से सभी घायल हैलट कानपुर रेफर


सड़क के किनारे पड़े घायल।

**अमृत विचार।** आगे-पीछे चल रहे दो बाइक सवार सामने से आ रही तेज रफ्तार मारुति वैन से बचने के चक्कर में सड़क पर जा गिरे। हादसे में एक महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी शिवली से सभी को कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया।

मंगलवार की शाम औरैया जिले के मदनपुर गांव निवासी विकास दीक्षित अपनी मां विजय लक्ष्मी व दूसरी बाइक पर सवार मदनपुर औरैया निवासी राजा सिंह अपने साथी डेरापुर निवासी सत्यम के साथ कानपुर जा रहे थे। तभी रसूलाबाद-शिवली मार्ग पर शिवली क्षेत्र के नयापुरवा मजरा भेवान गांव के पास शिवली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मारुती वैन से बचने के चक्कर में आगे-पीछे चल रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरे। जिससे बाइक सवार महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी शिवली लाई। जहां डॉ. अंकिता चंद्रा व प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ वर्मा ने सभी घायलों को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। शिवली कोतवाल मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में एक महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज होगी।

# गणित की संक्रियाएं सीख रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- टीवी पर कंप्यूटर और उसके पार्ट्स संबंधी वीडियो दिखाए
- डीसी और एसआरजी ने बांटी कहानियों की पुस्तकें


समर कैंप में कहानियों की पुस्तक के साथ बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के 658 उच्च प्राथमिक/संविलियन विद्यालयों में जारी समर कैंप में गीत और गतिविधियों के माध्यम से गणित की संक्रियाओं को बच्चे सीख रहे हैं। राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जारी साप्ताहिक पाठ्यचर्या के माध्यम से विद्यालयों में प्रातः 7 से 10 बजे तीन कालांशो में निर्धारित विषय वस्तु के क्रम में साप्ताहिक गतिविधियां कराई जा रही हैं।

समर कैंप की हकीकत जानने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला समन्वयक प्रशिक्षण सौरभ श्रीवास्तव, एसआरजी अनंत त्रिवेदी, प्रथम संस्था से डीसी दुर्गा प्रसाद तिवारी व संदीप यादव की संयुक्त टीम ने अकबरपुर के पीएमश्री विद्यालय रोशनमऊ, उच्च प्राथमिक विद्यालय बरौला, उच्च प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर का भ्रमण किया। पीएमश्री विद्यालय रोशनमऊ में अनुदेशक गौतम मिश्रा व हफीज अली द्वारा योग और खेल कराए जा रहे थे। छात्रों के तकनीकी ज्ञानवर्धन के लिए स्मार्ट टीवी पर कंप्यूटर और उसके पार्ट्स से संबंधित यूट्यूब वीडियो भी दिखाए गए। टीम ने बच्चों से अभी तक कराई गई गतिविधियों का फीडबैक लिया।

डीसी ने अभिभावकों से वार्ता कर समर कैंप में बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। एसआरजी अनंत त्रिवेदी ने आगामी 5 जून से 30 सितंबर तक आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान बच्चों को ईमानदारी, मित्रता, दया और साहस की शिक्षाओं से युक्त कहानियों की पुस्तकें भेंट की गईं। डीसी प्रशिक्षण, एसआरजी व प्रथम संस्था के प्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ क्रिकेट, कैरम और लीडर कौन खेल भी खेले।

# पियर लर्निंग से शिक्षक प्राप्त करेंगे निपुण लक्ष्य

- परिषदीय स्कूलों में चलाई जाएंगी रेमेडियल कक्षाएं
- बच्चों को करेंसी देकर प्रयोग के बारे में बताया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में निपुण लक्ष्य व मूल्यांकन में किए गए बदलाव के तहत अब बच्चों का समग्र मूल्यांकन किया जाएगा। वहीं बच्चों के बीच पियर लर्निंग (साथियों से सीखना) व रेमेडियल (उपचारात्मक) कक्षाओं पर भी जोर दिया जाएगा। फिलहाल यह प्रयोग खासतौर पर लक्ष्य न प्राप्त करने वाले विद्यालयों के लिए लागू किया जाएगा।

निपुण लक्ष्य के तहत वर्तमान में कक्षा एक व दो के बच्चों के भाषा व गणितीय दक्षता का मूल्यांकन किया जाता था, लेकिन शिक्षा मंत्रालय की ओर से संशोधित दो साल के लक्ष्य के तहत अब बच्चों का संपूर्ण मूल्यांकन होगा। इसमें बच्चों को करेंसी (नोट) देते हुए इसके प्रयोग के बारे में भी बताया जाएगा। बच्चों की पूरी समझ और उनके लिखने का भी मूल्यांकन होगा। इसी के अनुरूप बच्चों पर ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए बच्चों को हर माह के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा कराना होगा। बच्चों द्वारा सहपाठियों के साथ ज्ञान, विचार और अनुभव को साझा करने के लिए आपस में मिलकर पढ़ाई करने पर जोर दिया जाएगा। बच्चों की प्रगति का आंकलन करते हुए कक्षा व विषयवार रेमेडियल कक्षाएं भी चलाई जाएंगी। एनसीईआरटी की लाइब्रेरी बुक का प्रयोग पुस्तकालय में किया जाएगा। बीएसए अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि अच्छे विद्यालय व शिक्षक, अन्य विद्यालय व शिक्षकों के मार्गदर्शन व गुणवत्ता सुधार में भी मेंटर का काम करेंगे।

### राज्य स्तर से भी कराया जाएगा मूल्यांकन

अपर मुख्य सचिव के निर्देश के अनुसार निपुण विद्यालय के लिए अब दो स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया लागू होगी। इसके तहत पहले प्रधानाध्यापक विद्यालय के मूल्यांकन के लिए प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन नामांकन करेंगे। इसके बाद जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य के निर्देशन में विकास खंड क्षेत्र के अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के मेंटर से संबंधित विद्यालय का मूल्यांकन कराया जाएगा। डायट प्राचार्य की पुष्टि के बाद राज्य परियोजना निदेशालय भी डीएलएड प्रशिक्षुओं से विद्यालय के सभी बच्चों का मूल्यांकन कराएगा।

## सार-संक्षेप


मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे ग्राम प्रधान। अमृत विचार

### ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी को सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

**राजपुर।** ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले दर्जनों प्रधानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के नाम 5 और मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय के नेतृत्व में दर्जनों प्रधानों ने डीएम व एसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कोविड काल के समय बाधित हुए कार्यकाल को देखते हुए बढ़ाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से कुछ लोग ग्राम प्रधानों का शोषण कर रहे हैं, जिसको लेकर के प्रभावी कदम उठाएं।


किसानों को जानकारी देते उपकृषि निदेशक रामबचन राम और वैज्ञानिक।

### किसानों को खरीफ की फसल के बारे में दी गई जानकारी

**कानपुर देहात।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के छठवें दिन अमरौधा के नौ गांवों में कृषि वैज्ञानिकों की टीमों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया और योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी। मंगलवार को बिबियापुर, पनियांमऊ, कल्ला, नगीना बांगर, महेरा, मांचा, सरायं, सेल्हूपुर व अल्लापुर में तीन टीमों ने प्रशिक्षण दिया। टीम में कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के वैज्ञानिक डॉ. खलील खान, डॉ. राजेश राय, डॉ. अरुण कुमार, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर के वैज्ञानिक डॉ. योगेश तिवारी, डॉ. मनमोहन देव, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. वैभव कुमार, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. संजय बंदी ने धान, ज्वार, बाजरा, उर्द, मूंग व तिल की खेती के बारे में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक राम बचन राम ने कृषि यंत्रीकरण व सोलर पंप योजना की जानकारी दी। एडीओ बलवीर ने राजकीय कृषि बीज भंडार के बीजों पर सब्सिडी के बारे में बताया।


शोक संवेदना व्यक्त करते पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी। अमृत विचार

### निधन पर पूर्व सांसद वारसी ने जताया शोक

**कानपुर देहात।** अकबरपुर नगर पंचायत के अयोध्या नगर निवासी चांद बाबू राईन की पत्नी का आकस्मिक निधन होने के चलते पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने पारिवारिक जनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत वह सभी हर संभव सहयोग करेंगे। इस मौके पर सभासद बबलू भारती, जिलाध्यक्ष सुहेलदेव समाज पार्टी सरदार प्रमोद सिंह केशावत, फौजी संघ जिलाध्यक्ष रामस्वरूप पाल, रणविजय सिंह, शिव सिंह नायक, रामपाल नायक, सुनील राजपूत, सभासद हाजी अबरार, राजू राजपूत, नीरज राजपूत, रमेश नायक आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से मूंग की सिंचाई पर संकट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिले में नहरें और रजबहे सूखे पड़े, किसान चिंता में डूबे

**अमृत विचार।** जिले में बिजली की अंधाधुंध कटौती किसानों के लिए परेशानी का सवब बनी हुई है। रोस्टर के अनुसार बिजली न मिलने से किसान जायद की मूंग फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

इस साल मूंग की बुआई के रकबे में खासी बढ़ोत्तरी हुई है। इस बार मई के मध्य से ही तेज धूप व गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। इससे जून में गर्मी बढ़ने की संभावना है। जलस्तर काफी गिरने से टयूबवेल से सिंचाई का संकट है। अंधाधुंध बिजली कटौती किसानों के लिए मुसीबत बनी है। मौजूदा समय में मूंग को पानी की जरूरत है। हालत यह है कि ग्रामीण अंचल में 24 घंटे में से बमुश्किल आठ-दस घंटे भी बिजली मिल पा रही है। किसानों के पूछने पर विद्युत अधिकारी ऊपर से शटडाउन की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। जबकि कई बार ट्रांसफार्मर व मशीन खराब होने या अधिक लोड के चलते फाल्ट होने से कटौती की बात कहते हैं। ऐसे में किसानों के सामने मूंग फसल सिंचाई का संकट गहरा गया है। किसानों ने बताया गया कि पिछले कई वर्षों से मूंग की खेती करते आ रहे हैं। जिसमे प्रति बीघा चार से पांच हजार रुपये का खर्च आता है। इसमें बीज, दवा आदि का खर्च शामिल हैं। तीसरी फसल के रूप में मूंग की बुआई कर अतिरिक्त लाभ लेने के बारे में सोचा था, लेकिन बिजली संकट उनके अरमानों पर पानी फेर रहा है। इस समय नहर व बंबों में भी पानी नहीं है।

भरपूर बत्ती मिलेगी | जिलाधिकारी ने शांति समिति की बैठक में दिए निर्देश, निर्धारित स्थलों पर ही हो कुर्बानी

# प्रमुख चौराहों पर रखे जाएंगे बड़े कूड़ादान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



शांति समिति की बैठक करते डीएम आलोक सिंह व एसपी अरविंद मिश्र। अमृत विचार

- सभी एसडीएम को भ्रमण कर व्यवस्थाएं जांचने के निर्देश
- संदिग्ध स्थानों पर पैनी नजर रखने को भ्रमण करेगी पुलिस

**अमृत विचार।** आगामी पर्वों को देखते हुए जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को शांति समिति व कानून व्यवस्था की बैठक कलेक्ट्रेट के मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में हुई। इस दौरान सभी ईओ व डीपीआरओ को मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने समेत अन्य निर्देश दिए गए।

मंगलवार को शांति समिति की बैठक में जिलाधिकारी आलोक सिंह ने सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों व निर्धारित स्थलों पर कूड़ा ट्राली और बडे डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता विद्युत को रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति, सेक्टरवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी से संबंधित गतिविधि का संचालन हो। कोई भी नई परंपरा न स्थापित हो।

जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को भ्रमण कर व्यवस्थाओं को जांचने व दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कडे. इंतजाम किए जाए। कानून एवं शांति व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए। एसडीएम, सभी क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखें और भड़काऊ पोस्ट करने वालों को चिंहित कर कड़ी कार्रवाई करें। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए। कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेषों को उचित स्थान पर डिस्पोज करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि नमाज निर्धारित स्थलों पर ही पढ़ी जाए। सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए। बैठक में पुलिस अधीधक अरविंद मिश्र ने कहा कि सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस तैनात किया जाएगा। इसके अलावा संदिग्ध स्थानों पर भ्रमण भी किया जाएगा। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एएसपी राजेश पांडेय, सीएमओ डॉ. एके सिंह, एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार पर परिवहन कर्मी होंगे दंडित

अमृत विचार, लखनऊ : दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार करने वाले परिवहन निगम कर्मी दंडित होंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। राज्यमंत्री मंगलवार को विधानभवन में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की। यात्रियों का विस्तृत रिकॉर्ड बनाने व चालक-परिचालकों को संवेदनशील व्यवहार का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाय। यह रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए।

# सभी जिलों में सीटी स्कैन होगा निःशुल्क

- अब तक लखनऊ, गोरखपुर रायबरेली समेत कई जिलों में सीटी स्कैन के लिए जमा कराए जा रहे थे 500 रुपये
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर मरीजों को दी गई राहत
- 12 मेडिकल संस्थानों में 464.70 लाख रुपये से बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी जिलों में अब निःशुल्क सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लागू हुई इस सुविधा से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

दरअसल, सभी जिला अस्पतालों में पैथोलॉजी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांचों की भांति सीटी स्कैन भी निःशुल्क हो रहा है, लेकिन छह जिलों में सीटी स्कैन जांच के एवज में मरीजों से 500 रुपये शुल्क जमा कराया जा रहा था। लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद एवं रायबरेली में सीटी स्कैन जांच के लिए रोगी कल्याण निधि में बतौर यूजर चार्जेज 500 रुपये जमा कराए जा रहे थे। ब्रजेश पाठक की पहल पर यह शुल्क माफ कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 12 मेडिकल कॉलेज व कानपुर के दो संस्थानों में मरीजों के हितों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसमें आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, जालौन, कन्नौज व बदायूं और कानपुर के हृदय रोग संस्थान, जेके कैंसर संस्थान के लिए 464.70 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस क्रम में अवमुक्त धनराशि में से प्रति मेडिकल कॉलेज को 33.5 लाख तथा जेके कैंसर संस्थान को 31 लाख रुपये आवंटित किया गया है। इससे मेडिकल कॉलेज व संस्थान आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# 47 जिलों में मोटे अनाज की खेती को आगे आई सरकार

- 24 जिलों में ज्वार, 38 में बाजरा, 13 में कोदो व 12 में सावां की खेती की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स (मोटे अनाज/श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने की व्यापक योजना तैयार की गई है।

यह योजना वर्ष 2025-26 की राज्य कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत संचालित की जाएगी। अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, सीतापुर समेत प्रदेश के 47 जिलों में इसकी पूरी योजना तैयार कर ली गई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए छोटे और मझोले किसानों को लाभान्वित करना है। जिससे एक ओर किसानों की आमदनी में इजाफा हो और दूसरी ओर लोगों को पोषणयुक्त अनाज उपलब्ध कराया जा सके। इसमें ज्वार, बाजरा, कोदो और सावां जैसे परंपरागत और स्वास्थ्यवर्धक अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**इन जिलों में ज्वार की फसल से बढ़ेगी आमदनी :** अयोध्या, बाराबंकी, बांदा, चित्रकूट, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहपुर, जालौन, हमीरपुर, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, महोबा, रायबरेली, प्रयागराज, अमेठी, सोनभद्र, सीतापुर, हरदोई, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी।

**इन जिलों में बाजरे से होगा मोटा मुनाफा :** आगरा, बदायूं, अलीगढ़, फिरोजाबाद, सम्भल, हाथरस, एटा, मथुरा, कासगंज, इटावा, औरैया, प्रयागराज, कानपुरदेहात, मैनपुरी, गाजीपुर, बरेली, जालौन, मिर्जापुर, बुलन्दशहर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, चित्रकूट, भदोही, फतेहपुर, वाराणसी, फर्रुखाबाद, जौनपुर, चन्दौली, बांदा, कन्नौज, शाहजहांपुर, हरदोई, अमरोहा, मुरादाबाद, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, कानपुरनगर एवं सीतापुर।

**इन जिलों में सावां के जरिए बढ़ेगी कमाई :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, जौनपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, भदोही, वाराणसी, चन्दौली एवं हमीरपुर।

**इन जिलों में कोदो की फसल से बदलेगी किसानों की तकदीर :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, फर्रुखाबाद, चन्दौली, भदोही, प्रतापगढ़, जौनपुर, हरदोई, वाराणसी, मुरादाबाद एवं हमीरपुर।

# सरकारी राशन बांटने को बनेंगे अन्नपूर्णा भवन

## यूपी कैबिनेट का फैसला : हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 भवन बनाए जाएंगे, सरकारी खजाने से होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत बनाने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा भवन योजना शुरू करने जा रही है। हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे। इन भवनों के निर्माण को गति देने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में सरकारी खजाने से भी इनका निर्माण कराने का फैसला लिया गया है। यह भवन ग्राम समाज की आय का साधन भी बनेंगे। यहां राशन के अलावा अन्य सामान की भी बिक्री हो सकेगी।


जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

इस बाबत वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुंदेलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केंद्र सरकार की योजना से अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग बचत से धनराशि की व्यवस्था करेगा।सुरेश खन्ना के अनुसार, 484 वर्ग फुट में इसे बनाया जाएगा। वर्ष 2025-26 में 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन का निर्माण 8.50 लाख रुपये में कराया जा रहा है।

### विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी

अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय शुरू करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। इसके लिए लेटर आफ परमिशन (एलओपी) जारी किया गया है। वहीं, गाजियाबाद स्थित अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कालेज को निजी विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) सौंपा गया है। इसके अलावा, सिद्धार्थनगर जिले में स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के भवन निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है।

**5 मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति :** कैबिनेट ने उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रालि., बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रालि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपये, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

**नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत :** हल्दीराम स्नैक्स प्रा.लि. गौतमबुद्ध नगर में 662 करोड़ रुपये से खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग तैयार करने की इकाई स्थापित करेगी। कैबिनेट की बैठक में इस संदर्भ में एलओसी (लेटर आफ कंफर्ट) जारी करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

**दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति :** राज्य में डाटा सेंटर (प्रथम संशोधन) नीति-2021 के अंतर्गत निवेशक मेसर्स एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रालि. को दो ग्रिड लाइनों द्वारा विद्युत आपूर्ति का लाभ प्रदान किए जाने के संबंध में कैबिनेट से प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

# लखनऊ में बनेगी देश की पहली स्वदेशी फैब लाइन

- आईआर डिटेक्टरों का होगा निर्माण, परियोजना पर खर्च होंगे 2000 करोड़
- आईआरडीई देहरादून और यूपीडा के बीच हुआ एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में आईआर डिटेक्टरों के निर्माण के लिए देश की पहली स्वदेशी फैब-लाइन स्थापित होगी। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में 25 एकड़ क्षेत्र में इसका निर्माण होगा। इस परियोजना पर दो हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। लगभग 650 नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

सोमवार को लोकभवन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आईआरडीई) देहरादून और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।


समझौता ज्ञापन दिखाते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अधिकारी।

एमओयू के तहत रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधीन एक अग्रणी प्रयोगशाला आईआरडीई, आईआर डिटेक्टरों के विकास और निर्माण के लिए फैब-लाइन की स्थापना होगी। इस अवसर पर आईआरडीई के निदेशक डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुधीर खरे, डॉ. निमिष दीक्षित, अजय मिश्रा, डॉ. प्रभात शर्मा, एसएन सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

आईआरडीई के अधिकारियों ने डिफेंस नोड पर प्रस्तावित साइट का भ्रमण भी किया।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

## प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में योगी ने कार्यकर्ताओं को समझाई रणनीति



लखनऊ में कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री योगी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व अन्य पार्टी नेता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से मंगलवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनजागरण की रणनीति समझाई और बूथ स्तर तक संवाद करने का मंत्र दिया। कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में देश को मोदी जैसा नेतृत्व मिलना हम सबका सौभाग्य है।

'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष' थीम पर हुई इस कार्यशाला की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से हुई। मुख्यमंत्री योगी ने 9 जून से 21 जून तक कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र देते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। योगी ने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की रूपरेखा का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को अखिल भारतीय स्तर पर प्रचारित करने का समय है, जिसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां शामिल होंगी। योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं से यूपी में आए व्यापक बदलावों और विकास की विस्तार से चर्चा की।

### पेशेवर समूहों को भी जोड़ें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित न रहें, बल्कि आम जन, पेशेवर समूहों, और लाभार्थियों को भी अभियान से जोड़ें।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, बसंत त्यागी, भूषण सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल समेत भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिहार में नाबालिग के साथ दुष्कर्म व हत्या चिंतनीय

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में अनुसूचित वर्ग के नाबालिग के साथ दुष्कर्म, चाकू से गोदकर मारने व पटना अस्पताल में इलाज में लापरवाही से मौत की घटना बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है। यह अति निंदनीय व चिंतनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि बिहार सरकार दोषियों के खिलाफ त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।



# पांच डॉक्टर होंगे बर्खास्त, कई अन्य पर भी गिरी गाज

- उप मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव को बछरावां में तैनात चिकित्सकों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मरीजों के प्रति असंवेदनशील और कार्य में लापरवाह पांच चिकित्सक बर्खास्त होंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को दिए हैं।

बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार और डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। मरीजों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। ब्रजेश पाठक के मुताबिक, बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अपर निदेशक, लखनऊ मंडल के निरीक्षण में कई शिकायतें सही पाई गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को बछरांवा से बलिया में स्थानांतरित करते हुए आरोप-पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं, अनधिकृत रूप से बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित डॉ. इन्द्रभूषण जायसवाल के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने बताया कि अमेठी के गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार को शासन ने 3 जनवरी को जिला चिकित्सालय, बलिया स्थानान्तरित किया था। इसके बावजूद डॉ. संदीप ने बलिया जिला चिकित्सालय में ज्वाइन नहीं किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश यादव की पीजी पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उनकी तैनाती जिला चिकित्सालय, हरदोई (वर्तमान में स्वशासी मेडिकल कॉलेज, हरदोई) में 21 जनवरी 2021 को की गई थी, लेकिन डॉ. बृजेश यादव ने तैनाती स्थल पर अब तक ज्वाइन नहीं किया। ऐसे में दोनों चिकित्साधिकारियों को शासन के आदेशों को न मानने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद डॉ. बृजेश यादव को लखनऊ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय, जबकि डॉ. संदीप कुमार को आजमगढ़ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।

### लखनऊ के चिकित्सकों पर भी कार्रवाई

लखनऊ के लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ. ऊषा चन्द्रा बिना सूचना गैरहाजिर हैं। उनके विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश हैं। बलरामपुर स्थित मेमोरियल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा रंजन के विरुद्ध भी चिकित्सालय की साफ-सफाई न रखने, मरीजों के चिकित्सकीय कार्यों एवं पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने के लिए आरोप-पत्र देकर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं।

# श्रमिकों को मिलेगा डिजिटल न्याय, जल्द शुरू होगा ई-कोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार सिर्फ निवेश ही नहीं, बल्कि श्रमिक सम्मान का राष्ट्रीय मानक गढ़ने के लिए औद्योगिक विवादों के समाधान में डिजिटल तकनीक अपनाने की तैयारी है। श्रम न्यायालयों और अधिकरणों के निर्णयों का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और त्वरित बनाने के लिए ई-कोर्ट व्यवस्था लागू होगी। साथ ही, श्रम आयुक्त की अनुमति के निरीक्षण नहीं होगा और निरीक्षण के 48 घंटे में रिपोर्ट सार्वजनिक करनी होगी।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग डिजिटल तकनीक के माध्यम से श्रम विवादों के समाधान को आसान बनाएगा। जल्द ही ई-कोर्ट के जरिए केस फाइलिंग से लेकर सुनवाई तक की सुविधा शुरू होगी। इससे धन व समय की बचत के साथ पारदर्शिता भी आएगी। इससे आनुतोषिक भुगतान, कर्मचारी प्रतिकर, वेतन भुगतान, समान पारिश्रमिक, मातृत्व लाभ, और श्रमजीवी पत्रकारों से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होगा।


## वर्ग पहेली- 451

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर; कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



## वर्ग पहेली -450 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | मै | ला |

## सुडोकू -175

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| | | | | 6 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | | 9 | | | |

## सुडोकू - 174 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- नवमी 23 .54 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 5 जून 03 .35 तक तत्पश्चात हस्त।


मेष

आज पिछले काफी समय से जिस कार्य में फंसे थे, वो पूर्ण हो सकता है। कारोबार में महत्वपूर्ण समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भाग-दौड़ी करनी पड़ेगी। एकांत में आपको समय अवश्य बिताना चाहिए। पिता के कार्यों में आप सहयोग देंगे।


वृष

आज आपको अपनी प्रबंधन क्षमताओं को दुरुस्त करना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट का लाभ उठा सकते हैं। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें, लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे।


मिथुन

आज मन में उलझनों का अंबार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में समस्या होगी। काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है।


कर्क

आज बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा। आप नए कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को पदोन्नति मिल सकती है।


सिंह

आज संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय अत्यंत सावधानी रखनी होगी। अचानक खर्चे बढ़ सकते हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी समस्या हो सकती है। गैस और कब्जियत की शिकायत होने की संभावना है।


कन्या

आज व्यापार की समस्याओं का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। आपके काम की सर्वत्र प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें।


तुला


आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिए। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। अपनी गलतियों को ढकने से बचें। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी को उधार देने से बचें।


वृश्चिक

आज व्यापार में बड़े अनुबंध और ऑर्डर मिलने की प्रबल संभावना है। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। घर का वातावरण बहुत ही शांत रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे।


धनु

आज कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुए कार्य पुनः प्रारंभ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। शुभ कार्यों में अधिक धन खर्च कर सकते हैं।


मकर

आज जॉब में अचानक ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र के वातावरण में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।


कुंभ

आज अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है।


मीन

आज अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पूरी एकाग्रता से साथ सभी कार्य करें। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है, जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है, जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# महत्व और चुनौतियां

देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। मानसून भारत की कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। मानसून वार्षिक वर्षा में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। मानसून के कारण देश में जल संसाधनों का पुनर्भरण होता है, जिससे जल विद्युत उत्पादन और जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। परंतु मानसून राहत के साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है। इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश से कैसे हालात पैदा होंगे, इसका सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है। दक्षिण-पूर्व मानसून का आगमन मूसलाधार बारिश के साथ हुआ है और अनुमान के मुताबिक ही उसने तबाही मचाई है। मानसून के आगमन से पहले विभिन्न राज्यों में भारी बारिश से जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में भी बारिश का दौर जारी है। उत्तर सिक्किम में, लगातार बारिश से सड़कें बाधित होने के साथ ही भूस्खलनों के चलते लगभग सैकड़ों पर्यटक फंसे हुए हैं। त्रिपुरा में भी सप्ताहांत के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई और लगभग पूरे सप्ताह अत्यधिक वर्षा होने का अनुमान है।

आधिकारिक आकलनों के मुताबिक, बारिश के चलते भू-स्खलन, बाढ़, औचक बाढ़ और बिजली गिरने से पूर्वोत्तर क्षेत्र में 29 मई तक 30 जानें गईं और 31 मई को 22 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक बस उफनाती तीस्ता नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और बाकी यात्री लापता हैं। खबरें हैं कि आने वाले समय में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अभी तो जून की शुरुआत ही है और मानसून 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर करता है। मानसून के सामान्य से अधिक रहने के अनुमान को देखते हुए आपदाओं की बाढ़ का अनुमान स्वाभाविक माना जाएगा। जब तक बाढ़ और जल प्रबंधन की प्रक्रिया सतत जारी रखने की परंपरा विकसित नहीं होगी, चुनौतियों से पार नहीं पाया जा सकता। जल निकासी प्रणाली में सुधार न होने से बड़े शहरों में बारिश के दौरान जगह-जगह जलभराव के हालात पैदा हो जाते हैं। चिंता की बात है कि जलाशयों का रास्ता नहीं मिलने से बारिश का पानी व्यर्थ बह जाता है। मानसून की बारिश को नुकसान के बजाय अधिकाधिक लाभ में बदला जाना चाहिए। इस दिशा में भी दीर्घकालीन नीतियों बनाने की जरूरत है। दरअसल देश को मजबूत मानसून प्रबंधन तंत्र की जरूरत है।

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं।

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है। बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृहमंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो, लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदूवादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदूवादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबरा गई। अंततः हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया।

दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में ज़बरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलनकारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की, कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा

> प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता।

के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं।

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिलीजुली साझा सरकार भले ही है, लेकिन ये जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं।

अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे, तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस लेकर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर, उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है।

एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनॉरिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। मजे की बात यह है कि नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उन पर गहरा असर पड़ा है। तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं, इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है, लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे, लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है।

प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निस्संदेह उनकी भी छवि भारत विरोधी ही रही है, लेकिन इनमें खास यह है कि ये राजनीतिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है। ओली उत्तराखंड के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और काला पानी क्षेत्र को मुद्दा बनाकर भारत के खिलाफ रहते हैं। वहीं प्रचंड इस मुद्दे को दोनों देशों के बीच बातचीत से हल करना वाजिब मानते हैं। वे इसके बदले दार्जिलिंग में जमीन की मांग करते हैं। वे यह जानते हैं कि यह आसान नहीं है, लेकिन कम से कम बातचीत का माहौल तो बनाए रखना चाहते हैं।

प्रचंड नेपाल के लिए चीन के महत्व को नकारते नहीं हैं, लेकिन भारत को दरकिनार कर चीन की गोद में बैठ जाना भी नेपाल के हित में नहीं मानते। बीते कुछ महीनों में भारत के प्रति प्रचंड के नजरिए में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। वे साफ कहते हैं कि भारत के बिना नेपाल अधूरा है। भारत का भी प्रचंड के प्रति नजरिया बदला है। प्रचंड इस बात को लेकर मुत्मइन हैं कि भारत चूंकि स्वयं को लोकतंत्र की जननी कहता है इसलिए नेपाली लोकतंत्र के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा सकता और न ही लोकतंत्र विरोधियों को शह दे सकता है। बेशक भारत के हिंदूवादी संगठन चाहते हैं कि नेपाल हिंदू राष्ट्र फिर बन जाए या राज संस्था की बहाली हो जाए, लेकिन ऐसा भारत भी चाहता हो यह जरूरी नहीं, क्योंकि वह जानता है कि नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र अब राजा लायक नहीं रह गए। हां आज यदि स्वर्गीय वीरेंद्र शाह का कोई वंश बचा होता तो हिन्दू राष्ट्र और राज संस्था दोनों की बहाली आसान होती।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता। प्रचंड यह भलीभांति जानते हैं कि उनके प्रधानमंत्री बनने में भारत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। भारत भी भारत के लिए नेपाल की राजनीति में प्रचंड को जरूरी मान रहा हो, यह जरूरी नहीं, लेकिन नेपाल के राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि नेपाल की राजनीतिक परिस्थितियां देखते हुए भारत को अपना हित ध्यान में रखते हुए प्रचंड पर दांव लगाने पर सोचना चाहिए।

## प्रसंगवश

# शहरीकरण की बेरहम कहानी

शहरों के फैलते नक्शे में सबसे पहले मिटने वाला स्थान अक्सर तालाब होता है। कभी गांव - कस्बों के मध्य में बने तालाब जीवन का केंद्र हुआ करते थे- पूजा, विवाह, तीज-त्योहार, खेलकूद, पानी भरना, जानवरों को नहलाना सबकुछ इन्हीं के चारों ओर होता था, लेकिन आज वही तालाब कंक्रीट की बस्तियों के नीचे दब रहे हैं। नगरों के शहरी विकास ने पारंपरिक जल-संरचनाओं की अहमियत को भुला दिया है।

भूमाफिया और रियल एस्टेट लॉबी ने इन्हें जमीन के खाली टुकड़े मान लिया है और जब शासन-प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत हो, तो ये तालाब धीरे-धीरे नक्शे से भी गायब हो जाते हैं। पहले पाटे जाते हैं, फिर रेत और मलबे से भरे जाते हैं, और अंततः प्लॉटिंग कर दी जाती है। यही प्लॉट कुछ वर्षों में दुकान, मकान या शॉपिंग मॉल में बदल जाता है। पानी, जो कभी वहां का आधार था, अब वहां से भटककर बस्तियों में घुस आता है। इस अतिक्रमण से भूजल स्तर गिरता है, बारिश का जल ठहरता नहीं और शहर जलजमाव से कराहते हैं। तालाब का मरना केवल एक प्राकृतिक संसाधन का अंत नहीं, एक सांस्कृतिक मृत्यु भी है और विडंबना यह है कि यह मृत्यु हमारी आंखों के सामने, हमारी सहमति से हो रही है। अतिक्रमण की इस कहानी के उदाहरण देशभर में बिखरे पड़े हैं, जिनमें प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय दबाव साफ दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सुंदरवल गांव का मामला सामने आया, जहां सरकारी तालाब की भूमि पर दिनदहाड़े दुकानें बना दी गईं। स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन राजस्व विभाग मौन रहा।



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

अयोध्या के मीरापुर मोहल्ले में स्थित एक ऐतिहासिक तालाब लगभग पूरी तरह पाट दिया गया। 90 प्रतिशत हिस्से में अब निर्माण हो चुका है। बिजनौर जिले के नहटौर कस्बे में 120 बीघा तालाब पर वर्षों से अवैध कब्जा था, जिसे प्रशासन ने हाल ही में मुक्त कराया। ये घटनाएं बताती हैं कि अतिक्रमण केवल गरीबों की जरूरत से नहीं, बल्कि पैसे और सिफारिश की ताकत से होता है। कहीं तालाब को स्कूल बनाने के बहाने कब्जाया जाता है, तो कहीं पार्क का नाम देकर दीवार खड़ी कर दी जाती है। फिर वो दीवार साल-दर-साल पक्के निर्माण में बदल जाती है। अफसोस की बात है कि जिन दस्तावेजों में तालाब दर्ज हैं, वहां भी प्रशासनिक रिकॉर्ड को नकार दिया जाता है। इससे यह साबित होता है कि कागज की लड़ाई सिर्फ ईमानदार नागरिक ही हारते हैं, भूमाफिया नहीं। प्रशासन की चुप्पी इस संकट की सबसे खतरनाक परत है। जब शिकायतें दर्ज होती हैं, तो उन्हें 'पुराना मामला' या 'न्यायालय में लंबित' कहकर टाल दिया जाता है। फाइलें महीनों चलती हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। कई बार तो सरकारी रिकॉर्ड से तालाब की पहचान ही मिटा दी जाती है या तो उसे 'खाली भूमि' दर्ज कर दिया जाता है या 'अराजी' घोषित कर दिया जाता है। यही वह प्रशासनिक चाल है, जिससे जमीन का मालिकाना बदल जाता है। स्थानीय नेताओं और अफसरों की मिलीभगत से तालाब पाटे जाते हैं और जमीन का नक्शा बदल जाता है। यही कारण है कि भारत के अधिकांश शहरों और कस्बों में आज के तालाब केवल 'कहानी' रह गए हैं। बच्चे पूछते हैं: "तालाब क्या होता है?" और हम तस्वीर दिखाकर बताते हैं। यह एक सांस्कृतिक शून्यता है, जो चुपचाप हमारे चारों ओर पनप रही है। इसलिए प्रश्न अब केवल प्रशासन से नहीं, हम सब से भी है कि हम क्या खो रहे हैं?

अंततः, तालाबों का संरक्षण केवल जल प्रबंधन का सवाल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और भावी पीढ़ियों के अधिकार का सवाल है। यह अतिक्रमण केवल भूमि हथियाने की कहानी नहीं, बल्कि एक सभ्यता के स्मृति-चिन्हों को मिटाने की साज़िश है। अगर हमने अब भी नहीं चेता, तो आने वाले वर्षों में बच्चों को तालाब केवल किताबों में मिलेंगे जैसे आज सिंधु घाटी की सभ्यता मिलती है। हमें यह समझना होगा कि तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, सामाजिक एकता, परंपरा और पर्यावरण का बुनियादी आधार हैं। प्रशासन को सख्त नीति अपनानी होगी, तालाबों का डिजिटल नक्शा तैयार कर सार्वजनिक करना होगा और प्रत्येक अवैध निर्माण पर सज़ा तय करनी होगी। साथ ही हमें शिक्षा, संवाद और सामूहिक प्रयासों के जरिए यह चेतना फैलानी होगी कि "तालाब बचाओ" केवल नारा नहीं, आवश्यकता है। यदि हम सच में एक जीवंत समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें उसके 'जल स्रोत' को नहीं, 'जल चेतना' को पुनर्जीवित करना होगा।

# समुद्री सीमा पर मंडराता प्रदूषण का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है।

लाइबेरियाई कंटेनर जहाज केरल के अलपुजा तट पर थोतापल्ली से कोई 14.6 समुद्री मील दूर समुद्र में डूबने के बाद सारे क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा हो गया है। यह शनिवार 24 मई को एक तरफ झुकना शुरू हुआ और रविवार 25 मई की सुबह लगभग 7.50 बजे पूरी तरह से डूब गया। भारतीय तटरक्षक दल ने तो तत्परता से जहाज पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन समुद्र कैसे बचे, इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जहाज में भरा तेल और भट्टी में जलाने के काम आने वाला तेल तो सागर के जैविक संसार के लिए खतरनाक है ही, उसमें लदे कंटेनर में भरे रासायनिक पदार्थ लंबे समय तक तबाही का कारण बन सकते हैं। इस जहाज में कुल 640 कंटेनर लदे थे। इस लेख को लिखे जाने तक कम-से-कम 54 कंटेनर कोल्लम (43), तिरुवनंतपुरम (9) और अलप्पुझा (2) के समुद्र तटों पर बहकर आए हैं। इसके बावजूद, केरल के तट के पास उच्च समुद्र की लहरों से क्षतिग्रस्त कंटेनरों का मलबा केरल के दक्षिणी समुद्र तटों पर आ सकता है। तिरुवनंतपुरम के तट पर छोटे-छोटे प्लास्टिक और पॉलीथीन के दाने बहकर आए हैं, जो लंबे समय तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का खतरा बन सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि रबर सॉल्यूशन समुद्र के पानी के साथ प्रतिक्रिया कर चुका है, जिसके कारण प्लास्टिक के ये दाने पाए जा रहे हैं। अभी तक इनके सुरक्षित तरीके से निपटाने का कोई स्पष्ट समाधान नहीं है।

राज्य सरकार ने इसे प्रादेशिक स्तर की आपदा घोषित कर स्वयंसेवकों की मदद से समुद्र तट की सफाई शुरू की है। कैल्शियम कार्बाइड वाले पांच कंटेनर, जो एक और प्रदूषण का खतरा हैं, समुद्र के तल पर पड़े हैं और इन्हें सुरक्षित तरीके से निपटाना आवश्यक है ताकि वे नुकसान न करें। मुख्य चिंता यह है कि जो चीजें लदी थीं, उनमें से 13 को "खतरनाक कार्गो" के रूप में वर्गीकृत किया गया था और 12 में कैल्शियम कार्बाइड था। इसके अलावा, जहाज में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस तेल भी है। ये कंटेनर कोई तीन किलोमीटर की गति से समुद्र में बह रहे हैं और कहा नहीं जा सकता कि कौन-सा कंटेनर किस दिशा में कहां जाए और क्या-क्या नुकसान करे। केरल सरकार ने भी नुकसान कम करने, इसका आकलन करने की दिशा में कुछ फौरी कदम उठाए हैं। 20 समुद्री मील की दूरी तक मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है। ड्रोन से निगरानी करने के साथ सफाई करने के ख्याल से हर 100 मीटर पर वॉलिंटियर लगाए गए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व में रैपिड रेस्पॉन्स टीम तैनात करने के अलावा तेल रिसाव की स्थिति पर नजर रखी जा रही। केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने समुद्री पर्यावरण पर जहाज दुर्घटना के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। दरअसल मानसून समय से पहले आ गया है और मुख्य चिंता यह है कि यह समय समुद्री जीवों, खासकर मछलियों का प्रजनन काल होता है। ऐसे में तेल और खतरनाक रसायन का रिसाव समुद्री उत्पादकता को नुकसान पहुंच सकता है। ज्यादा और गंभीर रिसाव होने पर समुद्री जीवों का दम घुट सकता है, जिससे दूरगामी नुकसान की आशंका है। शुरुआती आकलन यह है कि इस जहाज में लदे कैल्शियम कार्बाइड से भरे कंटेनरों से सबसे भयावह नुकसान की आशंका है। जहाज की ईंधन टंकी में रखे डीजल की बड़ी मात्रा का रिसाव भी समुद्र के लिए घातक है। तेल अगर समुद्र तटों, मैंग्रोव जंगलों और दलदली भूमि पर जमा हो गया, तो यह संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। जहाज में लदा फर्नेस तेल वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल (वीएलएसएफओ) कहलाता है। पेट्रोलियम के इस उत्पाद का उपयोग जहाजों के इंजन में ईंधन के रूप में किया जाता है। इसमें गंधक की मात्रा कम होती है, लेकिन कुप्रभाव डीजल की तरह ही होता है।

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्यपालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इनमें से 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। केन्द्र सरकार भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाजों की उम्र तय करने पर विचार कर रही हैं। जलयान विभाग के महानिदेशक श्याम जगन्नाथन के मुताबिक, जहाज की उम्र अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत कोई बंधन नहीं हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है कि भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाज समुद्री मानदंडों का पालन करें।

## सोशल फोरम

# इतिहास का एक सबक

बांग्लादेश देश बनने के बाद से पाकिस्तान ने 'हजार घाव देकर भारत का खून बहाते रहने' की नीति अपना ली, जिसे वह निरंतर आतंकी हमलों के माध्यम से अंजाम देता रहा है। लिहाजा दोनों के बीच लगातार छद्मयुद्ध जारी है। 22 मई 2025 को पहलगाम में हुए नृशंस हत्याकांड को इस दीर्घ सिलसिले की अंतिम कड़ी कहने की तीव्र इच्छा होने के बावजूद, निश्चित रूप से इसे अंतिम कहना कठिन है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इतिहास गवाह है कि विभाजन के बावजूद भारत की हिन्दू-मुस्लिम समस्या का हल नहीं हुआ। दोनों देशों में रह गए अल्पसंख्यकों का सवाल किसी ने नहीं उठाया। कांग्रेस ही उठा सकती थी, किंतु वह पाकिस्तान प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने के बावजूद अपने इतिहास से, एक राष्ट्र सिद्धांत से बंधी हुई थी। लिहाजा पश्चिमी पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों का लगभग सफाया हो गया। पूर्वी पाकिस्तान में यह काम किस्तों में हुआ। विभाजन के समय, फिर 1950 में, जो नेहरू लियाकत पैक्ट की पृष्ठभूमि बना। फिर बांग्लादेश युद्ध के पूर्व और उसके दौरान। फिर शेख हसीना के तख्तापलट के पहले और उसके बाद। भारत में भी अल्पसंख्यकों की स्थिति सामान्य नहीं है। चीन ने 1963 से ही पाकिस्तान से होकर अरब सागर में ग्वादर तक 3000 किमी लंबा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण की योजना पर काम करना शुरू कर दिया था।

इस गलियारे की काफी दूरी पाकिस्तान अधिकृत (गिलगित-बाल्टिस्तान के) तथा चीन-अधिकृत (शक्सगाम घाटी के) भारतीय भूक्षेत्र से होकर गुजरती है। हमारे दोनों शत्रु नाभिकीय अस्त्रों से संपन्न हैं। दोनों देशों के इस सामरिक और आर्थिक गठजोड़ ने भारत की सुरक्षात्मक स्थिति को बेहद नाजुक बना दिया है। देश का विरोधी पक्ष युद्ध विराम के लिए सरकार को लगातार कोस रहा है। सरकार भी, शायद फेससेविंग के तहत, पाकिस्तान को लगातार ललकार रही है। बस भूलकर भी चीन का नाम नहीं लेती। जैसे किसी यूटोपिया में जी रही हो।

**-फेसबुक वॉल से**

# कोविड संक्रमण से बचने के लिए चमगादड़ों पर अध्ययन

कोविड-19 विषाणु के संक्रमण से फैली महामारी से छुटकारा मिला ही था कि इस विषाणु के दो नए विभेदों (वेरिएन्ट्स) ने फिर से दुनिया में खतरा पैदा कर दिया है। ये दोनों वेरिएन्ट्स अत्यधिक सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन अधिक खतरनाक नहीं है। भारत में इस समय सार्स कॉव-2 के दो वेरिएन्ट्स एलएफ़. 7और एनबी.1.8.1 सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कोविड-19 वैक्सीन संरचना पर इसका तकनीकी सलाहकार समूह (टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप-कोविड-वैक्सीन) नियमित रूप से कोविड-19 वैक्सीन के उक्त वेरिएन्ट्स पर असर का आकलन करना जारी रखता है ताकि वैक्सीन संरचना के अपडेट पर निर्णय लेने में मदद मिल सके।

15 मई 2025 को प्रकाशित नवीनतम अनुशंसा में तकनीकी सलाहकार समूह ने सलाह दी कि कोविड-19 वैक्सीन के लिए जेएन.1 या केपी.2 रेकॉम्बिनेंट/मोनोवैलेंट एंटीजन असरदार बने रहेंगे। मोनोवैलेंट एलपी.8.1 एक उपयुक्त वैकल्पिक वैक्सीन एंटीजन है। भारत में अभी उक्त वेरिएन्ट्स से 4000 से अधिक व्यक्ति प्रभावित हो चुके हैं और कम से कम 32 व्यक्तियों की मौत भी हो चुकी है। स्थिति पर भारत सरकार का डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ रिसर्च एवं आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल पूरी तरह से नज़र



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है।

रखे हुए हैं। गत शनिवार 31 मई 2025 को इस बाबत बैठक हो चुकी है। प्रांतीय सरकारों के स्वास्थ्य विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कोरोना विषाणु की बायोलॉजी, जूनॉटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, विषाणु और संक्रमित व्यक्ति के संबंधों (होस्ट-पैथोजन रिलेशनशिप), विषाणुओं के व्यवहार और इनके रिजर्वायर (चमगादड़) के अलावा इनकी किस्मों के बारे में अध्ययन के अलावा टीका विकसित करने के लिए विषाणुओं की जरूरत और टीका का विकास के बारे में सोचें तो वैज्ञानिकों का सबसे पहला ध्यान चमगादड़ पर ही जाता है। लंबे समय से दुनिया के वैज्ञानिक दुनिया के अनेक हिस्सों में रहने वाले चमगादड़ों के शरीर में निवास करने और पलने वाले अनेक किस्म के विषाणुओं का अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन इन्हें प्रयोगशाला में उत्पन्न करने और टीका विकास में इनका इस्तेमाल करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे। मौजूदा समय में जो दर्जनभर टीके दुनिया में माइक्रो-रायिबोन्यूक्लिक (एम-आरएनए) टेक्नोलॉजी और पुराने तरीके से विषाणु को कमज़ोर करके (एटेन्युएटेड एवं किल्ड वायरस) इस्तेमाल से शरीर में एंटीबाडीज विकसित करने के लिए किए गए हैं। उनके लिए विषाणु को संक्रमित मनुष्यों से ही प्राप्त किया गया था। इस प्रकार प्राप्त विषाणुओं के करैक्टरायिज़ेशन और प्रोटीन संरचना को समझ कर टीका विकसित किया गया ताकि वायरल प्रोटीन के विरुद्ध एक इच्छित स्तर तक प्रतिपिंड बना सके।

साइंस पत्रिका के 15 मई सन् 2015 के अंक में प्रकाशित लेख -एक्स्पैन्डेड यूटिलिटी बेल्ट फॉर टैक्लिंग बैट वायरसेस के माध्यम से मालूम हुआ है कि वैज्ञानिकों को चमगादड़ों से प्राप्त ऊतकों में कोरोना वायरस को विकसित करने में सफलता मिली है। इससे टीका विकास में सटीकता आएगी। चमगादड़ों में वायरस की एक बड़ी और विविध श्रृंखला होती है, जिसमें उन वायरस के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जिनकी वजह से मनुष्यों में गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (एसएआरएस), मध्य-पूर्व देशों में देखे गए श्वसन सिंड्रोम (एमईआरएस) और कोविड-19 महामारी का प्रकोप हुआ था। फिर भी इन वायरस को ले जाने वाले चमगादड़ों में बीमारी के न्यूनतम लक्षण दिखाई देते हैं।

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने रूसेट्टस इजीप्टियाकस चमगादड़ के फेफड़ों और आंत की भीतरी झिल्ली के ऊतकों का इस्तेमाल किया। चमगादड़ की यह किस्म मिस्र देश में होती है और फलों को खाती है। चमगादड़ की यह किस्म अफ्रीका, मध्य-पूर्व के देशों, भूमध्य सागर के निकट के देशों और भारत में भी पाई जाती है, जिसकी छह प्रजातियां हैं। सन् 1810 से इस चमगादड़ पर अध्ययन किए जा रहे हैं और सतत निगरानी भी रखी गई है। ये चमगादड़ ईरानी बकैण, जंगली खजूर, संतरा, केला, लोकाट और गूलर के फल खाते हैं। इनके शिकारी पक्षी जब इन चमगादड़ों को खाते हैं, तो इनके शरीर में भी वायरस और परजीवी प्रवेश करते हैं। संक्रमित पक्षियों से भी मनुष्य में संक्रमण प्रवेश कर सकता है। जानकार हैरानी हो सकती है कि संसार में चमगादड़ों की 1400 किस्मों के शरीर में अब तक 8176 प्रकार के विषाणुओं के बारे में मालूमात दर्ज की गई हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# जेल में विचाराधीन कैदी की तबियत बिगड़ी, मौत

## गोकशी के मामले में कमाल को भेजा गया था जेल, गैंगस्टर के अलावा अन्य मुकदमों में था वांछित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**जेल अधीक्षक बोले, अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने से बाथरूम में चक्कर खाकर गिर गया था**

**अमृत विचार:** करीब ढाई साल से गोकशी के मामले में जिला जेल में बंद विचाराधीन बंदी की मंगलवार सुबह अचानक हालत खराब हो गई। इससे वह बाथरूम में गश खाकर गिर गया। इस पर जेल प्रशासन ने उसे पहले जेल अस्पताल फिर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जेल अधीक्षक ने ब्लड प्रेशर बढ़ने से बंदी की मौत होने की बात कही है।



कमाल उर्फ टहलू की फाइल फोटो।

बता दें कि दही थानाक्षेत्र के जमुनाखेड़ा गांव निवासी कमाल (31) उर्फ टहलू को पुलिस ने बीती 26 सितंबर-2022 को गोकशी के मामले में जेल भेजा था। उस पर गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट व चोरी समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। इससे वह करीब ढाई साल से जेल में बंद था। जेल अधीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह वह पूरी तरह से ठीक था। सुबह उठकर उसने चने खाए और बाद में टायलेट गया। तभी बाथरूम में वह अचानक वहीं गश खाकर गिर गया। अन्य बंदियों ने उसे बेहोश देख इसकी सूचना जेल प्रशासन को दी। इस पर उसे पहले जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया। ब्लड प्रेशर अधिक होने पर उसे जेल के डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के साथ पुलिस व उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। साथ ही इसकी रिपोर्ट बनाकर कोर्ट में भी भेजी जाएगी।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

वहीं, सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बंदी की मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, सूत्र बताते हैं कि उसकी दो दिन पूर्व जमानत मंजूर हो गई थी और उसकी रिहाई की प्रक्रिया चल रही थी। तभी उसकी अचानक मौत हो गई। हालांकि, इसकी पुष्टि जेल प्रशासन ने नहीं की है।

## सार-संक्षेप

### लापता युवती की वापसी पर पुलिस टीम को किया सम्मानित



एसओ दही को सम्मानित करते विमल द्विवेदी व अन्य। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** दही थानांतर्गत एक गांव निवासी हिंदू युवती को बीती 21 मई को इंस्टाग्राम के माध्यम से राजस्थान का एक युवक बहलाकर राजस्थान के एक कस्बे में ले गया था। युवती के लापता होने की सूचना परिजनों ने दही पुलिस को दी थी। जानकारी होने पर नर सेवा नारायण सेवा संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने सीओ सिटी सोनम सिंह व एसओ दही से मिलकर युवती की सकुशल वापसी की मांग की थी। इस पर एसओ दही ने रिपोर्ट दर्ज कर टीम गठित की और युवती को जल्द वापस लाने का आश्वासन भी दिया था। इसके बाद बीते दिन पुलिस ने युवती को राजस्थान से बरामद कर लिया और उसे उसके घर पहुंचाया। पुलिस की इस तत्परता पर विमल द्विवेदी ने दही एसओ संजीव कुमार व उनकी टीम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, धर्मेंद्र शुक्ला, अभी तिवारी, राकेश राजपूत आदि रहे।

### पत्नी मायके से नहीं लौटी तो फंदे से लटका युवक, हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** मौरावां थानाक्षेत्र के कुंवरखेड़ा गांव निवासी उदयराज (30) पुत्र भुइयादीन कुरील एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। इस समय उसकी पत्नी मायके में थी। उदयराज ने अपनी पत्नी को फोन कर उसे घर आने को कहा, लेकिन नहीं आई। पत्नी के घर न लौटने से अवसाद में रहे युवक ने रात में फांसी लगाकर जान दे दी। पति के आत्महत्या करने की सूचना पर पहुंची पत्नी आरती पति का शव देख बिलख उठी। उसने बताया कि वह दो दिन पहले ही मायके गई थी और सोमवार को आने के लिये कहा था। लेकिन, सोमवार को नहीं आ सकी तो पति ने ऐसा कदम उठा लिया। बेटे की मौत से मां रूपरानी व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि जांच के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

### महिला ने युवक पर दर्ज कराई बेटी के अपहरण की रिपोर्ट

**उन्नाव, अमृत विचार :** माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी अचानक लापता हो गई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन, कुछ पता न चलने पर मां ने गांव के ही एक युवक पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी बीती 15 मई की सुबह खेत जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी पता करने पर परिजनों को जानकारी हुई कि बेटी का पड़ोसी गांव निवासी विजय कुमार ने अपहरण कर लिया है। वहीं एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही अपहरणकर्ता की भी तलाश जारी है।

# सड़क हादसों में दो युवकों की गई जान, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। युवकों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार थानाक्षेत्र के पाटन क्षेत्र का रहने वाला शैलेंद्र उर्फ मोनू (30) पुत्र सुरेश कुमार बीती सोमवार शाम आट मन्नूखेड़ा गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात करीब 11 बजे वहां से घर लौटते समय उन्नाव-लालगंज मार्ग पर तकिया मेला स्थित ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें शैलेंद्र की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों ने बताया कि वह मां कुंता व पिता का इकलौता बेटा था। वह रायबरेली के भीतर गांव स्थित आनंदी देवी मंदिर के पास कास्मेटिक की दुकान किये था। बेटे की मौत से परिजन बेहाल हैं। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि वाहन का पता लगाया जा रहा है।

वहीं बारासगवर थानाक्षेत्र के कस्बा बारा निवासी रामू (35) पुत्र ओम प्रकाश मजदूरी कर जीवन-यापन करता था। बीती सोमवार रात वह पैदल घर जा रहा था। तभी लालकुंआ-ऊंचगांव मार्ग के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौत हो गई। पिता ने बताया कि बेटे का बहू से संबंध विच्छेद हो चुका है। उधर, एसओ धर्मेंद्रनाथ मिश्रा ने कहा तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# अज्ञात कारणों से दो घरों में लगी आग, गृहस्थी राख

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के बेलरावां गांव में मंगलवार को अज्ञात कारणों से लगी आग में दो घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। काफी देर बाद पहुंची फायर बिग्रेड ने आग को काबू पाया।

कोतवाली क्षेत्र के बेलरावां गांव में मंगलवार शाम गांव निवासी अमर सिंह पुत्र राजू पासी के यहां अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया और पड़ोसी पुतान पुत्र भगवानदीन के घर को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर पुलिस फायर ब्रिग्रेड को सूचित कर मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से पानी डालकर आग को काबू करने का प्रयास किया। इसी बीच पहुंची फायर ब्रिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाकर बड़ी घटना होने से बचा लिया। हालांकि, तब तक अमर व पुतान के घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि राजस्व कर्मी को भेजकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। हर संभव मदद दिलाने दिलाई जाएगी।



आग की चपेट में आकर जला मकान का सामान। अमृत विचार

**चूल्हे की चिंरागी से लगी आग, तीन घरों की गृहस्थी राख, औरासः** थानाक्षेत्र के कुंवर खेड़ा गांव निवासी बद्री पुत्र टेकारी के घर में उसकी बेटी छत पर पड़े छप्पर के नीचे चूल्हे में खाना बना रही थी। छप्पर में पर्दा पड़ा था। हवा के झोंके से उड़कर पर्दा चूल्हे की आग की चपेट में आ गया और आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकाराल रूप ले लिया और पड़ोस के इंदल व डोरी के घर तक पहुंच गई। जब तक ग्रामीण निजी संसाधनों ने आग पर काबू पाते तब तक इंदल व डोरी के घरों में रखी नगदी व ग्रहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने आग ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अनिल श्रीवास्तव ने आगे से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

# दो माह से बीमार गर्भवती की मायके में मौत बहनोई पर तेजाब पिलाने का लगाया आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** करीब दो महीने से बीमार गर्भवती महिला की मायके में मौत हो गई। भाई का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर बहनोई ने महिला को तेजाब पिला दिया था, जिसके बाद से उसकी हालत बिगड़ी थी। मायके में पड़ी सांसें गिन रही गर्भवती की सोमवार की देर रात 64 वें दिन मौत हो गई।

बेनीगंज कोतवाली के निबहा गांव निवासी दिनेश कुमार की 24 वर्षीय पुत्री ज्ञानेंद्री की शादी साल 2022 में 8 मई को सीतापुर के जमुलापुर थाना संदना के अर्जुन पुत्र चेतराम के साथ हुई थी। ज्ञानेंद्री के भाई नीरज ने बताया कि दहेज की मांग के चलते बहनोई अर्जुन ने 30 मार्च को उसकी गर्भवती बहन ज्ञानेंद्री को तेज़ाब पिला दिया था। इसका पता होते ही वह पत्नी ललिता के साथ जमुलापुर पहुंचा। वहां उसकी बहन अकेली पड़ी तड़प रही थी। 31 मार्च को नीरज उसे अपने साथ ले आया और अपने खर्चे से इलाज कराया। बकौल नीरज उसी बीच बहनोई आया और ज्ञानेंद्री को शहर के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराकर चला गया। खेत गिरवीं रखकर उसने हास्पिटल का 10 हज़ार का भुगतान किया। नीरज ने बताया कि उसके पिता नहीं हैं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसी पर है। ज्ञानेंद्री की दो साल की बेटी सावनी है। गर्भवती ज्ञानेंद्री मायके में ही थी। जहां घटना के 64वें दिन सोमवार की देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतका ज्ञानेंद्री की फाइल फोटो।

## विवाहिता की हत्या के आरोपियों पर केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम राभा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। सीतापुर के पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम कोटरा देवकली निवासी मृतका के भाई यदुनंदन के अनुसार उसने बहन शिवकली का विवाह पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राभा के सेठ पुरवा निवासी विमलेश पुत्र राजाराम के साथ 10 मई 2023 को किया था। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति, उसके भाई महेश, कमलेश और बहन शिवानी ने 8 मई को उसकी बहन की पीटकर हत्या कर दी।

# ट्रक ने सीएनजी लोडर में मारी टक्कर, ड्राइवर की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शारदा नहर के मझिला पुल पर बिलग्राम जा रहे सीएनजी लोडर में सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसका ड्राइवर बुरी तरह से घायल हो गया, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली शहर के फर्दापुर निवासी 34 वर्षीय अवध किशोर पुत्र गोकरन व्यवसायी पवन अग्रवाल का सीएनजी लोडर चलाता था। सोमवार की शाम को वह माल लेकर बिलग्राम जा रहा था, बिलग्राम रोड पर सुरसा थाने के शारदा नहर के मझिला पुल पर पहुंचते ही उसे सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे लोडर चला रहा ड्राइवर अवध किशोर बुरी तरह घायल हो गया, उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वह अपनी तीन बहनों का इकलौता भाई था, अवध किशोर की शादी हो चुकी थी, उसके परिवार में पत्नी शांति देवी के अलावा दो बेटे आकाश, अंश और एक बेटी स्नेहा है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है, हादसे की जांच की जा रही है।



अवध किशोर की फाइल फोटो।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल ट्रामा सेंटर रेफर

**संवाददाता, संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के उन्नाव रोड पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की मृत्यु हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को संडीला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान शनि पुत्र राजेंद्र, निवासी हरिजन सराय, संडीला की मौत हो गई। वहीं मोहल्ले के ही दो अन्य युवक सुभाष पुत्र सर्वेश और अजय पुत्र लेमुकेश को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, हादसा देर रात करीब हुआ जब तीनों युवक बाइक से किसी कार्य से लौट रहे थे। तभी उन्नाव रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

# दो बच्चों की मां ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भोपाल में नौकरी करने वाले युवक की पत्नी बच्चों के साथ गांव में रहती थी। सोमवार की देर शाम उसने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह का कहना है कि फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेनीगंज कोतवाली के जरौआ निवासी अनुज सिंह भोपाल में नौकरी करता है। उसकी 35 वर्षीय पत्नी अर्चना सिंह बेटी व बेटे के साथ गांव में रहती थी। सोमवार की देर शाम अर्चना सिंह ने कमरे के अंदर पंखे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। बाहर खेल रहे उसके बच्चे जब कमरे में पहुंचे तो मां को फांसी पर लटकता देख शोर मचाया। इसका पता होते ही वहां आस-पड़ोसी इकट्ठा हो गए। अर्चना का मायका कानपुर के मीता सराय थाना पनकी बताया जा रहा है। ऐसी कौन सी वजह थी, जो अर्चना ने ऐसा कदम उठाया ? उधर उसके मायके वालों का कहना है कि उन्होने फिलहाल पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है। सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह का कहना है कि इसका पता होते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच कर रही है, उसका कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

# जांच को 1352 लोगों के रक्त के नमूने लिए

**कवायद**

- फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जनपद में नाइट ब्लड सर्वे शुरू
- 7 जून तक रात 10 से 12 बजे तक किया जा रहा सर्वे

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद में फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 19 ब्लाक और एक शहरी इकाई में 2 से 7 जून तक नाईट ब्लड सर्वे (एनबीएस) चल रहा है। यह सर्वे रात 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जा रहा है और सर्वे के पहले दिन ही 1352 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए।

प्रत्येक ब्लॉक और अर्बन आरआई यूनिट में दो स्थल चुने गए हैं। एक रैंडम आधार पर और दूसरा ऐसा क्षेत्र जहां पहले फाइलेरिया के सर्वाधिक मामले सामने आए हों या फिर संक्रमण के लिए अनुकूल पर्यावरण वाले गांव या मोहल्ले को प्राथमिकता दी गई है। कार्यकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सर्वे केवल 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों एवं महिलाओं के बीच किया जा रहा है। पहले दिन नाइट ब्लड सर्वे जनपद के 19 ब्लाक और एक शहरी इकाई में किया गया और कुल 1352 लोगों के नमूने लिए गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण के दौरान राज्य स्तरीय एवं मंडलीय टीमें भी निरीक्षण करेंगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



लोगों के रक्त के नमूने लेते स्वास्थ्यकर्मी। अमृत विचार

**ऐसे करें बचाव**

**हरदोई, अमृत विचार।** विशेषज्ञों ने बताया कि फाइलेरिया से बचने के लिए लोग पूरी बांह के कपड़े पहनें। घर की छत और आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर और पक्षियों के पानी के पात्र नियमित रूप से साफ करें। कूड़ेदान को हमेशा ढककर रखें। फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन आवश्यक है।

# भ्रष्टाचार की जांच के लिए बनी टीम अब तक नहीं पहुंची गांव

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस की नीति पर चलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने को प्रयासरत हैं, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की लूट के चलते योजनाएं धरातल नहीं उतर पा रही हैं। सरकारी मद का धन बंदरबांट की भेंट चढ़ रहा है। जांच के नाम पर ऐसे मामलों में खानापूर्ति की जा रही है।



वाकया टोडरपुर ब्लाक के ग्राम बूढ़नपुर में दिखाई दिया है। गत 24 मई 2025 को टोडरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बूढनपुर में ग्रे वाटर मैनेजमेंट सिस्टम लगाने के नाम पर लाखों रुपयों का घोटाला किया गया। मामला अखबारों में छपने पर बड़ी मुश्किल से खण्ड विकास अधिकारी टोडरपुर ने एडीओ पंचायत के नेतृत्व में जेई व एमआई की टीम बनाकर जांच कराई। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी जांच टीम अभी तक गांव में जांच करने नहीं पहुंच सकी है। लोगों ने कहा कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की बंदरबांट से योजनाओं का लाभ धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। आला अधिकारियों को ऐसे में मामलों का संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

**समीक्षा बैठक** पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष शराफत अली ने किया दावा

# जिले की आठों विधानसभा सीटें जीतेगी सपा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पार्टी कार्यालय पर संगठन की समीक्षा बैठक मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले की पूरी सपा एक है और आठों विधानसभाएं को जीतने का काम समाजवादी पार्टी करेगी। सरकार सपा की बनेगी और अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शशांक यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर विधानसभाओं को मजबूत करने एवं चार प्रतिशत वोट को बढ़ाने के लिए हम सबको कमर कसके तैयारी करनी है। पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने का कार्य सभी को करना चाहिए। पूर्व सांसद उषा वर्मा, पूर्व विधायक बाबू खान, अनिल वर्मा, पूर्व प्रत्याशी पदमराग सिंह यादव ने भी बूथ जीतने के मंत्र कार्यकर्ताओं को दिए और कहा कि फर्जी फोटो को कटवाने एवं मृतकों के भी नाम वोटर लिस्टों से हटाने के लिए और नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट से जुड़वाने की बात कही। इस मौके पर बृजेश वर्मा टिल्लू, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल, अमित बाजपेई, राहुल गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।




पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली।



## नगर के शहीद पार्क में टूटे पड़े हैं बच्चों के झूले

**हरदोई, अमृत विचार।** इन दिनों स्कूलों में बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां हो गई हैं। ऐसे में परिजन बच्चों को लेकर सुबह या शाम के वक्त पार्क आदि जगहों पर पहुंचते हैं। लेकिन वहां बच्चों के खेलने के लिए पड़े झूले व अन्य उपकरण टूटे पड़े हैं। नगर के शहीद उद्यान में स्थित एकमात्र बच्चों के लिए पार्क भी बदहाल है। यहां झूले आदि टूटे हुए पड़े हैं। जिससे यहां पहुंचने वाले बच्चों को निराशा हाथ लगती है। नगर में होने के बावजूद जिम्मेदारों की बदहाल पार्क पर नजर नहीं पड़ती। अभी दो दिन पहले डीएम अनुनय झा ने शहीद उद्यान का निरीक्षण किया था, लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों ने बड़ी होशियारी से बच्चों के पार्क की बदहाली को डीएम की नजरों से छिपा लिया। स्थानीय लोगों ने पार्क की बदहाली को लेकर नाराजगी जाहिर की है।

## ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी दरमियानी निवासी विवाहिता ने सीलम पुर दिल्ली निवासी पति और उसके परिजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। पीड़ित विवाहिता शगूफा नाज पुत्री असलम खां के अनुसार तीन वर्ष पूर्व उसका विवाह सीलमपुर दिल्ली निवासी शमशेर अली उर्फ शिब्बू पुत्र दिलशाद खां के साथ हुआ था। उसके पिता ने बारह लाख रुपए का दहेज दिया था। लेकिन अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन की मांग को लेकर उसका पति, सास सुल्ताना, जेठ इरशाद, देवर जीशान, ननद फरहीन, फरहाना और ननदोई जाकिर आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे।

## एक नजर

### बहन की मौत की खबर सुन सदमे में भाई ने भी तोड़ा दम

**उन्नाव :** बांगरमऊ कस्बे के मोहल्ला पंजाबी टोला निवासी रमेश बारी की 55 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी की बीते कई दिनों से तबीयत खराब थी। सोमवार को उसकी मौत हो गई। मुन्नी देवी के 45 वर्षीय भाई सेहरामऊ के अशाखेड़ा निवासी राजू ने शादी नहीं की थी। वह बीते 25 साल से बहन के साथ ही रहता था। बहन की मौत का उसे इतना गहरा सदमा लगा कि सोमवार शाम नानामऊ गंगातट पर बहन का अंतिम संस्कार कर जब वह घर लौटा तो रात भर सिसकता रहा। इसी दौरान देररात उसकी भी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मंगलवार को नानामऊ गंगातट पर राजू का भी अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### युवक से बाइक सवार युवकों ने छीना मोबाइल

**उन्नाव :** माखी थानांतर्गत लगलेसरापुर गांव निवासी भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 1 जून को वह उन्नाव शहर गया था। वहां से वह देरशाम बड़े भाई जितेंद्र सिंह व भाभी कीर्ति के साथ बाइक से घर लौट रहा था। तभी वे लोग रऊकरना चौराहे पर कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए रुके। उसी समय घर से फोन आने पर वह मोबाइल से बात करने लगा। इसी दौरान उन्नाव की ओर से आए बाइक सवार युवकों ने बाइक पर पीछे बैठे युवक ने उसका मोबाइल छीन लिया। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि तीन अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

### महिला ने पड़ोसी युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**उन्नाव :** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में पड़ोसी पर जबरन दुष्कर्म करने व पड़ोसी की पत्नी व मां पर गालीगलौज, मारपीट व धमकी देने का आरोप लगा तहरीर दी है। महिला ने अपने प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि उसका पति दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। घर में वह बेटी के साथ रहती है। रात में सोने के लिए परिवार के दूसरे मकान में चली जाती है। बीती 31 मई को बेटी खाना खाकर पारिवारिक मकान में सोने चली गई और वह घर में अकेली थी। तभी पड़ोसी सुरेश उसके घर में घुस आया और उससे दुष्कर्म किया। उसके चीखने पर पड़ोसी की पत्नी गीता व मां आ गई तो उन्हें देखते ही आरोपी युवक घर से भाग गया। शिकायत करने पर सोमवार को आरोपी की पत्नी व मां ने उससे गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। एसओ राजपाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### नहर में गिरा मजदूर, लोगों ने बचाकर सीएचसी पहुंचाया

**उन्नाव :** बिहार राज्य के जिला पटना निवासी श्रवण (30) पुत्र चंद्रसेन बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे में मजदूरी करता है। उसके साथ कई अन्य लोग भी काम करते हैं। साथियों के साथ वह दोपहर बाद पास के गांव की बाजार गया था। लोगों के अनुसार, वह नशे में पतेलीखेड़ा पुल के पास शारदा नहर में गिर गया। उसके साथी शोर मचाते हुए भागे। शोर सुन वहां मौजूद लोगों ने उसे नहर से निकालकर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### अमरनाथ यात्रियों के लिए राशन कलेक्शन सेंटर का हुआ उद्घाटन

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** अमरनाथ यात्रा के दर्शनार्थियों की सेवा के उद्देश्य से शिव मानव सेवा समिति द्वारा राजधानी मार्ग स्थित धोबिन पुलिया के पास मंगलवार को राशन कलेक्शन सेंटर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। वर्षों से संचालित इस सेवा केंद्र का शुभारंभ आचार्य देवेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ बबलू पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण व पूजन-अर्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले गणेश पूजन और फिर शिव बाबा का विधिवत पूजन कर केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर गोल्डी गुप्ता, बॉबी पांडेय, मनोज यादव, संजय सिंह, उदय पांडे समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



झंडेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद बांटती चेयरमैन श्वेता मिश्रा। अमृत विचार



शुक्लागंज स्थित राजधानी मार्ग पर प्रसाद लेते भक्त। अमृत विचार

# ज्येष्ठ के चौथे मंगल पर हुए भंडारों में चखा प्रसाद

## शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिली भक्तिभाव की उमंग, हनुमान मंदिरों में हुआ श्रृंगार व सुंदरकांड पाठ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिभाव की उमंग देखने को मिली। हनुमान मंदिरों में भव्य श्रृंगार व सुंदरकांड पाठ आयोजित हुए। जगह-जगह शर्बत वितरण व विशाल भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं और राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया।

शहर के बड़ा चौराहा स्थित झंडेश्वर महादेव मंदिर के पास नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा व उनके प्रतिनिधि भानू मिश्रा ने हर वर्ष की तरह ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को सुंदरकांड व विशाल भंडारे का आयोजन कराया। मंगलवार दोपहर 11 बजे सुंदरकांड व बजरंग बली की आरती के साथ भंडारे व प्रसाद वितरण की शुरुआत हुई। जिसमें पूड़ी सब्जी, हलुआ, लस्सी व फलों का वितरण श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों को किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

**शर्बत, सब्जी-पूड़ी और बूंदी का लगा भंडारा, शुक्लागंज:** मंगलवार को राजधानी मार्ग स्थित चंद्रकुसुम हॉस्पिटल के बाहर भव्य रूप से बजरंगबली का श्रृंगार कराया गया। इसके बाद शर्बत, सब्जी-पूड़ी और बूंदी का भंडारा लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गर्मी में ठंडे शर्बत ने राहगीरों को राहत दी। आयोजन में अजय तिवारी, पप्पन तिवारी, गोविंद तिवारी, मोहित तिवारी, डॉ. वी. पी. शुक्ला, वीरेन्द्र शुक्ला, गोल्डी गुप्ता, कमल वर्मा, रंजीत समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं निषाद मार्केट के पास राजेन्द्र यादव, जीतेन्द्र यादव, अभिषेक यादव, अजय गुप्ता, दिनेश यादव और शिशिर श्रीवास्तव ने मिलकर प्रसाद वितरण किया। राजधानी मार्ग स्थित महावीर मंदिर और दुर्गा मंदिर के बाहर भी शर्बत वितरण किया गया, जहां लोगों ने श्रद्धा के साथ शर्बत ग्रहण किया। सब्जी मंडी में विष्णु गुप्ता, शुभम गुप्ता और अश्वनी गुप्ता द्वारा दिनभर शर्बत वितरण किया गया। इसके अलावा विद्या मोटर्स की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आशुतोष त्रिवेदी, गिरजाकांत, विमलकांत त्रिवेदी, ललित अवस्थी, अमित मिश्रा और शुभम मौजूद रहे। राजधानी मार्ग, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, कंचन नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी भक्तों ने प्रसाद वितरण किया। ऋषि आश्रम, बालाजी मंदिर, अशोक वाटिका हनुमान मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों में हनुमान जी का सुंदर श्रृंगार कर सुंदरकांड पाठ कराया गया।

**बजरंग बली का पूजन व आरती कर किया भंडारा, बांगरमऊ:** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े शुभ मंगलवार को नगर के नानामऊ तिराहा पर पालिका चेयरमैन राम जी गुप्ता सहित करीब एक दर्जन भगवान बजरंग बली भक्तों द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ माह के महीने के मंगलवार को बड़ा और बुढ़वा शुभ मंगल के रूप में भगवान हनुमान जी का पूजन, अर्चन और दान की परंपरा सदियों से रही है। इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से सभी संकटों से मुक्ति मिलती है। इसलिए आज मंगलवार को काफी संख्या में लोग जगह-जगह लंगर और भंडारा आदि का आयोजन करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता के अलावा कोतवाली मार्ग तिराहा पर बाबूलाल कनौजिया और उनके भाइयों द्वारा बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इसी प्रकार सुशील गुप्ता और राजू गुप्ता द्वारा शरबत, रज्जन राठौर द्वारा तहरी आदि का प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया। साथ ही तहसील परिसर में बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीकांत द्विवेदी एडवोकेट ने दर्जनों वकीलों के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने अधिकांश भंडारे में पहुंच कर भगवान बजरंग बली का पूजन और आरती कर भंडारे का शुभारंभ कराया।



राजधानी मार्ग पर बूंदी का प्रसाद लेते भक्त। अमृत विचार

### रामायण का पाठ कर किया हवन पूजन



बजरंगबली की पूजा-अर्चना करते भक्त।

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल पर कस्बा समेत विकासखण्ड क्षेत्र में जगह जगह पूजा अर्चना के साथ भक्तों ने प्रसाद वितरण किया। नवाबगंज विकासखण्ड स्थित मंदिर पर भक्तों ने रामायण पाठ के उपरांत हवन पूजन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। जहां भक्तों ने भंडारे में पूड़ी सब्जी व छोला चावल के साथ बूंदी का प्रसाद वितरण किया। जिसमें देवेश साहू, डॉ शैलेन्द्र अस्थाना, मोहित कैंटीन, रवि प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, दिनेश सिंह, संदीप साहू, शिवकुमार, सतेंद्र यादव, बेटू, प्रिंशु आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। वही क्षेत्र में सोहरामऊ, अजगैन, नवाबगंज, चमरौली आदि जगहों पर जगह जगह शरबत, पूड़ी सब्जी तथा बूंदी के भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



भंडारे में प्रसाद वितरित करते चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई। अमृत विचार

**सफीपुर, अमृत विचार :** रुद्रावतार श्री हनुमान जी की आराधना को समर्पित जेष्ठ माह के चौथे मंगल को नगर और ग्रामीण अंचलों में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंगलवार को सुबह से ही मंदिरों और देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा क्षेत्र जय हनुमान और जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। सफीपुर नगर स्थित प्राचीन मोटेश्वर महादेव मंदिर, महावीर मंदिर, भिनकीपुर धाम स्थित हनुमान मंदिर, अधिष्ठात्री मां शंकरी देवी मंदिर परिसर, सराय सकहन का प्राचीन हनुमान मंदिर सहित अनेक देवस्थलों पर भक्तों ने श्रद्धाभाव से हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और रामचरितमानस पाठ के साथ हवन-पूजन जैसे धार्मिक अनुष्ठान देर रात तक चलते रहे। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया। कस्बे के मुख्यमार्ग तहसील के समीप मुकेश चौरसिया और सहयोगियों द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ और प्रसाद वितरण में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने अपना योगदान दिया।

# तेज रफ्तार बाइक फिसलने से दो युवकों की मौत, मचा कोहराम

संवाददाता, बांगरमऊ

**अमृत विचार:** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में शेरपुर माइनर पर तेज़ रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही दोनों के परिवारों में हाहाकार मच गया।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के ग्राम तकिया निगोही अंतर्गत मजरा अतरी निवासी विनोद 30 वर्ष पुत्र नंदलाल और अजय 21 वर्ष पुत्र छोटेलाल दोनों मंगलवार को इसी थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कला जाने के लिए बाइक लेकर निकले थे। तभी रास्ते में देररात शेरपुर माइनर पर तेज़ रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। माइनर से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने दोनों की जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही विनोद की पत्नी रेखा दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगीं। उसके तीन अबोध बच्चों लक्ष्मी 8 वर्ष, आर्यन 6 वर्ष व दीवान 4 वर्ष के सिर से पिता का साया छिन गया। जबकि अजय अभी अविवाहित है। होनहार युवक की अचानक मौत से मां मुन्नी देवी बिलख बिलख कर रोने लगी। दोनों युवक पारिवारिक भाई हैं।

# गंगा दशहरा को लेकर घाटों का निरीक्षण

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)



घाट का निरीक्षण करते ईओ और इंस्पेक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंगा दशहरा पर्व को लेकर पालिका प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा और गंगाघाट कोतवाली प्रभारी पीके. मिश्रा ने नगर के प्रमुख घाटों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

ईओ ने घाटों की समतलीकरण, सफाई और बैरिकेडिंग के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। उन्होंने बताया कि गंगा दशहरा के मौके पर घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचेंगे। इसे देखते हुए महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की जाएगी, साथ ही मोबाइल टॉयलेट भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गंगा में जलस्तर कम है, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से नाव और गोताखोरों की तैनाती की जाएगी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। गंगा दशहरा पर्व गुरुवार को मनाया जाएगा।

▶▶ **पर्व को लेकर पालिका प्रशासन ने तेज कर दीं तैयारियां**

**बकरीद व गंगा दशहरा को लेकर एसपी ने किया पैदल गश्त, शुक्लागंज (उन्नाव):** आगामी त्योहार बकरीद और गंगा दशहरा के दृष्टिगत नगर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार शाम उन्नाव एसपी दीपक भूकर, सीओ सिटी सोनम सिंह और प्रभारी निरीक्षक पी के. मिश्रा ने पुलिस बल के साथ राजधानी मार्ग पर पैदल गश्त की। गश्त के दौरान अफसरों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। इसके बाद गंगातट पर गंगा दशहरा के अवसर पर लगने वाले मेले स्थल का भी भौतिक निरीक्षण किया।

## सार-संक्षेप

### पुलिस लाइन में एसपी ने भक्तों को बांटा शर्बत



पुलिस लाइन में लोगों को प्रसाद बांटते एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार के अवसर पर एसपी दीपक भूकर पुलिस द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव स्थित मंदिर में आयोजित भंडारे में शर्बत वितरित किया गया। इसमें पुलिस लाइंस में रहने वाले पुलिस कर्मियों के परिवारीजनों के अलावा अन्य लोगों ने भी शर्बत पीकर बजरगंबली की स्तुति की।

### पालिका ने अभियान चलाकर पकड़े 11 आवारा मवेशी

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर पालिका गंगाघाट द्वारा आवारा मवेशियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को 11 मवेशियों को पकड़कर कान्हा गौशाला में भेजा गया। पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार के निर्देश पर कैटल कैचिंग दस्ते ने नगर के फोरलेन और गलियों में अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़कों पर घूम रहे 11 आवारा मवेशियों को पकड़कर गगनी खेड़ा स्थित कान्हा गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया। ईओ मुकेश कुमार ने बताया कि नगर में यातायात और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पालिका ने पशु पालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुला न छोड़ें, अन्यथा जुर्माना लगाया जाएगा।

### नाबालिग से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**औरास, अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के गागन गांव निवासी पीड़ित के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कहीं बाहर गए थे। मौका पाकर गांव का एक युवक घर के अंदर घुसकर उसकी नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर वह घर से मौका पाकर भाग निकला। परिजन घर पहुंचे तो लड़की ने घटना बताई। जिस पर पुलिस को युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस ने जांच कर युवक के विरुद्ध पास्को सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### दो साल से मुंह के ट्यूमर से पीड़ित व्यक्ति का सफल ऑपरेशन



ट्यूमर दिखाते डॉ. पंकज तिवारी।

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** आजाद नगर ठाकुर खेड़ा निवासी 56 वर्षीय सुभाष चंद्र, जो पेशे से ड्राइवर हैं, पिछले दो वर्षों से मुंह के अंदर तालू और हलक के ज्वाइंट में बने ट्यूमर से पीड़ित थे। डॉक्टों के अनुसार, यदि छह महीने और इलाज न होता तो यह कैंसर में बदल सकता था। उन्होंने शुक्लागंज अंबिकापुरम स्थित दंत विशेषज्ञ डॉ. पंकज तिवारी को दिखाया। जांच के बाद ट्यूमर की पहचान मैसिंग फाबोरमा के रूप में हुई, जिसका वजन करीब 60 ग्राम था। मंगलवार को डॉ. पंकज तिवारी और उनकी सहयोगी दुर्गा तिवारी की टीम ने सफल ऑपरेशन कर ट्यूमर को पूरी तरह निकाल दिया। मरीज की हालत अब बेहतर है। डॉक्टरों ने बताया कि समय रहते इलाज होने से मरीज को बड़ी बीमारी से बचा लिया गया। यह ऑपरेशन क्षेत्र में अपनी तरह का दुर्लभ और जटिल माना जा रहा है।

### डीजे पर बज रहे गाने को लेकर भिड़े जनाती-बाराती

**उन्नाव, अमृत विचार :** पुरवा कोतवाली व कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी रामसजीवन ने कोतवाली बीघापुर में दिये प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि बीती सोमवार रात वह अपने बेटे प्रिंशू की बारात लेकर मर्दनपुर निवासी राजेश के यहां आया था। बारात जनवासे से लड़की के घर जाने को निकली और आंबेडकर प्रतिमा के पास पहुंची तभी बारात के साथ बैंड व डीजे में बज रहे गाने को लेकर कन्या पक्ष के गांव के देवी प्रसाद, रिंकू, सर्वेश, अंकित व मोहित आदि जबरन गाना बदलकर आंबेडकर का गाना बजाने का दबाव बनाने लगे। बारातियों ने जब इसका विरोध किया तो उन लोगों ने कुर्सी व ईंटों से उन लोगों पर हमला बोल दिया। झगड़ा देख दूल्हे की बहनों नीलांशी व प्रिंशी ने बीचबचाव का प्रयास किया तो उन लोगों ने उनके साथ भी बदतमीजी की। प्रार्थनापत्र में लड़के के पिता ने आरोपियों पर उसकी जेब में रहे 30 हजार रुपये छीनने व बरीक्षा व तिलक के 7500 रुपये भी ले जाने का आरोप लगाया है। एसओ राजपाल ने बताया कि दोनों पक्ष थाने आए हैं, लेकिन अभी किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

### ब्रेकर पर बाइक उछलने से नीचे गिरी महिला, गंभीर

**उन्नाव, अमृत विचार :** आसीवन कस्बा के पास लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर मंगलवार दोपहर स्पीड ब्रेकर पर पड़ने से बाइक अचानक उछल गई। इससे बाइक में पीछे बैठी फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के सुब्बाखेड़ा गांव की राजरानी बाइक से नीचे गिर गई। गंभीर हालत में पति रामविशुन ने उसे सीएचसी मियागंज पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। राजरानी पति के साथ बाइक से रिश्तेदार के घर जा रही थी।

### हादसे से टूटे बिजली के 3 पोल, शंकरपुर की आपूर्ति बाधित

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** मंगलवार सुबह शंकरपुर सरायं गांव में एक डाक वाहन की चपेट में आने से तीन एलटी लाइन के पोल धराशायी हो गए। इससे गांव की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के दौरान बिजली चालू थी, हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब आठ बजे कानपुर से सहजनी की ओर एक बड़ा डाक वाहन जा रहा था। रूट डायवर्जन के कारण यह वाहन शंकरपुर सरायं गांव के मुख्य मार्ग से निकाला जा रहा था। जैसे ही वाहन गांव के पास पहुंचा, वहां सड़क के ऊपर से निकली बिजली की केबल वाहन में फंस गई। चालक ने वाहन को तेजी से निकालने का प्रयास किया, जिससे संतुलन बिगड़ गया और एक के बाद एक तीन एलटी पोल टूटकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के समय विद्युत आपूर्ति चालू थी, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना बिजली विभाग और पुलिस को दी। बिजली विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपूर्ति को तत्काल बंद कराया। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल की।

### शिफ्टिंग के चलते आज 6 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** मरहाला चौराहा स्थित ओवरब्रिज पिलर नंबर 25 व 26 के पास बुधवार को 11 केवी लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा। इस कारण 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र शुक्लागंज से पोषित 11 केवी फीडर संख्या 2, 4 और 5 की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगभग 6 घंटे बाधित रहेगी। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि लाइन शिफ्टिंग कार्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है, इसलिए इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है और सहयोग की अपेक्षा की गई है। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे आवश्यक कार्यों के लिए पहले से तैयारी कर लें।

### पालिका ने जेसीबी से साफ कराया नाला

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** मानसून से पहले नगर पालिका ने नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार रात पालिका की टीम ने अंबिकापुरम स्थित फोरलेन के पास नाले पर हुए पक्के अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कर नाले की सफाई कराई। नगर क्षेत्र में कई दुकानदारों और मकान मालिकों ने नालों पर पक्के चबूतरे बनवा लिये थे, जिससे सिल्ट सफाई का कार्य बाधित हो रहा था। पालिका द्वारा पहले ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इनका पालन नहीं किया गया। ऐसे में सोमवार रात अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, अवर अभियंता घनश्याम मौर्य और एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला टीम के साथ अंबिकापुरम पहुंचे। यहां उन्होंने सख्ती दिखाते हुए नाले पर बने पक्के चबूतरों को जेसीबी से तोड़वाया। ईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### विद्युत कर्मियों को मिला सेफ्टी प्रशिक्षण

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** बिजली फाल्ट के दौरान लाइन स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को गोकुल बाबा सबस्टेशन पर बिजली विभाग की ओर से एक सेफ्टी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता इंजीनियर योगेन्द्र कुमार सिंह, अधिशाषी अभियंता भरत गौतम और उपखंड अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रशिक्षण में विभागीय और संविदा कर्मियों को बताया गया कि फाल्ट सुधारने या विद्युत लाइन पर कार्य करते समय सेफ्टी किट का सही तरीके से प्रयोग कैसे किया जाए। यूनिवर्सल संस्था के जिला प्रभारी फाइक सिद्दीकी और सेफ्टी इंचार्ज चंद्रभान सिंह ने कर्मचारियों को हेलमेट, सेफ्टी बेल्टआदि का प्रयोग कर सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

**सख्ती** | जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गंगा दशहरा व ईद-उल-अजहा को लेकर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में दिए दिशा-निर्देश

# बंद व निर्धारित जगह पर ही हो कुर्बानी, कराई जाए साफ-सफाई : डीएम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगा दशहरा व ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्योहारों को शांतिपूर्ण, सकुशल व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की मंशा से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता व एसपी दीपक भूकर की उपस्थिति में जिले के संभ्रान्त नागरिकों, धर्म गुरुओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों व अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक हुई।

इसमें विभिन्न धर्मगुरुओं व गणमान्य व्यक्तियों ने जिलाधिकारी को गंगा दशहरा व ईद-उल-अजहा (बकरीद) से संबंधित विभिन्न समस्याओं व सुझावों से अवगत कराया। इसे लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके सुझावों व समस्याओं का संज्ञान लेकर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि कुर्बानी व अन्य परम्पराएं जो पूर्व में होती रही हैं उन्हीं के अनुसार ईद-उल-अजहा का त्यौहार मनाया जाए। कुर्बानी निर्धारित व बंद जगह पर हो। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों और ईदगाहों के आसपास अभियान चलाकर साफ-सफाई कराई जाए। बिजली व पानी की आपूर्ति के लिये पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। गंगा दशहरा को लेकर डीएम ने कहा कि हर स्नान व मेला स्थल पर महिला टायलेट, चेजिंग रूम, नाव व गोताखोर सहित सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम रहें। इसमें एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, सहायक कलेक्टर शौर्य अरोडा, एएसपी अखिलेश सिंह व प्रेमचन्द्र, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज व सभी एसडीएम, सीओ व अन्य अधिकारी और विभिन्न समुदायों व सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहे।




बैठक में मौजूद जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसपी दीपक भूकर व अन्य अधिकारी।

### बकरीद पर्व को लेकर 13 सुअर पालकों को नोटिस

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** 7 जून को मनाए जाने वाले बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के लिए नगर पालिका गंगाघाट ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों और मस्जिदों में साफ-सफाई के विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर नगर के 13 सुअर पालकों को नोटिस जारी करते हुए 7 से 10 जून तक जानवरों को अपने बाड़े में ही रखने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही इस आदेश के कड़ाई से पालन के लिए पुलिस को भी पत्र भेजकर सहयोग की अपेक्षा की गई है। मंगलवार को ईओ मुकेश मिश्रा और एसवीएम प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला गंगाघाट कोतवाली पहुंचे और इंस्पेक्टर पी. के. मिश्रा को पत्र सौंपा। पत्र में स्पष्ट किया गया कि नमाज और तीन दिन चलने वाले पर्व के दौरान किसी भी तरह की गंदगी या धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाली स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सुअर पालकों को सचेत किया गया है।

# रोडवेज बस ने बाइक में मारी टक्कर, 3 की मौत

## राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उजरामऊ के सामने हुई भीषण दुर्घटना, शादी वाले घर में मचा कोहराम

संवाददाता अमृतपुर (फर्रुखाबाद)



हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।



हादसे के बाद सभी को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा लेकिन बचाया नहीं जा सका।

**अमृत विचार।** मंगलवार को तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उजरामऊ के सामने बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे हो गए।

बेटी की शादी की रस्म अदायगी के बाद विदा हो चुकी थी। घर के लोग अपने कार्यों में लग गए थे ,उधर चचेरा भाई सनी, बहनोई टिंकू और रिश्ते के चाचा आदेश एक ही बाइक से शाहजहांपुर गए थे वहां से वापस आ रहे थे तभी उजरामऊ गांव के सामने बस की टक्कर लगने से तीनों की दर्दनाक मौत हो गई ।

जानकारी के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र के उजरामऊ निवासी लाल बहादुर की बेटी ज्योति की बारात दो जून को आई हुई थी। उसकी विदा हो चुकी थी और घर

- **एक दिन पहले परिवार में शादी थी, लडकी विदा हो चुकी थी**
- **लड़की के 3 रिश्तेदार सामान लेकर आ रहे थे तभी हादसा**

लोग अपने अपने कार्यों में लग गए थे । ज्योति की विदा होने के बाद रिश्तेदार जिला हरदोई थाना पचदेवरा निवासी बहनोई पिंटू (30) पुत्र सुरेश, शहजहांपुर जिले के कासिम नगला निवासी चाचा आदेश (32)एवं राजेपुर थाना क्षेत्र के उजरामऊ निवासी चचेरा भाई सनी (21) एक ही बाइक पर सवार होकर पड़ोसी जनपद शहजहांपुर के हुल्लापुर से कुछ सामान खरीदने गए थे। वापस आते समय उजरामऊ गांव के सामने तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए। तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची राजेपुर थाना पुलिस ने घायलों को ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल भिजवाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने एक एक कर तीनों घायलों को मृत घोषित कर दिया।

एक साथ तीन मौतों से घर मे शादी की खुशियां मातम मे बदल गईं। परिजनों ने कोहराम मच गया। थाना पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत

**फर्रुखाबाद ।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव अलावलपुर निवासी 35 वर्षीय संदीप कुमार की सोमवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। संदीप खिमसेपुर से अपने मित्र सुशील (पुत्र रविन्द्र) के साथ बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे, तभी इटावा-बरेली हाईवे पर अलावलपुर दुबे कोल्ड स्टोरेज के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में संदीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका साथी सुशील गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

संदीप एक प्राइवेट स्कूल में बस चालक के रूप में कार्यरत था और अपने पिता की इकलौती संतान थी। पिता संतोष बाबू सिलाई का कार्य करते हैं। संदीप के असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## सार-संक्षेप

### महिला को बेहोश कर कुंडल लूटकर भागे लुटेरे

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र के मोहम्दाबाद निवासनी रामदेवी पत्नी राम स्वरूप दिवाकर दोपहर 12 :30 बजे अपने पुत्र सर्वेश के साथ सब्जी मंडी सब्जी लेने आई थी। उसका पुत्र दवाई लेने सीएचसी चला गया। रामदेवी सब्जी लेकर मंडी रोड की तरफ आकर बैठ गई, तभी दो युवक बाइक से आए और भरथना जाने का रास्ता पूछने लगे। एक युवक ने सफेद रुमाल निकालकर मुंह के सामने हिला दिया, जिससे रामदेवी बेहोश हो गई। रामदेवी को रेलवे स्टेशन की तरफ ले जाकर कानों के कुंडल निकालकर रफूचक्कर हो गए। कई घंटे बाद होश आने पर रात में रामदेवी ने घर पहुंचकर पूरी बात बताई। पीड़िता ने मंगलवार सुबह थाने में तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है।

### खेलते समय गिल्ली लगने से किशोर की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** गिल्ली डंडा खेलते समय लगी गिल्ली से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला बड़ा चौराहा कम्हरिया रोड निवासी फैजान (16) पुत्र मोहम्मद नजीर आम दिनों की तरह मोहल्ले के युवाओं के साथ गिल्ली डंडा खेल रहा था। तभी अचानक कैच पकड़ते समय गिल्ली फैजान की गर्दन में लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों सहित मोहल्ले के लोगों द्वारा घायल किशोर को तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक के किनारे चल रही वृद्धा की ट्रेन से टकराकर मौत

**महोबा।** झांसी–मानिकपुर रेल लाइन पर सूपा और पचपहरा के बीच में रेल ट्रैक के किनारे चल रही वृद्धा को ट्रेन का डिब्बा छू जाने से महिला ट्रैक के किनारे गिर कर घायल हो गई। चरवाहों ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। शहर कोतवाली के ग्राम रैपुरा निवासी मंजू यादव (70) पत्नी रामदास यादव खेत में भेंस चराने गई थी, शाम को भेंस लेकर लौटते समय ट्रैक के किनारे चल रही थी, उसी समय उदयपुर खजुराहो इंटरसिटी ट्रैक से निकली जिससे महिला को एक डिब्बा छू जाने से वह गिर कर बुरी तरह घायल हो गई। उसे नाजुक हालत मे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### लघुशंका कर रहे युवक को वाहन ने रौंदा

**भरतकूप (चित्रकूट)।** बहन को छोड़कर गांव जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। युवक के परिजन अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकुंदपुर निवासी विजय कुमार (23) पुत्र मिथलेश कुमार बीते दिन अपनी बहन को उसके गांव खोही छोड़ने गया था। बाइक से घर लौटते समय बरुआ नाले के पास वह बाइक खड़ी करके लघुशंका करने लगा। इसी दौरान किसी वाहन ने उसे कुचल दिया। किसी के न होने की वजह से वह देर तक तड़पता रहा। बाद में सूचना पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया।

### गोकशी की सूचना पर पहुंची पुलिस,मिले मांस के टुकड़े

**फर्रुखाबाद ।** याकूतगंज में गोकशी को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता को सूचना मिली तो कार्यकर्ताओं ने इस बात की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कुछ मांस के टुकड़े मिले। विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री विनोद राजपूत और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सीओ सिटी को बताया कि वह जब यहां से गुजर रहे थे, तब उन्होंने गोकशी देखी तो कार्यकर्ता ने वीडियो बनाने की कोशिश की। इस दौरान घर से तीन लोग निकले और कार्यकर्ता को पकड़ लिया। तीनों युवकों ने कार्यकर्ता का मोबाइल छीन लिया और उसे वहां से काफी दूर ले जाकर छोड़ दिया। जांच में पुलिस को वहां से कुछ कचरे में मांस के टुकड़े मिले हैं।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकरा कर बाइक चालक की मौत

**महोबा।** थाना कबरई के ग्राम छानीकला निवासी अरविंद यादव 31 मुन्ना यादव सोमवार को कस्बा कबरई में बाजार करने आया था, लेकिन खरीदारी करने और लोगों से मिलने जुलने के चक्कर में रात हो गई। रात को आठ बजे वह वापस अपने गांव छानीकला बाइक से जा रहा था, तभी गांव से पहले सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से वह भिड़ गया और खून से लथपथ होकर मौके पर ही गिर गया। अंधेरा होने के कारण काफी देर तक लोगों की नजर नही पड़ी बाद में कुछ लोगों ने खून से लथपथ हालत में देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बंद मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने मकान से लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी कर लिये।

कसावा चौकी क्षेत्र के गांव हाथिन के निवासी ब्रजेन्द्र सिंह चौहान पुत्र रघुनाथ सिंह चौहान परिवार के साथ कोतवाली के सामने चौहान मार्केट के ऊपर बने आवास में रहते है। वह कई दिनों से गांव नहीं गये थे। सोमवार की शाम पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अन्दर कमरों के भी ताले टूटे व अलमारी में रखा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे 500 ग्राम चांदी, 400 ग्राम सोने के गहने एवं 20 लाख की नगदी गायब थी। लाखों का माल गायब देखकर होश उड़ गये। मौके पर पहंची पुलिस ने घटना की पड़ताल करते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया।

## कार की टक्कर से पति की मौत, मां और बेटी घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी थाना क्षेत्र के रिवई गांव के समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई और बाइक सवार दंपति के साथ उनकी तीन वर्षीय पुत्री घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी ले गई, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां पर पति की मौत हो गई, जबकि मां-बेटी का इलाज किया जा रहा है।

श्रीनगर कस्बे के रहने वाले रतिराम (30) अपनी पत्नी अश्वनी (24) और तीन वर्षीय पुत्री आर्वी के साथ मंगलवार को बाइक पर सवार होकर बिहूनी गांव जा रहे थे। जैसे ही बाइक चरखारी थाना क्षेत्र के रिवई गांव के समीप पहुंची, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही रतिराम का बाइक से संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे खाईं में जा गिरी, जिससे दंपति और बच्ची बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ग्रामीणों को पास आता देख कार को छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देने के साथ सभी घायलों को खाई से बाहर निकाला और पुलिस के आने पर सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पति रतिराम की मौत हो गई, जबकि मां-बेटी को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## संदिग्ध हालात में किशोरी व महिला की मौत, हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज



सुमन।



सुनीता।

**अमृत विचार।** किशोरी का शव संदिग्ध अवस्था में लोहे के पाइप से दुपट्टे के फंदे पर लटका मिला। मृतका की मां ने किशोरी की मारपीट कर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। दूसरी घटना में एक विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। इस घटना में दहेज की खातिर हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है।

पहली घटना ग्राम तेरारब्बू में हुई। यहां की निवासी सुमन (14) पुत्री अखिलेश सैनी का शव सोमवार की शाम घर के कमरे में लोहे के पाइप से दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने मामले की जांच पड़ताल की और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया। मृतका की मां पिकी देवी ने बताया कि उसका पड़ोस के युवक से हैंडपंप से पानी भरने को लेकर विवाद चल रहा है। इसी के चलते वह सोमवार को कोर्ट में गई थी। इसी बीच किसी ने उसकी पुत्री की मारपीट कर हत्या कर दी और शव को फंदे पर लटका दिया। मृतका चार भाई बहनों में सबसे बड़ी थी।दूसरी घटना में ग्राम लाडपुर निवासी सुनीता (20) पत्नी राघवेन्द्र का शव सोमवार की दोपहर लगभग 12 बजे घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। आनन फानन ससुराली उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। इससे ससुराली घर छोड़कर फरार हो गए। मायके पक्ष से मृतका की मां बांदा के गिरमा ग्राम जरर निवासी हीरामनी ने पति, जेठानी व जेठ पर दहेज की मांग को लेकर पुत्री के साथ मारपीट करने व हत्या कर देने का आरोप लगाया है। बताया कि अप्रैल 2024 को उसने पुत्री की शादी की थी। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# प्रदेश

## जहरीली बिरयानी खाने से पांच कुत्तों की गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तालकटोरा के राजाजीपुरम स्थित सपना कालोनी में जहरीली बिरयानी खाने से पांच कुत्तों की मौत हो गई। वहीं, पांच गंभीर रुप से बीमार हो गये। मंगलवार सुबह इस घटना खुलासा हुआ। बीमार कुत्तों को गोमतीनगर स्थित नगर निगम के पशु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, सपना कालोनी निवासी पशु प्रेमी गौरव जुनेजा की तहरीर पर तालकटोरा थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के मुताबिक सपना कॉलोनी में अज्ञात व्यक्ति ने बिरयानी में जहरीला पदार्थ मिलाकर कुत्तों को दिया है। यह किसने किया, इसके बारे में जानकारी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। मौके से बिरयानी और दस्ताना मिले हैं। नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। गौरव के मुताबिक मंगलवार सुबह लोग घरों से बाहर निकले तो मृत पड़े कुत्तों को देखकर नगर निगम को सूचना दी। पुलिस भी बुलाई गई। छानबीन के दौरान सड़क पर ही जगह जगह जहरीला पदार्थ रखा था। पुलिस ने पशु चिकित्साधिकारी को मामले की जानकारी दी। मौके पर पशु चिकित्साधिकारी की टीम पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए लेकर गए। अस्पताल में भर्ती पांचों कुत्तों की हालत नाजुक बताई जा रही है। इंस्पेक्टर कुलदीप के मुताबिक यह घटना साजिश के तहत की गई है या इसके पीछे कोई और रहस्य है। इसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

## चलन से बाहर हुए 39 करोड़ के स्टांप में लगाई आग

**बरेली।** 10 से 25 हजार के 39 करोड़ से अधिक के स्टांप को मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आग लगाकर नष्ट करा दिया गया।

एक अप्रैल से शासनादेश लागू होने के बाद कलेक्ट्रेट स्थित कोषगार में 10 हजार के 5 करोड़ 8 लाख के 5080 स्टांप, 15 हजार वाले 8 करोड़ 25 लाख 30 हजार रुपये के 5502, 20 हजार के 8 करोड़ 17 लाख 80 हजार रुपये के 4089 स्टांप और 25 हजार वाले 18 करोड़ 30 लाख रुपये के स्टांप रद्दी हो गए थे।चलन से बाहर हुए कुल 39 करोड़ 81 लाख रुपये के स्टांप कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में जमा थे। शासन से रद्दी हुए इन स्टांप को नष्ट करने के आदेश दिए गए थे। मंगलवार को सभी स्टांप को आग लगाकर नष्ट कर दिया गया।

## जीआरपी हेड कांस्टेबल की ट्रेन से कटकर हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जीआरपी के हेड कांस्टेबल की मंगलवार को भोर में बेगमपुरा एक्सप्रेस से ड्यूटी से लौटते समय ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना पर जीआरपी और सिविल पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है।

जीआरपी इंस्पेक्टर परवेज अली के अनुसार जीआरपी बरेली में तैनात हेड कांस्टेबल विनीत कुमार यादव (27) पुत्र विनीत कुमार यादव मूलतः फर्रुखाबाद जिले के थाना क्षेत्र कंपिल के गांव बलीपुर गढ़ी निवासी थे। वह सोमवार को स्क्वायड ड्यूटी पर मुरादाबाद गए थे और मंगलवार को भोर में करीब चार बजे बरेली लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि वह गेट पर खड़े थे। जंक्शन से कुछ दूर पहले सुभाषनगर थाना के सामने ट्रेन पहुंची थी कि इसी दौरान वह ट्रेन से नीचे गिर गए।जीआरपी इंस्पेक्टर ने बताया कि गंभीर हालत में विनीत को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना पर एसएसपी अनुराग आर्य, सीओ द्वितीय अजय कुमार, सीओ जीआरपी एके सिंह भी पहुंच गए। विनीत के पिता सुरेश चंद्र यादव दिल्ली में आईएचसी कालेज में लिपिक पद पर कार्यरत हैं। मौत की सूचना पर पत्नी नेहा, बेटी प्रियांशी और बेटा वंशी का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

### विहिप-बजरंग दल पर अभद्र टिप्पणी में नदीम कुरैशी के खिलाफ रिपोर्ट

**बरेली।** ऑल इन्डिया मजलिस इन्तेहादुल मुस्लमीन के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी ने सोमवार को विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। उनका ये बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हिंदू संगठनों में रोष उत्पन्न हो गया। कुछ लोगों ने एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की थी। इसके बाद प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा वीरेश भारद्वाज ने नदीम कुरैशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




**पहल** | राम वन गमन के विशेष आवरण से देश–विदेश में अयोध्या दर्शन करने को बढ़ावा मिलेगा

# राम वन गमन पर अयोध्या में विशेष डाक आवरण जारी

संवाददाता अयोध्या



विशेष डाक आवरण जारी करते प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव, सीनियर पोस्टमास्टर अनुज कुमार सिंह व प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बंसल आदि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव, अयोध्या प्रधान डाकघर के सीनियर पोस्टमास्टर अनुज कुमार सिंह व प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बंसल ने प्रधान डाकघर अयोध्या में मंगलवार को राम वन गमन पर विशेष डाक आवरण जारी किया।

प्रवर अधीक्षक ने कहा कि श्री राम को त्याग का प्रतीक माना जाता है। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहा गया है। राम वन गमन के विशेष आवरण से ज्ञान का प्रकाश संचार सम्भव है। प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के अध्यक्ष ने बताया कि राम वन गमन के विशेष आवरण से देश-विदेश के पर्यटक अयोध्या दर्शन करने को बढ़ावा मिलेगा। विशेष आवरण का मूल्य 25 रुपये रखा गया है। ये फिलेटलिक ब्यूरो के माध्यम से बिक्री किये जायेंगे।

इस मौके पर कई अधिकारी मौजूद रहे।

### माता कौशल्या की गोद में खेलते रामलला की दिव्य मूर्ति का होगा निर्माण

मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे ने बताया कि पहले दिन भगवान का अभिषेक चल रहा है। मूर्तियों को जल से स्नान कराया गया। वहां पर ब्राह्मण आचार्य बैठकर मंत्रों का पाठ किया। कहा कि हमने भगवान श्री राम दरबार तैयार किया है, जिसकी प्रतिष्ठा हो रही है। इस मूर्ति की प्रतिष्ठा के बाद मां कौशल्या की गोद में खेलते हुए रामलला की दिव्य प्रतिमा को तैयार करने जा रहे हैं। यह प्रतिमा भी लगभग 6 फीट ऊंची सिंहासन पर माता कौशल्या बैठी हुई दिखाई देंगी। जिसके लिए पत्थरों का चयन हो गया है और उसकी ड्राइंग भी तैयार कर ली गई है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, बुधवार, 4 जून 2025

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,737.51 | 24,542.50 |
| गिरावट | 636.24 | 174.10 |
| प्रतिशत में | 0.78 | 0.70 |

## एक नजर

### पीएनबी ने शिक्षा ऋण पर ब्याज दर 0.2% घटाई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने विद्या लक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 0.2 प्रतिशत की मंगलवार को कटौती की। बैंक ने बयान में कहा कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इसमें कहा गया, यह पहल उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है जो समूचे भारत में 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त करते हैं।

### भारत में कर व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाएं

**नई दिल्ली।** वैश्विक विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि भारत की कर प्रणाली को और भरोसेमंद बनाने की जरूरत है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइन कंपनियां अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि भारत के विमानन बाजार में वृद्धि दर चीन से अधिक होगी।

# जवाबी शुल्क पर दोहरी रणनीति अपनाएं

## नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में अमेरिकी शुल्क के संबंध में भारत को दी सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैरसंवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है।

आयोग ने 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए मूल्य



● अमेरिका से आयातित गैर संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर उच्च शुल्क कम करने का सुझाव

स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी, 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी निर्यात पर 'जवाबी शुल्क' की अचानक घोषणा और बाजार में पहुंच बढ़ाने से दुनियाभर में खासकर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों को झटका लगा। भारत जहां घरेलू आपूर्ति में अंतर है, उसमें रणनीतिक रूप से रियायतें दे सकता है। इनमें खाद्य तेल और बादाम, अखरोट आदि शामिल हैं।

भारत खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक है और अमेरिका के पास सोयाबीन का बहुत बड़ा निर्यात अधिशेष है, जो जीन संवर्धित है। ऐसे में भारत अमेरिका को सोयाबीन तेल के आयात में कुछ रियायत दे सकता है ताकि उस देश में मांग पूरी की जा सके और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके।

### अमेरिका से व्यापार समझौते पर सहमति की उम्मीद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार समझौते होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते के प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि जब दोनों ओर से सही लोग वार्ता के सामने आते है तो लगता है कि यह दोनों के लिए उचित होता है। उन्होंने कहा, आप निकट भविष्य में अमेरिका और भारत के बीच एक समझौते की उम्मीद कर सकते हैं। देशों के बीच समझौते के ऐसे प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है जो दोनों के लिए हितकारी है।

### पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर का पैकेज

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# मेकमाईट्रिप ने शुरू की सीट उपलब्धता पूर्वानुमान सेवा

नई दिल्ली, एजेंसी

यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता की जानकारी देने की सेवा शुरू की। इससे यात्रियों को किसी ट्रेन की टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी, यह जानकारी मिलेगी ताकि वे समय पर अपनी टिकट बुक करा लें।

गुरुग्राम स्थित कंपनी ने सोमवार को यह सेवा पेश की। बयान के अनुसार, भारत में आरक्षित रेल टिकट की बुकिंग प्रस्थान तिथि से 60 दिन पहले शुरू होती है। हालांकि, अधिकतर यात्री अपनी योजना को प्रस्थान तिथि के बहुत करीब आने पर ही अंतिम रूप देते हैं।

अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा, सप्ताह-दर-सप्ताह मांग में काफी बदलाव होने के कारण कन्फर्म बुकिंग की अवधि बदलती रहती है। अप्रैल में




● मिलेगी जानकारी कब तक उपलब्ध रहेगा टिकट, समय पर बुकिंग करा सकेंगे रेलयात्री

अधिकतर हाई-स्पीड ट्रेन की टिकट प्रस्थान तिथि से करीब 13 दिन पहले ही बिक जाती हैं। मई तक बढ़ती मांग के कारण, वे आमतौर पर प्रस्थान से 20 दिन पहले ही बुक हो जाती हैं।

बयान में कहा गया कि इससे यात्रियों को यह पता होता है कि उन्हें कौन सी ट्रेन की टिकट लेनी है लेकिन वे इस बात का अंदाजा नहीं लगा पाते कि आखिर ये टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी। इससे समय पर योजना बनाना कठिन हो जाता है। यह सेवा मेकमाईट्रिप ऐप और वेबसाइट दोनों पर उपलब्ध है।

# भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत

ओस्लो, एजेंसी

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में मंगलवार को यहां कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कंपनी कॉन्ग्सबर्ग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता किया जिससे भारत को अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत स्वदेश में बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस मौके पर सोनोवाल ने कहा, यह समझौता उम्मीद और प्रगति की एक किरण है, जो भारत की वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास



● नार्वे की कंपनी से हुआ समझौता स्वदेश में ही होगा निर्माण

के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सिर्फ एक पोत नहीं बना रहे, बल्कि नवाचार, खोज और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विरासत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह समझौता भारत की वैज्ञानिक खोज, ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान में क्षमता वृद्धि और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में योगदान का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि यह पोत अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से लैस होगा, जिससे शोधकर्ता समुद्र की गहराई, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन और ग्रह के अतीत, वर्तमान और भविष्य की जानकारी जुटा सकेंगे। यह भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रमाण होगा, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हुये कहा मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब यह ध्रुवीय अनुसंधान पोत रवाना होगा।

### भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात 10 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में बढ़कर 10 महीने के उच्चस्तर 19.6 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया है। वैश्विक बेंचमार्क कीमतों की तुलना में रूसी तेल पर लगातार मिलने वाली महत्वपूर्ण छूट इसकी मुख्य वजह रही। केप्लर के पोत परिवहन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। यह विदेशों से करीब 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है जिससे रिफाइनरियों में पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत का तेल आपूर्तिकर्ताओं में रूस की सबसे बड़ी 38 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। वहीं इराक से भारत को प्रतिदिन 12 लाख बैरल कच्चा तेल मिलता है। इराक देश के लिए दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। सऊदी अरब ने 6,15,000 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने 4,90,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की।

# तीसरे दिन भी सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही, जिससे सेंसेक्स 636 अंक और निफ्टी 174.10 अंक टूटकर नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली ने बाजार को काफी प्रभावित कर रखा है। घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन ऊर्जा, वित्त और आईटी के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 636.24 अंक गिराकर 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 798.66 अंक तक टूटा



● विदेशी निवेशकों की निकासी और चौतरफा बिकवाली ने किया प्रभावित

● अदाणी ग्रुप की 11 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में भी दर्ज की गई गिरावट

था। एनएसई का निफ्टी 174.10 अंक टूटकर 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। उन्होंने कहा कि बेहतर आय वृद्धि और मूल्यांकन में कमी से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई।



## एक नजर

### लापता जवानों की तलाश के लिए छातेन पहुंची टीम

**गंगटोक।** छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हुए छह सैनिकों की तलाश के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ के 23 कर्मियों का एक दल नार्थ सिक्किम के छातेन भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ का दल सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से लैस है। टीम को लेकर एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को पाकयोंग हवाई अड्डे से छातेन के लिए रवाना हुआ। छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और छह सैनिक लापता हो गए।

### कोरोना: पांच और की मौत सक्रिय मामले हुए 4026

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 2700 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

### कन्नड भाषा पर टिप्पणी के लिए हासन को फटकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके हालिया विवादास्पद बयान (कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है) को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। कोर्ट ने हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद् हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं। हासन की फिल्म ठग लाइफ के सहनिर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि हासन के माफी मांगने से मामला सुलझ जाएगा।

### क्षीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक क्षीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

# संसद का विशेष सत्र बुलाएं प्रधानमंत्री

## पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए विपक्ष के 16 दलों ने प्रधानमंत्री मोदी से किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 16 घटक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से जुड़े मुद्दों चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रमुख हैं।

मंगलवार को एक बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया



● सशस्त्र बलों को धन्यवाद अदा करने और आगे की रणनीति पर चर्चा करने की जताई मंशा

जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान, सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्षविराम की घोषणा की, तो हमने मांग की कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें तथा सरकार बिंदुवार अपनी बात रखे।

हुड्डा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम का एलान किए जाने तक पर विभिन्न विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए, इस पर और अपनी आगे की रणनीति पर भी संसद में हमें चर्चा करनी चाहिए। अब जब भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार से जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया।

### राहुल गांधी ने कहा- ट्रंप' के आगे नरेंदर सरेंडर

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के आगे सरेंडर करने का तीखा आरोप लगाया। राहुल यहां प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरूआत करने आए थे। उन्होंने कहा, बीजेपी आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरके भाग जाते हैं ये लोग। जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा मोदी जी, क्या कर रहे हो... 'नरेंद्र सरेंडर'। और जी हुजूर करके, नरेंद्र मोदी जी ने, ट्रंप के इशारे का पालन किया। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार ने कांग्रेस के दबाव में जातिगत आधार पर जनगणना का फैसला लिया है, लेकिन वे खानापूर्ति करना चाहते हैं।

### महबूबा ने कहा- पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री तथा पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा है और किसी भी राजनीतिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उन्हें अहम भूमिका निभानी होगी। महबूबा ज्येष्ठ अष्टमी के अवसर पर कश्मीरी पंडितों के समुदाय को बधाई देने गंदेरबल जिले के तुलमुला गई थीं। गंदेरबल में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पंडितों बिना अधूरा है। पीडीपी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे को बंदूकों से नहीं सुलझाया जा सकता। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है और आतंकवादियों की बंदूक भी इसका समाधान नहीं है। इसके लिए राजनीतिक प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीरी पंडित भाई-बहन कश्मीर में वापस नहीं लौटते, तब तक राजनीतिक प्रक्रिया संभव नहीं है।

# भगवंत मान के विवादित बयान पर भाजपा ने जताई आपत्ति

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घर-घर सिंदूर भेजने की भाजपा की कथित योजना को लेकर मंगलवार को विवादित टिप्पणी की। मान ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा की घर-घर सिंदूर बांटने की कथित योजना पर पूछे गए सवाल पर कहा, क्या यह वन नेशन, वन हसबैंड योजना है।

उन्होंने कहा, भाजपा ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट मांग रही है। इन लोगों ने 'सिंदूर' को मजाक में बदल दिया है। वे हर घर में सिंदूर भेज रहे हैं। क्या अब आप मोदी के नाम का 'सिंदूर' लगाएगे। पिछले

● पंजाब के सीएम ने कहा- क्या मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगी महिलाएं

दिनों मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के मद्देनजर भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवाएगी, हालांकि भाजपा ऐसा कोई कार्यक्रम चलाने का पहले ही खंडन कर चुकी है।

मान की टिप्पणी की भाजपा नेता एवं हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री पहले कॉमेडियन भी रहे हैं और राजनीति में भी ये कॉमेडी करना चाहते हैं।

### पंजाब: गुरुद्वारे में एसी कंप्रेसर फटने से महिला की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** रूपनगर में सतलुज नदी के किनारे एक गुरुद्वारे में मंगलवार को एसी का कंप्रेसर फटने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। यह घटना एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। विस्फोट के बाद गुरुद्वारे में मौजूद लोग भागने लगे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो एसी के पास बैठी थीं। कुछ लोग इसके बाद हुई भगदड़ में घायल हो गए। मृत महिला की पहचान रूपनगर के हरगोबिंद नगर निवासी कश्मीर कौर के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में रेफर कर दिया गया है।

# पॉक्सो मामले के आरोपी को सामुदायिक सेवा करने का दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले के एक आरोपी को सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने और युद्ध हताहत सेना कल्याण कोष में 50,000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा को पैसे की मांग पूरी न करने पर उसकी निजी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देने वाले आरोपी के आचरण को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार डिजिटल मंच के घोर दुरुपयोग और सहमति और निजी गरिमा के प्रति चिंताजनक अनादर को दर्शाता है। अदालत ने कहा कि आरोप निस्संदेह गंभीर हैं, जिसमें एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न और शोषण के आरोप शामिल हैं, जो सोशल मीडिया युग के नकारात्मक पहलुओं का प्रतीक है।

### भविष्य के जांबाज



राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत द्रास (लद्दाख) के आर्मी गुडविल स्कूल छात्रों का एक समूह मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला। राष्ट्रपति ने बातचीत के दौरान उनसे भविष्य के इरादों के बारे में पूछा। एजेंसी

# संसद के अगले सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लाया जाएगा महाभियोग प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से

● संसदीय कार्य मंत्री विभिन्न दलों के नेताओं से करेंगे बात

बात करेंगे ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की न्यायाधीश के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके। इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश वर्मा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। विवाद के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए गए न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।

### निर्वाचन आयोग देगा मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह अनुमानित मतदान प्रतिशत आंकड़ों पर समय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली शुरू कर रहा है, जिससे पूर्व की पारंपरिक पद्धतियों से लगने वाला समय-अंतराल काफी कम हो जाएगा। इस पहल के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में नए ईसीआईएनईटी एप्लीकेशन पर मतदाता उपस्थिति दर्ज करेंगे, ताकि अनुमानित मतदान रुझानों को अद्यतन करने में लगने वाला समय कम किया जा सके। निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर इसे स्वचालित रूप से एकत्रित किया जाएगा। आयोग ने कहा कि अनुमानित मतदान प्रतिशत डेटा पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होता रहेगा। विशेष रूप से, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतदान केंद्र छोड़ने से पहले, मतदाता मतदान डेटा अब पीठासीन अधिकारी द्वारा ईसीआईएनईटी में दर्ज किया जाएगा।

# जी-7 में प्रधानमंत्री का न जाना एक और कूटनीतिक विफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेना भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका को मध्यस्थता करने देने के बाद एक और कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों और जर्मनी के चांसलर का जी7 शिखर सम्मेलन 15 जून, 2025 से कनाडा के अल्बर्टा में हो रहा है। शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपति और

● कांग्रेस ने किया दावा, कहा- पिछले छह सालों में पहली बार हो रहा है ऐसा

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जी7 कई वर्षों तक जी8 था क्योंकि इसमें रूस भी शामिल था। डॉ. मनमोहन सिंह को जी8 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जाता था जहां उनकी आवाज सुनी जाती थी। उन्होंने कहा, भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही। लेकिन अब 6 साल में पहली बार 'विश्वगुरु' कनाडा सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। भले ही बातों को घुमाने का प्रयास किए जाए, तथ्य यह है कि यह एक और बड़ी कूटनीतिक विफलता है।




**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

# 18 साल बाद आरसीबी को मिला खिताब

## पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल के चैंपियन बने रॉयल चैलेंजर्स, मैदान पर ही भावुक हुए कोहली

**अहमदाबाद, एजेंसी**




शशांक सिंह की तीन चौके और छह छक्कों की मदद से खेली गई (नाबाद 61) रनों की साहसिक पारी बेकार रही, पंजाब को छह रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। पहली पारी में विराट कोहली (43), कप्तान रजत पाटीदार (26), जितेश शर्मा (24), मयंक अग्रवाल (24) और लियम लिविंगस्टन (25) रनों की पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने नौ विकेट पर 190 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके बाद क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार (2-2 विकेट) के नेतृत्व में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बेंगलुरु ने आईपीएल के फाइनल में पंजाब को रोमांचक मुकाबले में 6 रनों से हराया।

मैच में जीत तय होते ही विराट कोहली मैदान पर ही भावुक हो गए। 191 रनों की चुनौती को पार करने उतरी पंजाब के लिए प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। पांचवें ओवर में जॉश हेलवुड ने प्रियांश आर्य 19 गेंदों में (24) रन का बांउड्री पर फिल साल्ट ने मैच का कैच पकड़ कर बेंगुलरु को पहली सफलता दिलाई। नौवें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने प्रभसिमरन सिंह (26) को आउटकर पंजाब को दूसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान श्रेयस अय्यर (1) को रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर विकेटकीपर जितेश ने लपका। क्रुणाल ने 13वें ओवर में जॉश इंग्लिस को आउटकर पंजाब को बड़ा झटका दिया।

इंग्लिस ने 23 गेंदों में 39 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर भुवनेश्वर कुमार ने नेहाल बढेरा (15) और इसी ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (6) को आउट किया। 18वें ओवर में यश दयाल ने अजमतउल्लाह ओमरजई (1) को आउट कर बेंगलुरु को सातवीं सफलता दिलाई।

पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी और छह रन से खिताबी मुकाबला हार गई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल ने दो- दो विकेट लिए। जॉश इंग्लिस, यश दयाल और रोमारियो शेफर्ड ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (16) का विकेट गवां दिया।

### कोहली ने धवन का तोड़ा रिकॉर्ड

आईपीएल के इतिहास में विराट कोहली सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने पंजाब के खिलाफ फाइनल मैच में कुल तीन चौके लगाए। अब कोहली के नाम पर 771 चौके दर्ज हो गए हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के दम पर शिखर धवन को पछाड़ते हुए उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**190/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का अय्यर बो जैमीसन | 16 |
| विराट कोहली का और बो उमरजइ | 43 |
| मयंक अग्रवाल का अर्शदीप बो चहल | 24 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो जैमीसन | 26 |
| लियाम लिविंगस्टोन पगबाधा बो जैमीसन | 25 |
| जितेश शर्मा बो विशाख | 24 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप | 17 |
| कृणाल पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप | 4 |
| भुवनेश्वर कुमार का आर्य बो अर्शदीप | 1 |
| यश दयाल नाबाद | 1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### पंजाब किंग्स

**184/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का साल्ट बो हेजलवुड | 24 |
| प्रभसिमरन सिंह का कुमार बो पंड्या | 26 |
| जोश इंगलिस का लिविंगस्टोन बो पंड्या | 39 |
| श्रेयस अय्यर का शर्मा बो शेफर्ड | 1 |
| नेहाल वढेरा का पंड्या बो कुमार | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| मार्कस स्टोइनिस का दयाल बो कुमार | 6 |
| अजमतुल्लाह उमरजइ का भंडागे बो दयाल | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-38-2, दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, पंड्या 4-0-17-2, शर्मा 2-0-19-0, शेफर्ड 3-0-30-1

## खेल डायरी

### बेंगलुरु में 5 जुलाई से नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

**बेंगलुरु।** भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब 5 जुलाई को आयोजित होगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को होनी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।

### विलियमसन ने फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया

**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था ताकि वह टी-20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूजीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जिन 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की उसमें विलियमसन का नाम शामिल नहीं है। उनके अलावा डेवॉन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन भी इस सूची में नहीं है।

### इंग्लैंड-वेस्टइंडीज क्रिकेट मैच में ट्रैफिक जाम के कारण विलंब

**लंदन।** लंदन में ट्रैफिक जाम से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरूआत में विलंब हो गया चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिए समय पर पहुंच गए, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे। वेस्टइंडीज के कप्तान शाइ होप ने कहा कि हमें पैदल चलकर आना चाहिए था। ब्रिटेन की पीए समाचार एजेंसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का होटल ओवल से पांच किलोमीटर दूर था। टॉस 40 मिनट विलंब से हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

### ऑस्ट्रेलिया अगले साल कर सकता है पाकिस्तान का दौरा

**कराची।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने अगले साल सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने पर सहमति जताई है। ग्रीनबर्ग ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अधिक दौरों के लिए पाकिस्तान जाने का इच्छुक है तथा दोनों देशों के बोर्ड के बीच चर्चा चल रही है। जब भी विंडो उपलब्ध हो, हम पाकिस्तान के साथ लाल और सफेद गेंद की श्रृंखला का कार्यक्रम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा कि 2022 में और फिर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के अनुभव के आधार पर वे चाहते हैं कि ज्यादा दौरे आयोजित किए जाएं।

### विंबलडन में चोटिल होने से नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने से इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन के रूप में अपना अंतिम टूर्नामेंट खेला था, जहां उन्होंने लगभग ढाई साल में पहली बार कोई मैच जीता था। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मेरी रिकवरी में छोटी सी बाधा आई है और दुर्भाग्य से मैं इस साल नहीं खेल पाऊंगा।

# थाईलैंड के खिलाफ गत दो जीत से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा भारत

**पथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी**

भारत बुधवार को जब अंतर्राष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें गत दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है। जकार्ता में 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार इन दोनों टीम के बीच मुकाबला हुआ था। भारत ने उसमें 4-1 से जीत हासिल की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार भिड़ चुकी हैं। भारत ने 7 जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी 7 ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो दो मैच खेले गए थे उन दोनों में भारत ने जीत हासिल की थी। भारत बुधवार को होने वाले मैच में इन जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारत ने थाईलैंड के खिलाफ अबू धाबी में 2019 एएफसी एशियाई कप में 4-1 से जीत हासिल की थी। इसके बाद उसने थाईलैंड को उसकी धरती पर किंग्स कप में 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था।

# एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर गुकेश



**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

- **गुकेश की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दूसरे दौर में मिली हार का लिया बदला**

भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया, जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था।

इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं। महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।

# सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

**इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट**

- **लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से हुए बाहर**




**जकार्ता, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने महिला एकल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन को पुरुष एकल में चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हार मिली। भारत के इस खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। वहीं, सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

# भारत की वजह से क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में हुई वापसी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सुनक ने इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा**



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है।

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से। सुनक ने आईपीएल से आए बदलावों पर कहा, आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है। महिला क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा लड़कियां खेल रही हैं। उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर पर जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था।

# सालुंखे से तीसरे चरण में उम्मीदें बढ़ीं

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**

**तीरंदाजी विश्व कप**



पिछले महीने शंघाई विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को आकर्षित करने वाले पार्थ सालुंखे बुधवार को जब तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश फिर से चमकदार प्रदर्शन करने की होगी। महाराष्ट्र के सतारा के 21 वर्षीय तीरंदाज ने शंघाई में दो बड़े नामों को हराकर तीरंदाजी की दुनिया को चौंका दिया था।

उन्होंने शुरुआती दौर में शूट-ऑफ में तुर्की के तोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज और फिर क्वार्टर फाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम जे-देओक को बिना सेट गंवाए हराकर उलटफेर किया था। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सालुंखे ने अपने दूसरे ही विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया, जिसमें उन्होंने प्लेऑफ में पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता फ्रांस के बापटिस्टे एडिस को मात दी। उनके लिए सबसे अलग चीज सिर्फ उनकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि दक्षिण कोरियाई तीरंदाजों के खिलाफ उनका स्वभाव और परिपक्वता थी जिन्हें लंबे समय से इस खेल में भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। सेमीफाइनल में सर्वकालिक महान खिलाड़ी किम वूजिन के खिलाफ सालुंखे ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। लेकिन पांच सेटों के मुकाबले में निर्णायक सेट में उन्हें मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। सालुंखे ने कहा, मेरा ध्यान सिर्फ पदक पर नहीं था बल्कि इस बात पर अधिक था कि मैंने जिसके लिए अभ्यास किया था, क्या मैं वह कर सकता हूं।

# बुब्लिक के बेहतर प्रदर्शन से ड्रेपर हारे

**पेरिस, एजेंसी**



कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा।

मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी से मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा।

### सेमीफाइनल में स्वियातेक व सबालेंका होंगी आमने-सामने


इगा स्वियातेक


एरिना सबालेंका

**पेरिस।** चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो पर लगातार 26वीं जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका से होगा। स्वियातेक ने स्वितोलिना को हराया। रोलां गैरो पर सबसे ज्यादा 29 जीत का रिकॉर्ड क्रिस एवर्ट के नाम है। सबालेंका ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किंवेन को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा अध्यक्ष

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रूस ने की गुप्त मतदान की मांग, 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया
- 167 वोट मिले, आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने



संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा श्मिड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए श्मिड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है। सितंबर में 80वें सत्र की शुरुआत में बेयरबॉक कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग की जगह लेंगी। वह सितंबर के अंत में दुनियाभर के नेताओं की वार्षिक सभा और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता करेंगी। महासभा में अध्यक्ष पद के लिए प्रति वर्ष चुनाव होते हैं। अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने के बाद बेयरबॉक ने अपने भाषण में कहा कि उनके अध्यक्ष पद का विषय बेटर टुगेदर होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया इस चुनौतीपूर्ण समय में अनिश्चितता की राह पर है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि बेयरबॉक ऐसे समय में अध्यक्ष का पद संभालेंगी, जब विश्व न केवल संघर्षों, जलवायु आपदा, गरीबी और असमानता'' का, बल्कि विभाजन और अविश्वास का भी सामना कर रहा है।

# एआई से बना रहे डीपफेक

एआई से डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल झूठी जानकारी या प्रचार करके जनता को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। डीपफेक वीडियो में किसी विश्व नेता या सेलिब्रिटी को कुछ ऐसा कहते हुए दिखाया जा सकता है जो उन्होंने नहीं कहा है, जिसे फेक न्यूज़ भी कहा जाता है जो जनता की राय बदल देता है। साइबर अपराधी डीपफेक प्रौद्योगिकी का उपयोग घोटाले, झूठे दावे और झांसे बनाने के लिए कर सकते हैं जो संगठनों को कमजोर और अस्थिर करते हैं। उदाहरण के लिए, कोई हमलावर किसी वरिष्ठ अफसर का कोई झूठा वीडियो बना सकता है जिसमें वह वित्तीय अपराध जैसे आपराधिक कृत्य को स्वीकार कर रहा हो या संगठन की गतिविधि के बारे में झूठे दावे कर रहा हो। इसे गलत साबित करने में समय और पैसा खर्च करने के अलावा, इससे व्यवसाय के ब्रांड, सार्वजनिक प्रतिष्ठा और शेयर की कीमत पर बड़ा असर पड़ सकता है।

**96%**
खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी से

**24**
घंटे के भीतर शिकायत के बाद भारत में हटाना होगा वीडियो



### ज्यादातर सेलिब्रिटी बनते हैं निशाना

- डीपफेक से होने वाला एक बड़ा खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी है, जो इंटरनेट पर 96% तक डीपफेक के लिए जिम्मेदार है। इनमें से ज्यादातर सेलिब्रिटी को निशाना बनाया जाता है। डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल बदला लेने के लिए पोर्न बनाने के लिए भी किया जाता है। नवंबर 2024 में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हआ था। इसी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एक्ट्रेस आलिया भट्ट, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के डीपफेर फोटो, वीडियो जारी हो चुके हैं।

### सांसद ने दिखाई एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर

- न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने संसद में अपनी एक एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर दिखाई। उनका मकसद लोगों को ये बताना था कि ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाना कितना आसान है और ये कितना खतरनाक हो सकता हैं। 14 मई को लॉरा ने संसद में कहा कि उन्होंने एक गूगल सर्च के जरिए मिली वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में अपनी डीपफेक तस्वीर बना ली। उन्होंने डीपफेक और एआई को नियंत्रित करने के लिए कानून की मांग की है।

### भारत में डीपफेक को लेकर नियम

- डीपफेक कंटेंट मिलते ही कोई भी एफआईआर करा सकता है। विक्टिम व उसकी तरफ से नियुक्त व्यक्ति को भी केस दर्ज कराने के अधिकार होंगे। सोशल मीडिया यूजर्स से यह शपथ लेगा कि वह डीपफेक कंटेंट नहीं डालेगा। प्लेटफॉर्म यूजर्स को इस संबंध में अलर्ट मैसेज देंगे। सहमति के बाद ही यूजर अकाउंट एक्सेस कर सकेगा। डीपफेक कंटेंट को 24 घंटे में हटाना होगा। उसका अकाउंट बंद कर सूचना दूसरे प्लेटफॉर्म को देनी होगी, ताकि अकाउंट न बना सके।

## एक नजर

### पुलिस कार्रवाई से भारतवंशी व्यक्ति की हालत नाजुक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 42 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति को गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा उसके गले पर कथित तौर पर घुटना रखने के बाद गंभीर हालत में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। पुलिस अधिकारी को लगा कि व्यक्ति घरेलू हिंसा में शामिल है, जिसके बाद उसने यह कार्रवाई की। यह घटना पिछले सप्ताह एडिलेड के पूर्वी हिस्से में रॉयस्टन पार्क के पेनहैम रोड पर हुई थी।

### पोलैंड के पीएम बोले- 11 को विश्वास मत करेंगे साबित

**वारसॉ।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार संसद में 11 जून को विश्वास मत साबित करेगी। बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति चुनाव में उनके राजनीतिक सहयोगी और उदारवादी नेता के वारसॉ के मेयर करोल नवरोकी से हारने के बाद टस्क ने विश्वास मत का आह्वान किया। पोलैंड की राजनीतिक व्यवस्था में अधिकांश शक्ति संसद द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के पास होती है।

### तुर्किये के भूमध्यसागर तट पर 5.8 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** तुर्किये में भूमध्यसागर से सटे तटीय शहर मारमारिस में सोमवार देर रात 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण घबराकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर भागने की कोशिश करने लगे जिससे कम से कम सात लोग घायल हो गए। तुर्किये की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी डिजास्टर एंड एमरजेंसी मैनेजमेंट प्रेसीडेंसी' ने कहा कि भूकंप का केंद्र भूमध्य सागर में था और यह देर रात दो बजकर 17 मिनट पर आया।

### द. कोरिया राष्ट्रपति चुनाव में ली की जीत का अनुमान

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति चुनाव पर जारी एग्जिट पोल में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे-म्यांग की जीत का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया के तीन प्रमुख टीवी चैनलों केबीएस, एमबीसी और एसबीएस द्वारा किए गए एग्जिट पोल में ली को 51.7 फीसदी मत और कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार किम मून सू को 39.3 फीसदी वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया में मंगलवार को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान हुआ।

# असम में बाढ़ से 5.35 लाख प्रभावित प्रधानमंत्री ने मदद का दिया आश्वासन

## मोदी ने सीएम हिमंत से की बात, 20 जिलों में स्थिति गंभीर, भारी बारिश का पूर्वानुमान

गुवाहाटी, एजेंसी



असम में बाढ़ के कारण राजमार्गों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई।

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़ तथा भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। राज्य के 22 जिलों के 65 राजस्व मंडलों और 1,254 गांवों में 5.15 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें श्रीभूमि सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 1,94,172 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 165 राहत शिविरों में 31,212 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है, जबकि 157 अन्य राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। पिछले 24 घंटे में 12,610 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जबकि 94 जानवर बाढ़ के पानी में बह गए हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

### अरुणाचल: जान गंवाने वालों की संख्या 11 हुई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में दीवार गिरने की घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। इससे राज्य में लगातार जारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 पर पहुंच गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, एक जून को भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से 38 वर्षीय भावेन मुर्मू की मौत हो गई, जबकि इस घटना में जीआरईएफ के तीन कर्मचारी घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि 23 जिलों के 156 गांवों में बाढ़ से कुल 938 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मिजोरम : पांच की मौत और 152 घर क्षतिग्रस्त

**आइजोल।** मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण मकान और दीवारें ढहने से चंफाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के कई स्थानों पर भूस्खलन की 552 घटनाएं हुईं, जबकि इसी अवधि के दौरान बारिश के कारण 152 मकान ढह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

# भारत तभी पाकिस्तान से बात करेगा जब वह आतंक के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे

- सांसद थरूर ने कहा- सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत

ब्रासीलिया, एजेंसी



मिस्र में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में भारत का बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उससे बातचीत कर सकता है।

ब्राजील में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने कहा, हम अपने वार्ताकारों से यही कहते हैं कि अगर पाकिस्तान इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह वांछित आतंकवादियों को पनाह क्यों देता है, आखिर (आतंकवादी) वे (पाकिस्तान में) सुकून से रहने, प्रशिक्षण शिविर चलाने और लोगों को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों से लैस करने तथा लोगों को अपने हथियारों और कलाश्निकोव (राइफल) का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कैसे कर पाते हैं? पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। थरूर ने कहा, आप आतंकवाद के बुनियादी ढांचे पर नकेल कसें जो आपके देश में हर जगह दिखाई देता है।

### अरब लीग के महासचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**काहिरा।** सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए प्राथमिकता बताया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की। ये प्रतिनिधिमंडल के चार देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है। मिस्र में भारतीय दूतावास ने कहा कि बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अरब लीग के साथ भारत के व्यापक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जुड़ाव पर चर्चा की। इसमें कहा गया, आतंकवाद का मुकाबला करना अरब लीग और भारत दोनों के लिए प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के एकीकृत रुख और सामूहिक दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया।

# यूक्रेन में रॉकेट हमले में तीन की मौत रूस में कीव ने पुल किया क्षतिग्रस्त

- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की

कीव, एजेंसी



रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के शहर सुमी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह इस बात को रेखांकित करता है कि मॉस्को का तीन साल से जारी युद्ध को रोकने का कोई इरादा नहीं है।

इस बीच, यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने कहा कि उसने रूस के अंदर फिर से हमला किया है। इसके दो दिन पहले यूक्रेन ने ड्रोन के जरिये रूस के अंदर घुसकर उसके हवाई अड्डों पर भीषण हमला किया था जिसमें कई विमान नष्ट हो गए थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रत्यक्ष शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होने के एक दिन बाद उत्तर-पूर्वी शहर के केंद्र में स्थित इमारतों और एक अस्पताल पर रॉकेटों की बौछार कर दी गई।

जेलेंस्की ने कहा इस युद्ध को समाप्त करने से जुड़ी रूस की इच्छा के बारे में आपको बस इतना ही जानना चाहिए। यह स्पष्ट है कि वैश्विक दबाव के बिना, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के सभी सत्तारूढ़ लोगों की निर्णायक कार्रवाई के बिना, (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होंगे।

# भूकंप के बाद निकासी के दौरान पाकिस्तान की जेल से 200 कैदी भागे

**कराची।** पाकिस्तान में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान तथा एक जेल कर्मचारी घायल हो गया।

जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। कराची में पिछले 24 घंटे में कई बार भूकंप के झटके आए। जेल अधीक्षक अरशद शाह ने कहा कि भूकंप के दौरान 600 से अधिक कैदियों को उनके बैरक से बाहर निकाला गया था। शाह के हवाले से खबर में कहा गया है, अफरा-तफरी के बीच 216 कैदी भाग निकले।

# राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे 27 लोगों की इजराइली सेना ने की हत्या

यूनिस (गाजा पट्टी), एजेंसी

- फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने गोलीबारी का लगाया आरोप



गाजा में मौत पर विलाप करती महिला।

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि इजराइली सेना ने मंगलवार को एक राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे लोगों पर गोलीबारी करके कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी। यह तीन दिन में इस तरह की तीसरी घटना है। लेकिन इजराइली सेना ने कहा कि उसने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास गोलीबारी की जो निर्धारित मार्ग से हटकर सेना की ओर बढ़े थे और उन्होंने इस दौरान दी गई चेतावनी की अनदेखी की थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोलीबारी उसी जगह पर हुई जहां एक दिन पहले इजराइली सुरक्षा बलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये भीड़ दक्षिणी गाजा में उस सहायता केंद्र की ओर जा रही थी, जिसे इजराइल और अमेरिका समर्थित 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' संचालित कर रहा है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कई संदिग्धों की ओर चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाईं, जो सैनिकों की ओर बढ़ रहे थे और उनके लिए खतरा पैदा कर रहे थे। घटना स्थल सहायता वितरण केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है। घटना तब हुई तब यह केंद्र बंद था। सेना ने इस बात से इनकार किया कि वह लोगों को सहायता वितरण स्थल पर पहुंचने से रोक रही है।

### गाजा में इजराइल के तीन सैनिक मारे गए

**खान यूनिस।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में उसके तीन सैनिक मारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मार्च में हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त होने के बाद से इजराइली सेना पर यह सबसे घातक हमला है। सेना ने बताया कि तीनों सैनिक सोमवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए। हालांकि उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी। इजराइली मीडिया ने बताया कि वे जबालिया क्षेत्र में हुए विस्फोट में मारे गए।

# सिंगापुर में भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अवसरों पर भारत ने की चर्चा

**पेरिस।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ मंगलवार को बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने एवं भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र के व्यापक अवसरों पर चर्चा की। गोयल व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। मंत्री ने पिछले तीन दिन में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, मोटर वाहन आपूर्तिकर्ता कंपनी वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट तथा लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस के साथ मुलाकात की।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करते दो आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़/ जयपुर, एजेंसी

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप

पंजाब के तरनतारन जिले के एक व्यक्ति को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला के संपर्क में भी था। वहीं, राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पंजाब के डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर, गली नजर सिंह वाली के निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। उसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### सहायक प्रशासनिक अधिकारी भी करता था जासूसी

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शकूर पर भारत से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है।

# पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना की बर्थडे पर गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किशोरी की उसके घर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर इस इन्फ्लुएंसर के 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और पाकिस्तान में पिछले पांच माह के भीतर इस तरह का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि इस्लामाबाद में सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत सेक्टर जी-13/1 में सोमवार को सना यूसुफ (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी उमर हयात उर्फ काका को फैसलाबाद से गिरफ्तार कर लिया। खबर में बताया गया कि हयात भी 'टिकटॉक' का इस्तेमाल करता है और उसने हत्या की बात कबूल कर ली है।

**सम्मेलन** अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी ने यूएसआईएसपीएफ नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण को किया संबोधित

# भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत हैं : उषा वेंस

वाशिंगटन, एजेंसी



वाशिंगटन डीसी में यूएसआईएसपीएफ के आठवें संस्करण के दौरान उषा वेंस।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने भारत-अमेरिका संबंध को अपने लिए बेहद व्यक्तिगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है जो कई बार उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं।

वेंस ने यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में कहा, यह एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध है, क्योंकि मेरे परिवार के सदस्य भारत में रहते हैं और परिवार के कई सदस्य यहां अमेरिका में भी रहते हैं। मैं बचपन से भारत आती जाती रही हूं तथा वहां अपने परिवार के सदस्यों से मिलती रही हूं और वे मेरे पास आते रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमेशा से एक ऐसा संबंध रहा है जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना है। कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के प्रमुख सरकारी, व्यापारिक और समुदाय से जुड़े नेता उपस्थित थे। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष व जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ जॉन चैंबर्स द्वारा आयोजित अनौपचारिक बातचीत में दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में दृष्टिकोण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में वेंस ने कहा, मैं इसके बारे में व्यापक रूप से सोचती हूं।

### वेंस ने कहा- यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी

उषा वेंस ने कहा, लेकिन वर्तमान में मुझे लगता है कि अगले चार वर्षों में और भविष्य में कई बड़े अवसर प्राप्त होने वाले हैं। यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी है और भारत में इतने सारे लोग हैं जो देश को जानते हैं और यहां के लोगों को जानते हैं जो बेहतरीन काम कर रहे हैं, बड़े अवसर प्राप्त कर रहे हैं। वेंस ने कहा, मुझे याद है कि जब मैं, उपराष्ट्रपति जेडी और हमारे तीन बच्चे अप्रैल में भारत यात्रा पर गए थे, तब मैं यह देखकर हैरान रह गई थी जब कई लोगों ने मुझे बताया कि उन्हें हमारा देश कितना पसंद है, वे किस तरह अपने परिवार से मिलने आते हैं, वे किस तरह सिर्फ मौज-मस्ती के लिए आते हैं, वे भविष्य में हमारे साथ एक करीबी रिश्ता बनाने की उम्मीद कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इन व्यक्तिगत संबंधों का वास्तव में इससे कुछ लेना-देना है। नेतृत्व शिखर सम्मेलन में यूएसआईएसपीएफ ने आईबीएम के अध्यक्ष अरविंद कृष्णा, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और हिताची के कार्यकारी अध्यक्ष तोशियाकी हिगाशिहारा को अमेरिका-भारत-जापान आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2025 वैश्विक